* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

21 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 33

मुकेश अंबानी बने नाना, ईशा ने दिया जुड़वां बच्चे को जन्म



SURJABASHA







## धनबाद के बाघमारा इलाके में कोयला चोरों और सीआइएसएफ में मुठभेड़

# फायरिंग में चार लोगों की मौत, तनाव

■ पथराव के बाद जवाबी कार्रवाई की जवानों ने

■ पुलिस छावनी में तब्दील हुई बेनीडीह साइडिंग

■ सीआइएसएफ डीआइजी और एसडीएम पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास/बाघमारा।** बीसीसीएल ब्लॉक टू और बरोरा थाना क्षेत्र की बेनीडीह मेन साइडिंग में कोयला चोरों और सीआइएसएफ के बीच शनिवार देर रात मुठभेड़ हुई। इस दौरान जवानों द्वारा की गयी फायरिंग में चार लोगों की मौत हो गयी। वे सभी आसपास के इलाके के ग्रामीण थे और कोयला चोरी के धंधे में लिप्त थे। दो लोगों को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने दोनों को इलाज हेतु रांची रेफर कर दिया। कोयला चोरों द्वारा सीआइएसएफ जवान पर पथराव किया गया, जिसमें दो जवान घायल हो गये। वे अस्पताल में हैं। मृतकों की पहचान प्रीतम चौहान, शाहजादा अंसारी, अल्ताफ अंसारी और सूरज चौहान के रूप में की गयी है। घटना देर रात करीब 12 की है। मुठभेड़ के बाद साइडिंग में अफरा-तफरी मच गयी। कोयला चोर वहां से भाग निकले। घटनास्थल से सीआइएसएफ ने दर्जनों बाइक को जब्त किया है और मृतकों के शवों को धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया। वहां पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में भेज दिया।

घटना की सूचना पर रविवार की सुबह धनबाद एसडीएम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और सीआइएसएफ के वरीय अधिकारी बाघमारा थाना पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

### पथराव के बाद भड़का मामला

सूचना के अनुसार लगातार कोलडंप और साइडिंग में कोयला चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा था। बार-बार सीआइएसएफ पर हमला किया जा रहा था, जिसके कारण जवान भी अब पूरी तैयारी में थे। इसी क्रम में देर रात दर्जनों कोयला चोर प्रतिदिन की तरह केकेसी मेन साइडिंग में बाइक से पहुंचे थे। इसी दौरान सीआइएसएफ जवानों और कोयला चोरो में भिड़ंत हो गयी। ड्यूटी में तैनात सीआइएसएफ जवानों ने चोरों को चेतावनी दी, मगर कोयला चोरों ने पथराव शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में सीआइएसएफ ने फायरिंग की। घटना के बाद पूरे इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। थाना परिसर में भी अतिरिक्त बल की तैनाती की गयी है।

घटना के बाद सीआइएसएफ के उप महानिरीक्षक विनय काजला ने सीआइएसएफ यूनिट बीसीसीएल धनबाद की तरफ से गहरी संवेदना प्रकट की है। घटनाक्रम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मीडिया को बताया कि कोयला चोरों द्वारा जवानों पर हमले और हथियार छीना-झपटी के दौरान आत्मरक्षा में आकस्मिक गोली चली।

घटना की जांच के आदेश दिये गये हैं। कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए स्थानीय टीम के साथ सीआइएसएफ जवान मौके पर उपलब्ध हैं।








घटनास्थल पर तैनात पुलिस के जवान (ऊपर)। घटना के बारे में जानकारी देते सीआइएसएफ डीआइजी और रोते-बिलखते परिजन।

### राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश : बन्ना

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने घटना को लेकर पूछे जाने पर कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन और सीआइएसएफ मिल कर खनिज संपदा की लूट करवा रहे हैं। अपने कुकृत्यों को छिपाने के लिए सुनियोजित साजिश के तहत राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए इस तरह की घटना को अंजाम देते हुए गरीबों पर गोली चलायी गयी है।

## गुजरात में प्रधानमंत्री की रैली

# कांग्रेस किस आधार पर मांग रही है वोट : मोदी



आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस से सवाल किया कि किस आधार पर कांग्रेस गुजरात के लोगों से वोट मांग रही है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ मेधा पाटकर के चलने पर मोदी ने सवाल किया। मोदी ने कहा, जिस महिला ने नर्मदा डैम प्रोजेक्ट का 30 सालों तक विरोध किया, कांग्रेस के नेता उसके साथ यात्रा कर रहे हैं। दरअसल पिछले दिनों नर्मदा बचाओ आंदोलन कार्यकर्ता मेधा पाटकर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ चली थीं।

गुजरात के राजकोट में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बांध जैसी महत्वाकांक्षी योजना को पूरा करने में वक्त लगा, क्योंकि कुछ लोगों ने इसे रोकने की पूरी कोशिश की थी।

### लोगों की प्यास बुझाने के लिए नर्मदा प्रोजेक्ट एकमात्र रास्ता

प्रधानमंत्री ने कहा कि काठियावड़ और कच्छ के सूखे इलाकों के लोगों की प्यास बुझाने के लिए नर्मदा प्रोजेक्ट ही एकमात्र रास्ता था। लोगों ने जरूर देखा होगा कि कैसे एक महिला कांग्रेस के नेता के साथ पदयात्रा कर रही थी, जो एंटी-नर्मदा एक्टिविस्ट है। उसने और दूसरे लोगों ने नर्मदा प्रोजेक्ट को रोकने के लिए कई कानूनी अड़चने लगायीं।

### इस तरह बदनाम किया कि विश्व बैंक ने रोक दिया फंड

मोदी ने कहा कि इन एक्टिविस्ट ने पानी इस क्षेत्र तक ना पहुंच पाये, इसके लिए कई दिनों तक आंदोलन किया। उन्होंने मेधा पाटकर की ओर इशारा करते हुए कहा कि एक एक्टिविस्ट ने गुजरात को इस तरह बदनाम करने की कोशिश की कि विश्व बैंक ने भी नर्मदा प्रोजेक्ट के लिए फंड रोक दिया था।

प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा कि जब कांग्रेस का कोई नेता आप से वोट मांगने आये, तो उससे पूछना कि किस आधार पर उन्हें वोद दें। उनके नेता एक ऐसी महिला के साथ पदयात्रा कर रहे हैं, जिसने 30 सालों तक नर्मदा प्रोजेक्ट का विरोध किया था।

# धनबाद में एक हजार का कर्ज नहीं चुकाने पर विवाहिता से किया रेप

## आरोपी ने पीड़िता के पति को धमकाया : पुलिस में शिकायत की तो पेट्रोल छिड़क जला देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले के कुमाधुबी ओपी क्षेत्र में मानवता को कलंकित करने वाला एक मामला सामने आया है। महज एक हजार रुपये का कर्ज नहीं चुकाने पर वहशी युवक ने गरीब दो बच्चों की मां की इज्जत लूट ली। पड़ोस में रहने वाले मनबढ़ू युवक विक्की रविदास ने यह करतूत की। महिला घर पर अकेली थी। दोनों बच्चे स्कूल गये थे और पति काम से बाहर गया था। इसका फायदा उठाते हुए युवक ने घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया। महिला के शोर मचाने पर स्थानीय लोग जुटे, तब तक युवक फरार हो गया था। पति जब काम से लौटा, तो युवक के घर जाकर इसका विरोध किया, लेकिन युवक ने माफी मांगने की बजाय धमकी दी कि यदि पुलिस से शिकायत की, तो पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला देंगे। घटना 18 नवंबर की है और 20 नवंबर को प्रकाश में आयी।

इधर, ओपी प्रभारी ललन प्रसाद सिंह ने कहा कि महिला के पति की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी युवक को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।


**आंदोलन की चेतावनी पर रेस हुई पुलिस :** हद तो तब हो गयी, जब पुलिस से शिकायत की तो समझा-बुझाकर महिला को घर भेज दिया। रविवार की सुबह पीड़िता को लेकर उसका पति व मुहल्ले के कुछ लोगों के साथ ओपी पहुंचा और ओपी प्रभारी के समक्ष नाराजगी जतायी। उसने कहा कि यदि दोषी को जल्द नहीं गिरफ्तार किया गया, तो ओपी के मुख्य द्वार पर धरना पर बैठेंगे। इसके बाद पुलिस रेस हुई। महिला के पति की लिखित शिकायत पर एफआइआर दर्ज कर पुलिस ने आरोपी युवक के घर पर छापा मारा, लेकिन वह फरार था। पुलिस ने युवक के पिता को हिदायत दी कि बेटे को अविलंब सरेंडर कराओ, नहीं तो घर की कुर्की-जब्ती की जायेगी।

**यह है पूरा मामला :** पीड़ित महिला ने बताया कि उसके भाई ने पड़ोस के युवक विक्की रविदास से सात हजार रुपये कर्ज लिया था। इसमें से छह हजार वापस कर दिया था। बकाया एक हजार रुपये के लिए विक्की लगातार परेशान कर रहा था।

18 नवंबर की सुबह करीब नौ बजे विक्की उसके घर आया। वह आंगन में स्नान कर अपने कमरे में जा रही थी। तभी विक्की ने पीछे से उसे दबोच लिया और मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। मारपीट भी की और कपड़े फाड़ दिये।

### आरोपी का पिता बोला, बेटे को झूठा फंसाया गया

आरोपी के पिता, मां और पत्नी ने कहा कि विक्की को साजिश के तहत फंसाया गया है। दुष्कर्म का आरोप बेबुनियाद है। महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह किसी के बहकावे में आकर झूठा आरोप लगा रही है। पिता ने कहा कि विक्की कैटरिंग का काम करता है। इसी काम से वह बाहर गया है। लौटने के साथ ही उसे सरेंडर करवा देंगे।




# डर की वजह से गंभीर अपराधों में जमानत देने से हिचकते हैं जिला जज : सीजेआइ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ ने कहा है कि जिला जज जघन्य अपराध में जमानत देने से हिचकते हैं। यही वजह है कि हाइकोर्ट में जमानत याचिकाओं की बाढ़ आ रही है। यह बात उन्होंने रविवार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही। इस दौरान कानून मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद थे।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि ऐसा नहीं है कि जिला स्तर पर जज अपराध को नहीं समझते हैं। बल्कि उन्हें जमानत देने के बाद खुद को निशाना बनाये जाने का डर होता है। इस डर के बारे में कोई बात नहीं करता, जो हमें करनी चाहिए। इससे जिला अदालतों का पैनापन कम हो रहा है और हाइकोर्ट के कामकाज पर असर पड़ा है।

**जिला जज खुद पर भरोसा करें :** मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अगर जिला जजों को अपनी योग्यता और ऊपरी अदालतों पर भरोसा नहीं होगा, तो हम उनसे किसी अहम मामले में जमानत की उम्मीद कैसे कर सकते हैं। भारत में न्यायपालिका प्रणाली कैसे काम करती है, यह सभी को समझना होगा।



### सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के बराबर हैं जिला अदालत

चीफ जस्टिस ने कहा कि जिला न्यायपालिका में बहुत सुधार की गुंजाइश है। सबसे पहले हमें उसके लिए सम्मान की भावना लानी होगी। मैं हमेशा कहता हूं कि जिला न्यायपालिका छोटी नहीं है। यह राष्ट्रीय न्यायपालिका में वही महत्व रखती है, जो हाइकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का है। सुप्रीम कोर्ट बड़े फैसले कर सकता है, लेकिन डिस्ट्रिक्ट कोर्ट उन छोटे-छोटे मामलों को निपटाता है, जो आम नागरिकों को शांति, खुशी और विश्वास देते हैं।

### सत्ता में बैठे लोगों से सवाल करें, लेकिन उन पर भरोसा भी करें

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने कहा, जब हम सुप्रीम कोर्ट में एक फैसला लेते हैं तो हम चीजों को राष्ट्रीय दृष्टिकोण से देख रहे होते हैं। ये ध्यान रखें कि एक कानूनी या सामाजिक मुद्दे के हमेशा दो रंग होते हैं। सत्ता में बैठे लोगों से सवाल जरूर करें, लेकिन, कुछ उन पर भरोसा करना भी सीखें। हमें ये भरोसा करना चाहिए कि वो भी बेहतर के लिए ही काम करेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 49,600 रु./10 ग्राम
चांदी 64,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 21 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# गुजरात में इस बार दुविधा में मुसलमान वोटर

## पछली बार मुस्लिम प्रभाव वाली 10 में से आठ पर भाजपा जीती थी : भाजपा को इस बात की चिंता है कि अल्पसंख्यक बिगाड़ेंगे उसका गेम

आजाद सिपाही विशेष

**गुजरात में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुस्लिम मतदाताओं को लेकर सियासी अटकलें तेज हो गयी हैं। सवाल उठ रहे हैं कि गुजरात के मुस्लिम मतदाता पिछली बार की तरह इस बार भी भाजपा के साथ जायेंगे या फिर वे भगवा झंडे की पार्टी का गेम बिगाड़ेंगे। यह भी कहा जा रहा है कि आम आदमी पार्टी की गुजरात चुनाव में एंट्री के साथ ही मुस्लिम मतदाता इस बार अपना मूड बदल सकते हैं। वैसे गुजरात का राजनीतिक माहौल और अब तक कराये गये तमाम जनमत सर्वेक्षणों में यही कहा गया है कि राज्य में 27 साल से अपराजेय रही भाजपा एक बार फिर बहुमत हासिल करेगी। स्थानीय सर्वेक्षणों के अनुसार इस बार भाजपा को मुसलमान वोट का करीब 23 प्रतिशत हिस्सा मिलने की संभावना है। वहीं, कांग्रेस को करीब 45 प्रतिशत और आम आदमी पार्टी को करीब 30 प्रतिशत मुस्लिम वोट शेयर मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। गुजरात की 10 विधानसभा सीट ऐसी है, जहां मुस्लिम वोटर निर्णायक होते हैं। पिछली बार इनमें से आठ सीटें भाजपा के पाले में आयी थीं, क्योंकि मुस्लिमों ने थोक में उसे वोट दिया था। हालांकि यह भी सही है कि भाजपा ने किसी मुस्लिम को टिकट नहीं दिया है, जबकि उम्मीद की जा रही थी कि मुस्लिम वोटरों को आकर्षित करने के लिए पार्टी एकाध मुस्लिम प्रत्याशी जरूर उतारेगी। इसके इतर कांग्रेस के साथ-साथ आम आदमी पार्टी तक के प्रमुख नेता मुस्लिम हिमायती बनने की होड़ में जुटे हैं। इने आंकड़ों के बीच भाजपा मुसलमानों के बीच अपनी छवि सुधारने की कोशिश में जुट गयी है। लेकिन गुजरात के मुसलमान अब भी दुविधा में हैं। उनकी इसी दुविधा के संभावित असर का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

गुजरात विधानसभा चुनाव का मैदान सज-धज कर तैयार हो गया है। अब तमाम राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने की कवायद में जुट गये हैं। ऐसे में पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य में एक सवाल बड़ी तेजी से उभर रहा है कि इस बार राज्य के मुसलमान वोटर किसे समर्थन करेंगे। इसके साथ यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि क्या गुजरात में मुसलमान के बारे में बात करने का मतलब चुनाव हारना है।

बात दूसरे सवाल से शुरू करते हैं। छह साल पहले 2016 में अहमदाबाद के एक एनजीओ ह्यूमन डेवलपमेंट एंड रिसर्च सेंटर (एचडीआरसी) ने कुछ सफाईकर्मियों की भर्ती के लिए एक विज्ञापन निकाला था। इस विज्ञापन में लिखा था कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, बनिया, पटेल और जैन समुदाय से जुड़े लोगों को प्राथमिकता दी जायेगी। विज्ञापन के नीचे एनजीओ के निदेशक का हस्ताक्षर था। यह विज्ञापन वायरल हो गया था, क्योंकि इसमें ऊंची जातियों को प्राथमिकता देने की बात कही गयी थी। इसे लेकर काफी विवाद हुआ और एनजीओ के ऑफिस पर लोगों ने हमला बोल दिया था। उस समय निदेशक ने इस तरह के विज्ञापन के बारे में कहा था कि ऊंची जातियों में आरक्षण को लेकर विरोध है। ऐसे में वह यह देखना चाह रहे थे कि जो काम दलित सदियों से करते आये हैं, उस काम के लिए ऊंची जातियों को नियुक्त करने की बात की जाये, तो कैसी प्रतिक्रिया होगी। यह तो पता चला गया। कुछ लोगों ने एनजीओ के इस प्रयोग की तारीफ की थी, लेकिन अब 2022 में यही सवाल मुसलमानों के संदर्भ में पूछा जा रहा है। सभी राजनीतिक दल और उनके प्रबंधक इस बात को स्वीकार करते हैं कि गुजरात में मुसलमानों की बात करना सीधे-सीधे हिंदुओं को नाराज करने के बराबर है और यह विभाजन इतना गहरा हो गया है कि इसे पाटना अब असंभव नहीं, तो मुश्किल जरूर है। शायद यही कारण है कि कांग्रेस के साथ आप भी अब न बिलकिस बानो की बात कर रही है और न मुसलमानों की। ये दोनों पार्टियां अब गुजरात मॉडल और विकास, गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी जैसे आम मुद्दे ही उठा रहे हैं।



अब पहले सवाल पर लौटते हैं कि इस बार गुजरात में मुसलमान वोटर किसका साथ देंगे। भाजपा गुजरात में मुसलमानों को टिकट नहीं देती है, जबकि राज्य में करीब 10 फीसदी मुसलमान हैं। कांग्रेस ने पिछले विधानसभा चुनाव में केवल छह मुसलमानों के टिकट दिया था, जिनमें से तीन को जीत मिली थी। राज्य में 30 से अधिक विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम वोटरों की संख्या 15 फीसदी से ज्यादा है। इनमें से 20 में ये संख्या 20 फीसदी से भी ज्यादा है और 10 में तो मुस्लिम निर्णायक होते हैं। आबादी के लिहाज से देखा जाये, तो राज्य विधानसभा में करीब 18 मुस्लिम विधायक हो सकते हैं। हालांकि किसी भी विधानसभा में उनकी संख्या कभी सात से ज्यादा नहीं रही। कांग्रेस ने मौजूदा चुनाव में छह मुस्लिम प्रत्याशी उतारे हैं। आम आदमी पार्टी ने तीन मुस्लिम चेहरों को अपना उम्मीदवार बनाया है।

गुजरात में 30 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान करने वाली एआइएमआइएम ने 28 मुस्लिम प्रत्याशियों को टिकट दिया है। पिछले चुनावों में मुस्लिम वोटरों का झुकाव कांग्रेस की ओर ज्यादा रहा था, लेकिन इस बार स्थिति बदलती नजर आ रही है। इस बार आप के आने से लड़ाई रोचक हो गयी है। जिन सीटों पर एआइएमआइएम ने उम्मीदवार उतारे हैं, वहां मुकाबला और दिलचस्प हो सकता है। मुस्लिम वोटों में अगर बंटवारा होता है, तो इसका फायदा भाजपा को मिल सकता है। ऐसा ही कुछ पिछली बार हुआ था, जब भाजपा ने उन 10 में से आठ सीटों पर जीत हासिल की थी, जहां मुस्लिम मतदाता निर्णायक हैं।

2011 की जनगणना के मुताबिक गुजरात में कुल मुस्लिम आबादी करीब 10 फीसदी है। भुज और भरूच जिलों में मुस्लिमों की संख्या 20 फीसदी से ज्यादा है। वहीं, अहमदाबाद में वेजलपुर, दरियापुर, जमालपुर खाड़िया और दानीलिमड़ा जैसी सीटों पर मुस्लिम निर्णायक भूमिका में हैं। कुल 20 सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम मतदाताओं की आबादी 20 फीसदी से ज्यादा है। इनमें से चार अहमदाबाद, तीन-तीन सीटें भुज और भरूच जिले की हैं। जमालपुर खड़िया गुजरात की इकलौती सीट है, जहां मुस्लिम मतदाता 50 फीसदी से भी ज्यादा हैं। यहां कुल मतदाताओं में 61 फीसदी आबादी मुस्लिम मतदाताओं की है। इसके अलावा दाणिलिमड़ा में 48 फीसदी, दरियापुर में 46 फीसदी, वागरा में 44 फीसदी, भरूच में 38 फीसदी, वेजलपुर में 35 फीसदी, भुज में 35 फीसदी, जंबुसर में 31 फीसदी, बापूनगर में 28 फीसदी और लिंबायत में 26 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं। 2012 में भी इन 10 में से आठ सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी।

ऐसे में इस बार गुजरात के संभावित त्रिकोणीय मुकाबले में इन 10 सीटों पर पूरे देश की नजर टिकी हुई है, क्योंकि सर्वेक्षण बता रहे हैं कि जीत-हार का अंतर 10 से अधिक नहीं रहेगा। इसलिए गुजरात के मुस्लिम वोटर बेहद महत्वपूर्ण हो गये हैं।

---

### बाघमारा की बेनीडीह साइडिंग में फायरिंग मामला

# परिजनों ने उठाये सवाल, क्या गोली चलाना ही अंतिम विकल्प था

सत्येंद्र तिवारी

**कतरास (आजाद सिपाही)।** शनिवार की मध्य रात्रि में बीसीसीएल के ब्लॉक टू क्षेत्र के बेनीडीह साइडिंग में सीआइएसएफ और कोयला चोरों के बीच मुठभेड़ में चार लोगों की मौत के बाद माहौल तनावपूर्ण है।

रविवार को मृतकों के परिजनों ने कोयला उत्खनन करने वाली कंपनियों पर मनमानी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को कोल माइंस में नौकरी नहीं दी गयी। हमारी जमीनें ली गयीं। बाघमारा की अधिकांश आबादी बेरोजगार है। बेरोजगारी में लोग कोयला चोरी नहीं करेंगे तो क्या करेंगे। हमारे पास आखिर विकल्प क्या है। एक युवक ने कहा कि मैं मानता हूं कि चोरी अपराध है, लेकिन क्या फायरिंग ही विकल्प था। किसकी अनुमति से गोली चलायी गयी। यदि हमारे लोग दोषी थे, तो गिरफ्तार करते। वहीं एक मृतक की बहन ने कहा कि उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता था। पिटाई कर लेते, लेकिन गोली क्यों चलायी। महिला ने कहा कि हमें इंसाफ चाहिए। हमें जवाब चाहिए। परिजन मुआवजे की मांग भी कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ में मारे गये चारों युवक निम्न आय वर्ग के हैं। बताया जाता है कि बेरोजगारी के कारण वे कोयला चोरी का काम करते थे। घटना में घायल युवकों के परिवार की आर्थिक स्थिति भी काफी दयनीय है। मुठभेड़ में मारे गये शहजादा खान की डेढ़ साल की एक बेटी है। पति की मौत की खबर मिलने पर शहजादा की पत्नी रोजिया ने चीखते हुए बताया कि कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि यह अंजाम होगा।



गाड़ी में की गयी तोड़फोड़।



शहजाद। फाइल फोटो



प्रीतम चौहान। फाइल फोटो



अताउल्लाह। फाइल फोटो

### ग्रामीणों का आरोप

इस संबंध मे रथटांड के ग्रामीणों ने बताया कि उनके बच्चे कोयला लेने गये थे, लेकिन अबतक उनके बारे में कोई सूचना नहीं मिल रही है। बताया जा रहा है की कुछ शव एनएसएनएमएसीएच में हैं। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस प्रशासन और सीआइएसएफ ने जानबूझ कर हमारे बच्चों को मारा है। उनका कहना है कि बढ़ती बेरोजगारी के कारण बच्चे कोयला बेचकर परिवार का भरण पोषण करते हैं, जिन्हें एक साजिश के तहत मार दिया गया है। परिजनों ने संसद और विधायक के खिलाफ रोष व्यक्त किया है।

### प्रशासन के अधिकारी पहुंचे

मुठभेड़ के करीब 12 घंटे बाद आज रविवार को दिन 11:30 बजे उपायुक्त संदीप सिंह के निर्देश पर मामले की जांच को घटनास्थल पर एसडीओ प्रेम कुमार तिवारी, बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति और सीओ कमल किशोर सिंह पहुंचे। उन्होंने सीआइएसएफ जवानों और अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। एसडीओ ने कहा कि जानकारी जुटायी जा रही है। अभी चार लोगों की मौत और दो लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। जांच के बाद ही आगे अधिकृत रूप से कुछ कहा जा सकता है।

### सीआइएसएफ ने घटना को लेकर कहा

इधर, घटना को लेकर सीआइएसएफ की तरफ से आधिकारिक प्रेस रिलीज जारी की गयी है। इसमें बताया है कि 19 नवंबर को रात के 11:45 बजे जवान बेनिडीह रेलवे साइडिंग की तरफ जा रहे थे, तो पाया कि 4-5 बाइक के जरिये असामाजिक तत्वों द्वारा कोयला चोरी की जा रही है। जवानों ने चेतावनी दी तो वे लोग बाइक छोड़कर भाग निकले। जब जवान 20 नवंबर को 12:15 बजे वापस लौट रहे थे, तो पाया कि 40-50 बाइक पर 90-100 की संख्या में लोग घातक हथियारों से लैस होकर रास्ता रोककर खड़े थे। सीआइएसएफ का दावा है कि उन लोगों ने क्यूआरटी प्रभारी को वाहन से उतारा और कुछ दूर घसीट कर ले गये और हमला किया। एक ग्रुप ने दूसरे क्यूआरटी वाहन पर हमला किया। ऐसे में जवानों ने आत्मरक्षा में हवाई फायरिंग की। भीड़ में शामिल कुछ लोगों को गोली लग गयी। गोली लगने से घायल हुए पांच लोगों को फौरन पीएमसीएच ले जाया गया। वहां चार लोगों को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि एक को प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर किया गया। बाद में एक अन्य व्यक्ति को भी इलाज के लिए पीएमसीएच लाया गया, लेकिन हम उसकी पुष्टि नहीं करते।

### एसएसपी बोले, जांच के लिए एसआइटी का गठन

बेनीडीह साइडिंग में शनिवार की रात हुई मुठभेड़ मामले में एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि चार लोगों की मौत की बात कही जा रही है, वहीं दो लोग घायल हैं। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू करेगी। इसके लिए एसआइटी का गठन भी किया जायेगा।

### बाघमारा विधानसभा के विभिन्न इलाकों में इन तस्करों का सम्राज्य

1. कतरास थाना क्षेत्र के चैतूडीह : वशिष्ठ चौहान
2. कतरास थाना क्षेत्र के आकाशकिनारी की बंद परियोजना : लोयाबाद निवासी जितेंद्र कुमार
3. सोनारडीह ओपी क्षेत्र में रोहित कर्मकार
4 सोनारडीह ओपी क्षेत्र तिवारीडीह में मिथुन सिंह
सोनारडीह ओपी क्षेत्र के काको लाल चौक : अभय सिंह और चंदन दुबे
5. रामकनाली ओपी क्षेत्र में छोटू रवानी
6. तेतुलमारी थाना क्षेत्र में रतिलाल टुडू
7. तेतुलमारी थाना क्षेत्र में रिंकू महतो
8. बाघमारा थाना क्षेत्र में मुन्ना यादव और अरविंद सिंह व पिंटू महथा

### घटना स्थल पर पहुंचे सीआइएसएफ के डीआइजी

घटना स्थल पर पहुंचे सीआइएसएफ के डीआइजी विनय काजला ने स्पष्ट तौर पर कहा कि पूरे मामले की जांच होगी। साथ ही सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम कैसे हो, इस पर भी विचार किया जायेगा। श्री काजला ने घटना के बारे में बताया कि उनकी पेट्रोलिंग पार्टी रेलवे साइडिंग के तरफ जा रही थी। रास्ते में चार पांच मोटर साइकिल पर लोग चोरी का कोयला ले जाते दिखे, जिसे पेट्रोलिंग पार्टी ने ललकारा तो वे बाइक छोड़ भाग गये। उसके बाद पेट्रोलिंग पार्टी साइडिंग की तरफ चली गयी। वहां सब कुछ सामान्य था।

### घातक हथियार लिये हुए थे हमलावर

साइडिंग से लौटते वक्त सीआइएसएफ ने देखा कि 40-50 बाइक पर लगभग एक सौ आदमी घातक हथियार के साथ रास्ता अवरुद्ध कर खड़े हैं। हमलावरों ने पेट्रोलिंग पार्टी के प्रभारी को गाड़ी से खींचकर उतार लिया और घसीटते हुए ले गये। इधर कुछ हमलावर गाड़ी में तोड़फोड़ करने लगे। गाड़ी में फंसे जवानों को अपनी जान और हथियार की चिंता होने लगी। हमलावरों द्वारा छीना-झपटी किये जाने के क्रम में गोली चल गयी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गयी और दो जख्मी हो गये। गोली चलने की आवाज सुनकर साइडिंग पर तैनात जवान जब घटना स्थल की ओर दौड़े, तो हमलावर वहां से भाग खड़े हुए। श्री काजला ने कहा कि सीआइएसएफ के दो जवान जख्मी हुए हैं। वे अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच होगी।

### कोने कोने में कोयला तस्करों का बोलबाला

धनबाद जिले की निरसा, बाघमारा एवं बरवाअड्डा कोयला चोरी के अवैध कारोबार की बड़ी मंडी में शुमार है। कहा जाता है कि यहां से प्रतिदिन हजारों टन कोयले की चोरी होती है और इस धंधे में अलग-अलग क्षेत्र में कई सिंडिकेट काम करते हैं। कोयला के अवैध कारोबार से अकेले बीसीसीएल को ही प्रतिदिन लगभग 11 करोड़ का नुकसान हो रहा है। आरोप है कि कोयले का यह अवैध कारोबार पुलिस की मिलीभगत से हो रहा है। सिंडिकेट से जुड़े लोग पुलिस को प्रतिदिन एक निश्चित राशि पहुंचाते हैं। वहीं कथित तौर पर कुछ गिने-चुने पत्रकारों को भी मासिक चढ़ावा चढ़ाया जाता है, जबकि, कुछ स्थानीय पत्रकार भी लाभ से बंधे हुए हैं। पुलिस के वरीय अधिकारियों के संरक्षण में यह कारोबार किया जा रहा है, जिससे सरकार को भी राजस्व की हानि हो रही है।

---

# ओरारी डैम में डूबने से दो छात्रों की मौत



सुधीर सिन्हा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जिले के जमुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवसिंहडीह स्थित ओरारी डैम में जमुआ के दो छात्र नवनीत कुमार (उम्र लगभग 10 वर्ष ) पिता नकुल साव एवं जय कुमार (उम्र लगभग 11 वर्ष ) पिता सुभाष अग्रवाल का रविवार को निधन हो गया। परिजनों के अनुसार दोनों मृतक बच्चे संत जोसेफ विद्यालय के छात्र थे। नवनीत कुमार क्लास 6 छठा एवं जय कुमार सप्तम वर्ग का छात्र था। इस बाबत जय कुमार के दादा राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि रविवार दोपहर को मेरा पोता घर से यह कहकर निकला कि आधा घंटा में आ रहे हैं, इस बीच 12 बजे कोई यह कहते हुए आया कि आपका ऐभव उर्फ जय कुमार डैम में डूब गया है। जब हम शिवसिंहडीह स्थित ओरारी डैम आये तो देखा कि मेरा पोता का साइकिल एवं सर्ट-पेंट डैम के आस पास पड़ा हुआ था। इस बीच आस पास के सैकंड़ों ग्रामीण जुट गये और डैम में जाकर खोजबिन करने लगे। काफी जद्दोजहद के बाद, करीब 3 घंटे के बाद ग्रामीणों ने डैम से ऐभव उर्फ जय कुमार के शव को निकालने में सफल हुए।

इधर जमुआ थाना प्रभारी पप्पू कुमार ने बताया कि एक छात्र ऐभव उर्फ जय कुमार का शव एवं आधा घंटे के बाद नवनीत कुमार पिता नकुल साव का शव भी ग्रामीणों के अथक प्रयास से डैम से निकाल लिया गया है। ततपश्चात दोनों छात्रों को अस्प्ताल लाया गया। चिकित्सक ने जब दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया, तब शव जमुआ थाना लाया गया।



खोरीमहुआ अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह एवं खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश महतो भी जमुआ थाना पहुंचे। दोनों मृतक छात्रों के अभिभावक के आग्रह पर कागजी प्रकिरिया पूरी करने के बाद शव को अभिभावकों को सौंप दिया गया।

सूत्र बताते हैं दोनों मृतक के साथ दो और बच्चे साथ में थे। जब नवनीत कुमार एवं ऐभव उर्फ जय कुमार डैम की गहराई में जाने लगा तो एक दूसरे काफी बचने की प्रयास भी किया। मगर वह गहरा पानी में चला गया। बच्चे की हो हल्ला सुनकर आस पड़ोस में मवेशी चराने वाले दौड़कर डैम में कुछ पानी तक गये भी निकालने के लिए मगर वह असफल रहे। किसी तरह वह भी निकले और परिजनों एवं जमुआ चौक पर सूचना दिया।

इधर जमुआ विधायक केदार हाजरा, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि संजीत उर्फ लाटी यादव, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष परमेश्वर यादव, भाकपा माले मो असगर अली, उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी, बंटी यादव, अरुण वर्मा, झामुमो अध्यख निजामुदीन उर्फ चिना खान आदि ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है।7






| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 29.2 °c | 10.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.02 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.06 बजे | |



### पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता ने सीएम पर साधा निशाना

# भ्रष्टाचार में लिप्त हेमंत सरकार को उखाड़ फेकेंगे : बाबूलाल




पीसीसी पथ का शिलान्यास करते पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, आदित्य साहू और रामकुमार पाहन समेत अन्य।



भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते बाबूलाल मरांडी।

- भगवान बिरसा मुंडा अनगड़ा पार्क का उद्घाटन
- मिलन चौक पर तोरणद्वार का उद्घाटन
- हेसल चौक में तोरणद्वार का उद्घाटन
- खोपी सरना हाइस्कूल में कमरा का शिलान्यास
- गोंदलीपोखर में पीसीसी पथ का शिलान्यास
- चिलदाग में पीसीसी पथ का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने झारखंड की वर्तमान हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त हो गयी है। अब इसे उखाड़ फेकेंगे। राज्य की गठबंधन सरकार ने झारखंड की जनता को छलने का काम किया है। चारों तरफ लूट मची हुई है। इस सरकार के आने के बाद झारखंड में विकास कार्य ठप हो गया और भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुंच गया है। आये दिन इनकी भ्रष्टाचार की गाथा हमें सुनने को मिलती है। लेकिन अब इस सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है।

### भाजपा की सरकार बनी तो समस्याएं दूर होंगी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो समस्याओं को दूर करने का काम किया जायेगा, क्योंकि भाजपा जनता की चिंता करती है, ना कि अपने परिवार की। वर्तमान गठबंधन सरकार सिर्फ और सिर्फ अपने परिवार की चिंता करती है। उन्हें जनता की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है।



फुटबाल मैच का उद्घाटन करते बाबूलाल मरांडी साथ में रामकुमार पाहन, प्रदीप वर्मा और अन्य।

मरांडी ने कहा कि झारखंड बनने के बाद भाजपा की सरकार ने ही गांवों का विकास किया। पीएमजीएसवाइ से गांवों में रास्ते बनवाये गये। गांव-गांव में बिजली पहुंचायी गयी।

### सीएम बनने के बाद मैंने गांव को बिजली और सड़क देने का काम किया

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल ने कहा कि मैं भी एक शिक्षक था। इसलिए मैं शिक्षा के महत्व को समझ सकता हूं। शिक्षा से ही विकास का मार्ग प्रसस्त होता है। शिक्षा के लिए जरूरी है बिजली और सड़क। बिजली और सड़क, ये दोनों चीजें शिक्षा के लिए बेहद अहम हैं। इसलिए मुख्यमंत्री बनने के बाद मैंने गांवों में बिजली पुहंचाने के साथ-साथ सड़क को प्राथमिक्ता में रख कर काम किया।

#### कुछ दूर मैं साइकिल की सवारी करता था तो कुछ दूर साइकिल मेरी सवारी करती थी

बाबूलाल ने कहा कि जब मैं छोटा था तो पैदल ही स्कूल जाया करता था। मेरे कई साथी साइकिल से आया करते थे। मैंने अपने पिता से साइकिल मांगी तो उन्होंने धान बेचकर मेरे लिए साइकिल ले ली। अब साइकिल तो आ गयी, लेकिन समस्या थी कि यह चलेगी कहां, क्योंकि गांव में तो सड़क ही नहीं थी। इसलिए कुछ दूर मैं साइकिल पर सवार होता तो कुछ दूर साइकिल को अपने कंधे पर लादकर उसे अपनी सवारी करानी पड़ती थी। इसलिए जब मैं मुख्यमंत्री बना, तो मुझे ये सब बातें याद थीं और मैंने सड़क और बिजली को प्राथमिकता दी।

### बिजली सप्लाई सामान्य नहीं हुई, तो देंगे धरना : संजय सेठ

रांची से भाजपा सांसद संजय सेठ ने कहा कि बिजली सभी वर्गों की एक आवश्यक संसाधन है। भाजपा के शासनकाल में बिजली की समस्या नहीं थी। छात्र, किसान, व्यवसायी को बिजली के प्रति इतनी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता था। किंतु वर्तमान हेमंत सरकार बिजली कटौती करके अपनी नाकामी को स्पष्ट प्रदर्शित कर रही है। झारखंड सरकार हर मामले में विफल रही है। मुख्यमंत्री ने तीन वर्षों में एक हजार करोड़ रुपये चेहरा चमकाने के लिए फ्लैक्स पर खर्च दिया है, लेकिन राज्य के बच्चों को पढ़ने के लिए बिजली नहीं मिल रही है। 48 घंटे में बिजली आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो भाजपा धरना पर बैठेगी।

### अंतिम व्यक्ति की चिंता करती है बीजेपी :आदित्य साहू

राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि आजादी के बाद से कांग्रेस के शासनकाल में जितने भी राज्यसभा सांसद बने, किसी का भी क्षेत्र में विकास के प्रति समर्पण भाव नहीं था। लेकिन भाजपा के शासनकाल में राज्यसभा सांसदों के द्वारा विकास का कार्य तेजी से बढ़ा है और मैंने सबसे पहले विद्यालय में विकास के लिए विभिन्न मदों में करोड़ों की स्वीकृति प्रदान की है। मैं एक गांव के किसान परिवार में जन्मा हूं। इसलिए मेरी सबसे पहली प्राथमिकता गांव में सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा का स्तर को दुरुस्त करना है।

#### जब मेरे काफिले को रोककर ग्रामीणों ने बिजली की मांग की

बाबूलाल ने कहा कि जब वे मुख्यमंत्री बने, तो एक कार्यक्रम में शामिल होने वह महुआडांड़ जा रहे थे। महुआडांड़ जाने के क्रम में कुछ ग्रमीणों ने मेरे काफिले को रोक दिया। यह देख मैं गाड़ी से बाहर निकला और उनसे बात की। उन्होंने कहा कि गांव में बिजली नहीं है। आप हमारे गांव में बिजली दो। मैंने तुरंत इस पर निर्णय लेते हुए अधिकारियों से बात की और उस गांव में जल्द से जल्द बिजली पहुंचाने का निर्देश दिया। कुछ ही दिनों में उस गांव में बिजली पहुंच गयी। तब मैं फिर से उसी गांव में उद्घाटन के लिए जा रहा था, तब फिर से ग्रामीणों ने मुझे रोक दिया। मैंने उनसे कहा कि अब क्यों रोका, अब तो बिजली आ गयी है। तब उन ग्रामीणों ने कहा कि बिजली तो आ गयी, लेकिन उस बिजली से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। पहले उसका मुआवजा दिया जाये। यह सुनकर मुझे लगा कि शायद किसी अधिकारी की गलती से यह हादसा हुआ होगा। मैंने पता लगाया, तो पता चला कि वह व्यक्ति खंभे पर चढ़कर यह देखने की कोशिश कर रहा था कि बिजली होती कैसी है। इसलिए, मैं कहता हूं कि शिक्षा बहुत जरूरी है और शिक्षा से ही देश और राज्य का विकास हो सकता है।

इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जेटीयू के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता जाकिर खान, प्रभु दयाल बड़ाइक, डॉ रिझू नायक, रामनाथ महतो, विजय महतो, सिकंदर अंसारी, नरेश साहू, उमेश बड़ाइक, दुर्गा महतो, राजेंद्र महतो, सुनील महतो, प्रमोद सिंह, रामसाय मुंडा, कामेश्वर महतो, सत्यदेव मुंडा, अनुराधा मुंडा, माधुरी देवी, किरण देवी, घनेनाथ महतो, सुरेश महतो, जगेश्वर महतो, अगामलाल महतो, मनेश महतो, कविता देवी, रंथा महली, धनीराम महतो, बनमाली महतो, रेखा देवी आदि मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार के काले कारनामों का इतिहास रचने वाली सरकार का नाम है हेमंत सरकार : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य के संवैधानिक पद पर बैठे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संवैधानिक संस्थाओं का और न्यायालय का सम्मान करना चाहिए। जब इडी ने उन्हें पूछताछ के लिए समन जारी किया तो झामुमो और कांग्रेस वालों ने ऐसी राजनीतिक नौटंकी और बयानबाजी की, जैसे वे कोई भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करके आये हों, आजादी की लड़ाई लड़कर आये हों, या जैसे कोई जनता को राहत पहुंचाने वाला कार्य करके आय हों। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री को यह याद रखना चाहिए कि वे भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इसलिए इडी ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है। उन्होंने कहा कि जब इडी ने मुख्यमंत्री से पूछताछ की तो उन्हें कुछ याद नहीं आ रहा है। उन्हें ये भी याद नहीं है कि पंकज मिश्रा, अमित अग्रवाल, पूजा सिंघल, डाहु यादव कौन है। प्रकाश ने कहा कि जब से राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है, तब से लेकर आज तक राज्य में लगातार अवैध खनन, टेंडर मैनेज करना जैसे कार्य सरकार के संरक्षण में चल रहे हैं। आज राज्य के किसी भी सरकारी विभाग में हाथ डालने से काजल ही काजल मिलता है। प्रकाश ने कहा कि जिस प्रकार से राज्य की जनता का समर्थन और सहभागिता भाजपा के कार्यक्रम में



देखने को मिला, इससे यह साबित होता है कि राज्य की जनता भ्रस्ट हेमंत सरकार से आजिज आ चुकी है और निजात पाना चाहती है।

#### आज से 25 नवंबर तक सभी जिला मुख्यालयों में भाजपा का प्रदर्शन

भाजपा द्वारा सात नवंबर से लेकर 14 नवंबर तक राज्य के प्रखंडों व मंडलों में आयोजित हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ प्रदर्शन के बाद अब भाजपा 21 से 25 नवंबर तक सभी जिला मुख्यालयों में हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन करेगी। 21 नवंबर को रांची में प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश करेंगे, तो वहीं नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 22 नवंबर को चाईबासा में, 24 को गिरिडीह एवं 25 को दुमका जिला में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन में शामिल होंगे। वहीं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा 22 नवंबर को गुमला में, 23 नवंबर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास धनबाद में, 24 नवंबर को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी पलामू में प्रदर्शन में शामिल होंगी। वहीं 21 नवंबर को साहेबगंज में सुनील सोरेन एवं अमित मंडल, 22 नवंबर को सिमडेगा में कोचे मुंडा, सुबोध सिंह गुड्डू, कोडरमा में पीएन सिंह एवं प्रणव वर्मा, खूंटी में संजय सेठ और मुनेश्वर साहू, प. सिंहभूम में बाबूलाल मरांडी एवं किसलय तिवारी, सरायकेला-खरसावां में दिनेश उरांव एवं अमरदीप यादव, गुमला में अर्जुन मुंडा एवं प्रदीप वर्मा, 23 नवंबर को हजारीबाग में सीपी सिंह और पवन साहू, देवघर में सुनील कुमार सिंह, जामताड़ा में अनंत ओझा एवं अपर्णा सेन गुप्ता, बोकारो में रवींद्र कुमार राय एवं मनोज सिंह, गढ़वा में डॉ दिनेशानंद गोस्वामी एवं श्याम नारायण दुबे, लोहरदगा में समीर उरांव एवं अभयकांत प्रसाद, धनबाद में रघुवर दास एवं जेपी पटेल, रामगढ़ में विद्युतवरण महतो एवं नीलकंठ सिंह मुंडा, 24 नवंबर को पूर्वी सिंहभूम जिला में जयंत सिन्हा एवं नवीन जायसवाल, पलामू में अन्नपूर्णा देवी एवं शिवशंकर उरांव, लातेहार में सुदर्शन भगत एवं आदित्य साहू, गिरिडीह में बाबूलाल मरांडी ,चतरा में वीडी राम एवं बालमुकुंद सहाय, गोड्डा में बिरंची नारायण एवं मिस्त्री सोरेन, पाकुड़ में यदुनाथ पांडेय तथा अमर कुमार बाउरी तथा 25 नवंबर को दुमका जिला में बाबूलाल मरांडी एवं गंगोत्री कुजूर उपस्थित रहेंगे। प्रेसवार्ता में मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा। |
| वृष | प्रेम-प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। |
| मिथुन | व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ होगा। |
| कर्क | अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी। |
| सिंह | धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। |
| कन्या | संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा। |
| तुला | कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी। |
| वृश्चिक | जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी |
| धनु | सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। |
| मकर | कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे। |
| कुंभ | जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझनें दूर होंगी। |
| मीन | कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा। |

# 26 नवंबर को मुख्य न्यायाधीश आयेंगे रांची

**ज्यूडिशियल एकेडमी में आयोजित सेमिनार में होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाइ चंद्रचूड़ 26 नवंबर को रांची आयेंगे। वह 'कानून और प्रौद्योगिकी के माध्यम से समकालीन न्यायिक विकास और न्याय' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस सेमिनार में झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन और अन्य जज भी शामिल होंगे। रांची के धुर्वा स्थित ज्यूडिशियल एकेडमी में यह सेमिनार होगा। सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ पहली बार झारखंड आ रहे हैं। इसको लेकर तैयारियां तेज कर दी गयी हैं।

# राजकीय सम्मान के साथ हुई डॉ सबा अहमद की अंत्येष्टि

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** संयुक्त बिहार में लालू प्रसाद यादव की सरकार में कद्दावर मंत्री रहे डॉ सबा अहमद का पार्थिव शरीर रविवार को गिरिडीह के बोरो सिथत आवास पहुंचा। वहां उनका अंतिम दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग जुटे थे। सीएम के निर्देश पर उनके शव को राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्दे-ए-खाक किया गया। उनके आवास पर ही उन्हें अंतिम सलामी दी गयी। इस मौके पर सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक सरफराज अहमद, डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी अमित रेनू, एएसपी हरीश बिन जमा, डीएसपी संजय राणा, पूर्व मंत्री चंद्रमोहन प्रसाद, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, अधिवक्ता प्रकाश सहाय, कांग्रेस नेता सतीश केडिया, नरेश वर्मा समेत कई नेता और पचंबा के स्थानीय लोग मौजूद थे।

### झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है

# झारखंड में क्रिसमस से पहले नगर निकाय चुनाव, जल्द की जायेगी तारीखों की घोषणा

**राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तिथि निर्धारित कर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में क्रिसमस के पहले नगर निकायों का चुनाव संपन्न करा लिया जायेगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तिथि निर्धारित कर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है।

झारखंड में नौ नगर निगम, 20 नगर परिषद और 19 नगर पंचायत मिलाकर कुल 48 नगर निकायों का चुनाव कराना है। इनमें 13 नगर निकायों का चुनाव पहले से लंबित चला आ रहा है। शेष निकायों का कार्यकाल




अगले साल अप्रैल में खत्म हो रहा है। संवैधानिक प्रावधानों के तहत छह महीने पूर्व चुनाव कराया जा सकता है। इसलिए सरकार ने सभी निकायों का एक साथ चुनाव कराने का फैसला लिया है। राज्य निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव पर नगर विकास विभाग को तारीख पर अंतिम फैसला लेना है। चुनाव के कार्यक्रम पर राज्यपाल की औपचारिक सहमति लेनी होगी। राज्यपाल की सहमति के बाद नगर विकास विभाग इससे संबंधित अधिसूचना जारी करेगा फिर चुनाव आयोग चुनाव के कार्यक्रम की जानकारी देगा।

चुनाव आयोग चुनाव की तैयारी को लेकर लगातार जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा कर रहा है। जिलों में नगर निकायों की नयी मतदाता सूची, मतदान केंद्रों, वार्डों के आरक्षण का रोस्टर तैयार कर इसकी पूरी सूची राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा जा चुका है। मतगणना केंद्र के बारे में भी चुनाव आयोग ने जिला निर्वाचन पदाधकारियों से रिपोर्ट मांगी है। चुनाव आयोग निकायों में चुनाव की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। निकायों में मतदाता सूची व आरक्षण रोस्टर का प्रकाशन, वार्डों का परिसीमन, मतदान केंद्रों और स्ट्रांग रूम का गठन किया जा चुका है। चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक फोर्स का आकलन कर शांतिपूर्ण मतदान कराने की पूरी योजना पहले ही तैयार कर ली गयी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त लगातार जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं।

# बाबा मंदिर नहीं जा सके राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस के बाबा मंदिर आगमन को लेकर मंदिर में पूरी तैयारी की गयी थी, लेकिन अंतिम समय में उनका मंदिर का कार्यक्रम रद्द हो गया। हालांकि उनके परिवार के लोग मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। दरअसल, राज्यपाल के आगमन को देखते हुए उनके स्वागत के लिए मंदिर कार्यालय को फूलों से आकर्षक तरीके से सजाया गया था। इधर, कार्यक्रम को देखते हुए 11 बजे के करीब दो घंटे तक आम श्रद्धालुओं के बाबा मंदिर में प्रवेश पर रोक लगा दी गयी थी।

### बनाया गया था छोटा पंडाल

झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस के देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में आगमन पर हाथ-पैर



**प्रशासन ने की थी पूरी तैयारी, परिवार के लोगों ने की पूजा**

धोने के लिए छोटा पंडाल भी बनाया गया था। इसके साथ ही संकल्प पूजा के लिए फूल, बेलपत्र, नैवेद्य सहित पांच वैदिक पंडित भी तैयार थे। सुरक्षा के लिए मंदिर प्रभारी सह एसडीएम दीपांकर चौधरी सहित पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। इस क्रम में राज्यपाल का कार्यक्रम रद्द होने के बाद मंदिर को सूचना मिली कि उनके कुछ रिश्तेदार पूजा करने आयेंगे। इन्होंने बाबा मंदिर आकर पूजा अर्चना की। इन्हें पुरोहितों ने पूजा करायी।

### दो घंटे तक प्रवेश पर रोक

राज्यपाल रमेश बैस के रिश्तेदार करीब 12:50 बजे मंदिर पहुंचे। सभी को स्टेट पुरोहित श्रीनाथ पंडित की अगुवाई में पांच वैदिक पंडितों ने पूजा करायी। अंत में राज्यपाल के पुश्तैनी पुरोहित गोपाल शास्त्री ने विधिवत संकल्प कराया। उसके बाद सभी को बाबा बैद्यनाथ एवं माता पार्वती की पूजा करायी गयी। इधर, कार्यक्रम को देखते हुए 11 बजे के करीब दो घंटे तक आम श्रद्धालुओं के बाबा मंदिर में प्रवेश पर रोक लगा दी गयी थी।

## प्रभु दयाल कुशवाहा बने हजारीबाग जदयू जिला अध्यक्ष



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। डीवीसी गेस्ट हाउस में जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के अध्यक्ष का चुनाव हुआ। नामांकन 4 प्रत्याशियों के द्वारा किया गया। जिसमें दो प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया। दो प्रत्याशियों के बीच बीआरओ भीम मेहता और सर्वेक्षक श्रवण कुमार के देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें प्रभु दयाल कुशवाहा विजई घोषित हुए। चुनाव प्रक्रिया में सभी प्रखंडों से प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्य समिति सदस्य उपस्थित हुए। प्रमुख सदस्यों में राजकुमार खंडेलवाल, अर्जुन यादव, यासीन अंसारी, राकेश ठाकुर, चंद्र मोहन पटेल, सुरेश ठाकुर, रोमी सलूजा, गुलशन राज, रीना देवी, माया देवी, खुशबू कुमारी, सुजाता सिंह, लक्ष्मी कुमारी, दीपमाला आदि उपस्थित थे। प्रदेश के चुनाव प्रभारी एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## चेपकला में मुखिया अनिकेत नायक की अध्यक्षता में बैठक



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चेपाकला पंचायत अंतर्गत ग्राम चेपाकला मे पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक की अध्यक्षता मे एनटीपीसी के द्वारा होने वाले घर मापी एवं विस्थापन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे सर्व समिति से प्रस्ताव पारित किया गया की कंपनी पूरे गांव के साथ बातचीत करे ओर सही विस्थापन मुआवजा दे। साथ ही जिस दिन परिवार को विस्थापन करता है उस दिन 18 वर्ष या उस से अधिक उम्र हुए परिवार के सभी लोग को एकल परिवार मानते हुए मुआवजा राशि देना सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित वार्ड सदस्य सुनील कुमार एवं बिनोद कुमार साथ ही ग्रामीण में खेमानी साव, दिलेश्वर महतो, बिजू महतो, दिलीप नायक, निनकु भुइया, भोला महतो, सागर करमाली सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बिस्कुट लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, चालक गंभीर रूप से घायल



कोडरमा (आजाद सिपाही)। रविवार दोपहर कोडरमा थाना अंतर्गत कोडरमा घाटी मे बिस्कुट लदे ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान मोहम्मद अब्दुल उम्र 30 वर्ष पिता मोहम्मद मकबूल ग्राम गाजियाबाद यूपी, मोहम्मद सावेज उम्र 25 पिता मो जकीर ग्राम रामपुर यूपी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार 6 चक्का ट्रक में बंगाल से बिस्कुट लोड करके पटना की तरफ जाने के दौरान कोडरमा घाटी के पास अनियंत्रित होकर पलट जाने से दोनों चालक दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद और आसपास के ग्रामीणों के द्वारा काफी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज करके मोहम्मद सावेज को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## बरका खुर्द मैदान में मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बरका खुर्द मैदान में मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। टूर्नामेंट में डाडीघाघर पंचायत, बरका खुर्द पंचायत, बरकाकला पंचायत एवं दरिया पंचायत के बीच फुटबॉल टूर्नामेंट कराया गया। जिसमें मुख्य रूप से डाडीघाघर मुखिया नंदकिशोर कुमार, बरका खुर्द मुखिया सिता कुमारी, बरकाकला मुखिया सिकेंदर कुमार राम, बरका खुर्द पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार, दरिया पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि छत्रधारी मेहता, बरका कला पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि धिरु रजक, श्रीकांत मेहता, संतोष कुमार, बबीता देवी, रानी कुमारी, सोमर गंझू, गाजो भोक्ता, अरविंद कुमार मेहता, ओमप्रकाश मेहता आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने जंगल बचाने की ली सपथ



बरही (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत रानीचुआं के जीतपुर खेल मैदान में जंगल बचाव को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बालेश्वर सिंह ने किया। जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। उपस्थित ग्रामीणों की आपसी सहमति बनी कि जो भी ग्रामीण जंगल के पेड़ कटते पकड़े जायेंगे, उस पर कानूनी कार्रवाई कराई जायेगी। वहीं पेड़ बचाव, पर्यावरण बचाव पर ग्रामीणों ने एक मत होकर हस्ताक्षर बनाया और जंगल को कटने से बचने को लेकर सपथ लिया। बैठक में रामदेव यादव, संतोष यादव, रामकुमार यादव, रामजी यादव, बैजू सिंह, विजय यादव, लाखो सिंह, अजय सिंह, बद्री सिंह, बतोसिया देवी, शकुंतला देवी, सीता मसोमात, बुधनी मसोमत, गुंजरी देवी, बसंती देवी, मनोज यादव,आनंद यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### केरेडारी की पेटो पंचायत में ग्रामीणों की आमसभा

# कोयले की ट्रांसपोर्टिंग के लिए अलग सड़क बनाये कंपनी : ग्रामीण



**मौके पर ये रहे उपस्थित**

मौके पर मुखिया पति गुरुदयाल साव, पंसस अरविन्द साव, उपमुखिया लक्ष्मण साव, पूर्व मुखिया रेशमा परवीन, बसंत कुमार साव, जितेंद्र साव,प्रीतम साहू, शकुंती देवी, युसूफ अंसारी, महेश साव, रामचन्द्र साव, अमित प्रसाद गुप्ता, अयूब अंसारी,उपेन्द्र राम, चरित्र राम, मो इस्त्रायल,मो रफीक, मो जावेद, कुलदीप साव, बिनोद कुमार, मो शौकत, मो मुमताज, मो राहत अंसारी, टिकेश्वर साव, गुरदयाल यादव, प्रवीण यादव, राजू साव,गोविन्द साव, दमरी यादव, कंचन यादव, सुरेश साव, दीपक कुमार, देवेंद्र कुमार, प्रीतम मिश्रा, बालदेव प्रसाद और भुवनेश्वर साव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** प्रखण्ड के पेटो पंचायत के भदईखाप गांव स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में पंचायत के ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण आमसभा रविवार को आयोजित की गई। इस आमसभा की अध्यक्षता गुरुदयाल साव एवं संचालन अरविंद साव ने किया। इस आमसभा में ग्रामीणों ने कोल कम्पनी के द्वारा चट्टी बरियातू कोल माइंस से जोरदाग एवं लबनिया मोड़ होते हुए टंडवा पॉवर प्लांट तक भारी वाहनों से कोयले की ढुलाई का जमकर विरोध कियो सभी ग्रामीणों का एक स्वर में कहना है की हमलोग किसी भी सूरत में भारी वाहनों से जोरदाग रोड से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग नहीं होने देंगे। क्योंकि सबसे पहले तो ये पब्लिक सड़क है। इस सड़क पर हजारों हजार भारी वाहनों के परिचालन से उससे उड़ने वाले धुल से क्षेत्र भारी मात्रा में में प्रदूषण फैल जायेगा जिस से लोग बीमार होंगे साथ ही हमारी आस पास की हमारी उपजाऊ जमीन भी प्रदूषित होगी। चूंकि हम सब अपनी उपजाऊ जमीन से ही अपना गुजर बसर करते हैं ट्रांसपोर्टिंग होने से ग्रामीणों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न होगी साथ ही पब्लिक सड़क से ट्रांसपोर्टिंग होने से सड़क दुर्घटना में भी वृद्धि होगी। इसलिए अगर कंपनी को कोयले की ढुलाई करनी है तो इसके लिए कम्पनी अपना अलग सड़क बनाये और ट्रांसपोर्टिंग करें। इस आमसभा में सबों ने एक एक कर के अपनी बातों को विस्तार पूर्वक रखा व आपसी एकजुटता का परिचय भी दिया है।

# झामुमो का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**चरही।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का चुरचु प्रखंड समिति का सम्मेलन चरही सीसीएल ऑफिसर क्लब चरही में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला सचिव निलकंठ महतो मंच संचालन पुर्व मुखिया दशरथ महतो ने किया इस सम्मेलन का मुख्य अतिथि झारखंड सरकार केबेन्ट मंत्री फागु बेसरा विशिष्ट अतिथि राजकुमार महतो उपस्थित हुए। सभा को संबोधित करते मुख्य अतिथि फागु बेसरा ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार को राष्ट्रीय पार्टी बीजेपी सरकार द्वारा हानि पहुंचाने का कार्य कर रहा है इसलिए हम सभी को एकजुटता और झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी को मजबूत करनी होगी ताकि हम अगले चुनाव 2024 में बीजेपी और आजसू पार्टी को मुंहतोड़ जवाब दे सके आप सभी कार्यकारिणी सदस्यों से यही आग्रह है कि आप सभी प्रखंड में प्रखंड कमेटी को मजबूत करें और 2024 में होने वाले चुनाव में आशा और बीजेपी को यहां से जड़ से उखाड़कर फेंकने का काम करें 2019 में तो हम लोगों ने 5000 वोटों से हारा था, लेकिन इस बार प्रयास करना है कि हर हाल में हमारा मांडू विधानसभा का जो सीट है। वाह अपने ही हाथ में रखें साथ में झारखंड मुक्ति मोर्चा चुरचु प्रखंड अध्यक्ष का भी चुनाव किया गया। जिसमें दीप नारायण महतो को प्रखंड अध्यक्ष के रूप में मनोनीत गया गया प्रखंड अध्यक्ष को फूल माला एवं बुके देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव एवं सामान्य मंत्री फागू बेसरा जिला केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो सचिव नीलकंठ महतो, पूर्व मुखिया दशरथ महतो, बीस सूत्री अध्यम-बाल कुमार महतो, लखन लाल महतो, डाड युवा मोचा केंद्रीय अध्यक्षः दीपक कुमार गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष नइम राय, केंद्रीय सदस्य राम किशोर मुर्मू, विष्णुगढ़ प्रखंड अध्या- कपिल देव चौधरी, राजु राणा इकबाल खान, चरही पंचायत सचिव गुड्डू महतो अनुराग श्रीवास्तव, रोहित राम रितलाल हांसदा लखीराम मांझी प्रभु मुर्मू जासो देवी, चमेली कुमारी, बिन्देश्वर महतो ,दिलेश्वर महतो, आनंद मरांडी, राजेंद्र महती, अनुराग मुर्मू, सुखदेव महतो, युगल महतो, गुरुदयोष हंसल, मोहन हंसदा, संगीता कुमारी, आरती कुमारी, बॉबी करीम सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### भाजपा के विरोध के बीच जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# ढिबरा लदे आठ वाहन जब्त, चालक फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा और गिरिडीह जिले में माईका स्क्रैप यानि ढिबरा के कारोबार पर रोक का जहां भाजपा ने विरोध किया है, वहीं जिला और पुलिस प्रशासन के साथ ही वन विभाग की कार्यवाही लगातार जारी है। बीती रात बड़ी कार्यवायी करते हुए अवैध रूप से ढिबरा ले जाते हुए आठ बड़े वाहनों को जब्त किया गया जिसपर 10 लाख से अधिक का ढिबरा लदा था। जानकारी के अनुसार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आलोक में उक्त कार्यवायी की गयी। कोडरमा थाना अंतर्गत लोकाई के समीप थाना प्रभारी इंदु भूषण के नेतृत्व में लोकाई के समीप ढिबरा लदे आठ 709 वाहन जप्त किया गया। ढिबरा लदे डोमचांच की तरफ से तिलैया की तरफ ले जाये जा रहे थे। लोकाई के समीप पुलिस की गाड़ी देख कर अंधेरे का लाभ उठाकर आठ गाड़ी चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहे। जब्त सभी वाहनों को कोडरमा पीसीआर परिसर में रखा गया है। गाड़ी में लदे ढिबरा का वजन लगभग 50 टन है, वहीं इसकी कीमत लगभग दस लाख बतायी जा रही है। उक्त माईका स्क्रैप यानि ढिबरा कोडरमा और झुमरीतिलैया के व्यवसायी की बतायी जा रही है। इस अभियान में कोडरमा थाना प्रभारी के अलावा पुलिस के जवान भी मौजूद थे। यहां उल्लेखनीय हो कि ढिबरा के नाम पर कोडरमा और गिरिडीह जिले के जंगली इलाकों से माईका का अवैध उत्खनन भी लगातार जारी है। वहीं हाल में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने ढिबरा के धर पकड़ का विरोध करते हुए वन विभाग के खिलाफ आंदोलन करने की भी बात कही है।

## बरही पुलिस ने फरार अभियुक्त को पकड़कर भेजा जेल

**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही पुलिस ने रविवार को बिहार के गया थाना क्षेत्र डोभी साकिन कोनिया धर्मपुर के प्रसादी चौधरी के 37 वर्षीय पुत्र मुंद्रिका चौधरी उर्फ टिटहरी को डोभी से छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वे लूट कांड मामले में बरही थाना कांड संख्या 224/15 के अप्राथमिकी अभियुक्त थे। इस छापामारी दल में बरही थाना के पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार एवं शस्त्र बल शामिल थे।

### गौरियाकरमा में कांग्रेस की पंचायत स्तरीय बैठक संपन्न

# मनोज कुमार बने अध्यक्ष और मो क्यूम अंसारी बने सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मौके पर ये रहे मौजूद**

मौके पर मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, मनोज कुमार, महेश यादव, मो मनौवर, मो सेराज, मो शमीम, मो क्यूम अंसारी, मो हकीम अंसारी, राजेश कुमार वर्मा, बिनोद कुमार, रवि कुमार, सकलदेव पांडेय, कैलाश यादव, सुरेश प्रसाद कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, शैलेष यादव, विक्रम यादव, राजकुमार यादव, पम्मी देवी, मनी राज, मो कलाम, मो एजाज, मो रिजवान, मो साजिद, हरि प्रसाद यादव, मो मजीद अंसारी, सुरेश यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

**बरही।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत रविवार को बरही प्रखण्ड के गौरियाकरमा पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से मनोज कुमार को पंचायत का अध्यक्ष एवं मो क्यूम अंसारी को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि 4 दिसंबर को पूरे पंचायत में भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जहां कांग्रेस पार्टी के विचारों को जनजन तक पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी की सोच और विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले देश को धर्म के नाम पर बांटा और अब जात-पात के नाम पर बांट रही है, जबकि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकालकर लोगों को जोड़ने का काम कर रहे हैं, कोई विपक्षी नेता ऐसा नहीं जो पांच महीने सड़कों पर कन्याकुमारी से लेकर जम्मू कश्मीर तक पैदल यात्रा कर सके, यह केवल राहुल गांधी ही कर सकते हैं।

## जिला कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आज

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के मद्देनजर जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में आज 11 बजे दिन एक महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई है। जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने इस संबंध में बताया कि 26 नवंबर को चौपारण प्रखंड के केंदुआ मोड़ से महराजगंज बाजार तक 10 किलोमीटर तय करने वाली प्रदेश स्तरीय भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये विचार विमर्श किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह करेंगे। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के जिला संयोजक मानस सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## नगवां हवाई अड्डा में नारायण स्वीट्स एंड बेकरी का हुआ उद्घाटन



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। नगवां हवाई अड्डा स्थित टोल प्लाजा के बगल में नारायण स्वीट्स एंड बेकरी का उद्घाटन रविवार को हुआ। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, जिला परिषद चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता और कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इससे पूर्व होटल संचालक रंदीप कुमार मेहता और समाजसेवी ओमश्री मेहता ने सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा की एनएच 33 व्यस्तम मार्ग है। इस मार्ग पर होटल खुलने से लोगों को मिठाई और स्नैक्स खरीदने में सुगमता होगी। जिप चेयरमैन उमेश मेहता ने कहा की आज युवा वर्ग व्यवसाय की ओर बढ़ रहे जो सुखद है। हवाई अड्डा में स्वीट्स एंड स्नैक होटल की जरूरत थी जो पूरा हो गया। कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने कहा की होटल संचालक युवा हैं उनको मेरी शुभकामना है की आप मेहनत कर व्यवसाय को आगे बढ़ायें। संचालक रणदीप कुमार मेहता ने कहा की ग्राहकों को कम कीमत पर अच्छा सामान मिले यही मेरी प्राथमिकता है। मौके पर पूर्व जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, बोंगा मुखिया उमेश मेहता, समाजसेवी ओम श्री मेहता, संवेदक संघ के जिला अध्यक्ष दीपक मेहता, जय नारायण मेहता, दशरथ मेहता, शिव शक्ति मेहता, संदीप मेहता, अरुण मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## विहिप ने चलाया सदस्यता अभियान



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के खैरा पंचायत में विहिप द्वारा चलाया गया सदस्यता अभियान के तहत राष्ट्रहित के कार्यो में उत्सुकता पूर्वक हिस्सा ले रहे हैं। रवि कुमार कुमार ने कहा कि विहिप तथा बजरंग दल के सदस्य निरंतर देश व धर्म हित में कार्य करते हैं। प्रखंड संयोजक हिंदुओं के घर घर जाकर हितचिंतक अभियान में जुड़ने की अपील कर रहे हैं। टाटीझरिया में हितचिंतक में लोगो द्वारा जबरदस्त समर्थन मिला। आम से लेकर खास तक विहिप के हितचिंतक बन रहे हैं।

## टीबी को लेकर लोगों को किया जागरूक

**बिष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बिष्णुगढ़ प्रखंड के गोविन्दपुर पंचायत के तोरोबार में टीवी के लक्षण एवं उपचार के लिए सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे लोगों को जागरूक किया गया साथ ही ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के सचिव दीपक तिवारी, नन्दन ठाकुर कौशल्या देवी, बिष्णुगढ़ के उपप्रमुख सरयु साव, मुखिया प्रतिनिधि – राहुल कुमार महतो, पंसस प्रतिनिधि महेश महतो,सहिया सपना देवी, प्रदीप कुमार, माही सोनू, बिनोद, कैमरा मैन शंकर और हारेंद्र, रवि, संतोष, सोनू,सुनिल, शिव, सुरज कुमार तथा भारी संख्या में स्कूली बच्चे ओर ग्रामीण उपस्थित रहे।

## छेड़छाड़ और मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम बरवाडीह निवासी 23 वर्षीय संगीता देवी पति सन्नी साव ने मरकच्चो थाना में शनिवार को लिखित आवेदन देकर अपने ही गांव के भोला सिंह (उम्र 24 वर्ष पिता स्वर्गीय वासुदेव सिंह) पर गलत नियत से छेड़छाड़ तथा मारपीट करने को लेकर न्याय की गुहार लगाई है। दिये गये आवेदन में बताया गया है कि मेरे ही गांव के भोला सिंह मेरे जमीन पर उगा झाड़ी को काटने लगा। मै मना करने गई कि मेरा झाड़ी मत काटो मेरे ससुर घर में नही है वो आयंगे उसके बाद काटना। इतने में भोला सिंह गाली गलौज करते हुए गलत नियत से जमीन पर पटक दिया और मारपीट करने लगा। जब मै हो हल्ला की तो मेरी सास व गांव के चार पांच लोग बीच बचाव किये। वही मरकच्चो थाना प्रभारी सुमित साव ने आवेदन के आलोक में 113/22 मामला दर्ज करते हुए जाच पड़ताल शुरू कर दिया है। वही दर्ज मामला के आलोक में रविवार को एसआई कुंदन कुमार ने अभियुक्त भोला सिंह को गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया।

## शोकाकुल परिजनों से मिले पूर्व विधायक



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र बरकट्ठा डीह निवासी शिक्षक उमेश राम चंद्रवंशी की माता बालेश्वरी देवी एवं झुरझुरी पंचायत के पंसस मंजू देवी की चाची सास का आकस्मिक निधन की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। साथ ही शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, महेश मंडल, संजय कुमार, शंभु यादव,समाजसेवी धनेश्वर यादव, सुरेश राम, महेश राम, मनोज राम, संदीप कुमार, रुस्तमम खान, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भीम प्रसाद, रामेश्वर महतो, राजकुमार प्रसाद, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## देवीपुर मुखिया ने किया कंबल का वितरण



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** बढ़ती ठंड को देख झारखंड सरकार के द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल का वितरण प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत देवीपुर के मुखिया बेदु साव ने रविवार को डोंगोडीह स्थित मंदिर प्रांगण में बृद्ध और असहाय लोगो के बीच वितरण किया। वही उपस्थित लाभुक रजिया खातून, नसवा खातून, उसमान मियां, बतुल्ला देवी, रोजनी बीबी, उगनी देवी, मोसोमात देवकी, सोनिया, लोचनी देवी, जूलो मियां समेत लगभग 100 लाभुको के बीच कंबल वितरण किया। इस दौरान मुखिया बेदु साव, वार्ड सदस्य पायल कुमारी, वार्ड सदस्य सुषमा देवी, वार्ड मालती देवी, शिक्षक बैजनाथ साव, समाजसेवी लखन महतो, राजकुमार साव, नथन साव, विजय साव आदि ग्रामीण और समाजसेवी उपस्थित थे।

## केरेडारी में पंतजलि योग पीठ की कक्षा आज से

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में नियमित पंतजलि योग पीठ कक्षा प्रारंभ करने और केरेडारी में हीं योग शिविर आयोजन को लेकर रविवार को झारंखण्ड पतंजलि योग पीठ राज्य प्रभारी रामजीवन जी की मौजूदगी में प्रखण्ड योग समिति के सदस्यों की एक बैठक बाजार टांड़ स्थित शिशु मंदिर प्रांगण में पतंजलि भारत स्वाभिमान प्रखंड प्रभारी प्रीतम साव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें आज सोमवार से केरेडारी कृषि फार्म मैदान में पतंजलि योग की नियमित कक्षा शुरू की जायेगी। जिसके लिए सुबह 6 बजे से 7 बजे तक फिलहाल एक घंटा के लिए योग सिखाया जायेगा। साथ हीं आगामी 10 दिसंबर से ऊक्त स्थल में हीं सात दिवसीय पतंजलि योग पीठ शिविर का आयोजन किया जाना तय हुआ है। जिसमे राज्य स्तर के योग प्रशिक्षक लोगो को योग के माध्यम से निरोग होने के योग सिखाएंगे। जिसके लिए 22 नवम्बर 2022 से रजिस्ट्रेशन किया जायेगा, इसके लिए 100 रुपये शुल्क रखा गया है। जो भी व्यक्ति अपनी समस्याओं से छुटकारा पाना चाहते है, या फिर अपने को स्वस्थ्य रखना है तो रजिस्ट्रेशन करा लें।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 21 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## भाजपा ने बस्ती संपर्क अभियान के तहत किया कार्यक्रम



गोला (आजाद सिपाही)।प्रखंड क्षेत्र के चांडी पंचायत में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में बस्ती संपर्क अभियान के तहत गोला मंडल के चांडी पंचायत के हेरमदगा में दलीत बस्ती में अनुसूचित जाति भाजपा के प्रदेश मंत्री विशाल वाल्मीकि साथ में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिनोद राम ने एवं दलित परिवार के साथ बैठक कर हाल चाल जाना। इस दौरान बाल्मीकि ने कहा की केंद्र द्वारा आयोजित झारखंड में 7500 अनुसूचित जाति बस्ती में बस्ती संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज यहां आया हूं और केंद्र की योजनाओं का लाभ आपलोगो का मिला की नहीं वहीं जानने आया हूं। ग्रामीणों ने कहा की इनका लाभ हमलोग को मिल रहा है ओर कई ने कहा की अभी भी इनका लाभ प्रशासन के उदासीनता के कारण पुरा नही पहुंच पा रहा है। हमलोगों के साथ भेद भाव किया जा रहा है ।अभी भी टुटे हुए घर में रह रहे हैं। हमलोग को भी घर बनना चाहिये। मौके पर मंडल अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष रामकुमार नायक, महामंत्री मुन्ना नायक, महामंत्री जितेंद्र साहू, जिला उपाध्यक्ष सुखदेव नायक, सोमर नायक, बंटी रविदास, चांडी पंचायत के उप मुखिया सुधीर कुमार, बिराजो देवी, उगा देवी, पिंकी देवी प्रभल नायक, नकुल नायक आदि मौजूद थे।

## पार्टी कार्यकर्ता संगठित होकर पार्टी की मजबूती में लग जायें : दीपक



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 शहर के गोपी धर्मशाला में रविवार को आजसू पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वार्ड प्रभारी राकेश सिन्हा ने किया जबकि बैठक में मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीपक साहू उपस्थित हुए। इस दौरान बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ओबीसी मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता अभी से ही संगठित होकर पार्टी की मजबूती में लग जायें, ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में एक बार फिर आजसू का परचम लहरे। बैठक के दौरान ओबीसी मोर्चा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में सामाजिक संगठन में दायित्व मिलने वालों को स्वागत किया गया। जिसमें, अनुसूचित जाति उठान परिषद के जिला सचिव उत्तम पासवान, संगठन मंत्री अमरदीप राम, सह कोषाध्यक्ष शंकर नायक को माला पहनाकर एवं डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र देकर स्वागत किया गया। बैठक में नगर सचिव नीरज मंडल, पवन करमाली, सतीश गुप्ता, विजय सिंह, मो इम्तियाज, मो गुलजार, विजय सिंह टुंडा, आकाश यादव, नगेंद्र मुंडा, अनिल साहू, उत्तम सोनी, विनय सिंह, बॉबी वर्मा, छोटू साव आदि उपस्थित थे।

## माकपा पतरातू शाखा कमेटी की भुरकुंडा में हुई बैठक, लिये कई निर्णय



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। माकपा पतरातू लोकल कमेटी की बैठक रविवार को भुरकुंडा कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता एतवा मुंडा ने किया। बैठक में सर्वप्रथम कोडियरी बालकृष्ण, केरल राज्य सीपीएम के पूर्व राज्य सचिव एवं पार्टी के केंद्रीय कमेटी सदस्य एवं केंद्रीय कमेटी सदस्य सह समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव की असामयिक निधन पर एक मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। बैठक में लोकल कमेटी सचिव किरण कुमार ने अबतक के कार्य रिपोर्ट पेश की। उपस्थित साथियों ने रिपोर्ट पर अपने अपने बिचार व्यक्त कर सुझाव दिये। बैठक में पार्टी के जिला कमेटी सचिव आरपी सिंह चंदेल ने राजनीतिक एवं संगठनात्मक विषयों पर पार्टी के लाइन की जानकारी दी। बैठक में शाखाओं की नियमित बैठक कराने, आगामी लोकल कमेटी की बैठक रंका चोरधरा शाखा में 25 दिसम्बर को करने, आगामी लोकल कमेटी की बैठक में विशेष कोष संग्रह कर जमा करने, 26 नवंबर तक बकाया राशि का भुगतान किरण कुमार द्वारा जिला सचिव के पास जमा करने, 26 नवंबर को भुरकुंडा शाखा कार्यालय में पार्टी सदस्यों द्वारा संविधान दिवस मनाने और संविधान की प्रस्तावना पढ़कर एवं राष्ट्रगान गाकर संविधान की रक्षा करने की शपथ लेने सहित परमेश्वर उरांव, शाखा सचिव, रंका चोरधरा शाखा को स्थायी आमंत्रित लोकल कमेटी सदस्य के रूप काउंट करने आदि निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। धन्यवाद ज्ञापन सुशील कुमार ने किया। मौके पर किरण कुमार, सुशील, एतवा मुंडा, अशोक कुमार सिंह, अजय कुमार यादव, उदय प्रसाद आदि मौजूद थें।

## विधायक ने किया खून जांच घर का उद्घाटन




टंडवा (आजाद सिपाही)। अपोलो डायग्नोस्टिक खून जांच घर का उद्घाटन सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने फीता काट कर किया। बाजार टांड़ स्थित सोनी मेडिकल के प्रोपराइटर सुनील कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि विधायक श्री दास को माला एवं बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक किशुन दास ने कहा कि अपोलो डायग्नोस्टिक की जांच बहुत ही विश्वशनीय है और टंडवा शहर के वाशियो के लिये खुशी की बात है। इस मौके पर जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता, पूर्व प्रमुख सीताराम साहू, नथु प्रसाद गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता, मंडल वक्ता महेंद्र यादव, शंकर गुप्ता, राजेश रजक समेत कई उपस्थित थे।

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर विशेष शिविरों का डीसी ने किया निरीक्षण

# आधार कार्ड से जोड़ने का कार्य जल्द करें पूरा: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 को लेकर रविवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने रामगढ़ और पतरातू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर मतदान केंद्रों पर चल कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान डीसी ने रामगढ़ शहर अंतर्गत छावनी क्षेत्र, पतरातू प्रखंड अंतर्गत बरकाकाना, हेहल, चैनगड्डा एवं सयाल क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने सभी बीएलओ, सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मियों से नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने और मृत, स्थानांतरित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने के लिये किये गये कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये।



### वोटर हेल्पलाइन एप के प्रति व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश

निरीक्षण के दौरान डीसी ने सभी कर्मियों को वोटर हेल्पलाइन एप के प्रति व्यापक प्रचार-प्रसार कर सभी मतदाताओं को इसकी जानकारी देने एवं इसके माध्यम से उन्हें मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए अब तक किये गये कार्यों की बूथ वार जानकारी लेने के उपरांत डीसी ने योजनाबद्ध तरीके से जल्द से जल्द सभी मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र आधार कार्ड से लिंक करने के लिए कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

### निरीक्षण के दौरान ये थे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मो. जावेद हुसैन, निवार्ची पदाधिकारी 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र सह भूमि सुधार उप समाहर्ता मनोज कुमार रंजन, कार्यपालक दंडाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

वहीं, उन्होंने 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### झारखंड बनने के बाइस वर्ष बीत गये, नहीं हुई लाइब्रेरियन की नियुक्ति

## झारखंड हाइकोर्ट ने नियुक्ति के लिए जेएसएससी को भेजी अधियाचना, युवाओं की बढ़ी उम्मीद

आजाद सिपाही संवाददाता

गोला। झारखंड बनने के बाइस वर्ष बीत गये, लेकिन अभी तक स्कूल कॉलेजों में लायब्रेरियन की नियुक्ति नहीं हुई है।आलम यह है कि क्लर्क एवं पिउन के माध्यम से लाइब्रेरी का संचालन जैसे तैसे किया जा रहा है। कहीं कहीं तो लायब्रेरी बंद पड़ा है। वर्षो से लायब्रेरियन बहाली की मांग की जा रही है। इसको लेकर प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्रायें लगातार आंदोलनरत है। राज्य के विभिन्न यूनिवर्सिटी में लायब्रेरी विज्ञान की पढ़ाई हो रही है। प्रत्येक वर्ष सेकड़ो युवा उम्मीद करते है कि इस बार नियुक्ति होगी। इस राज्य के पड़ोसी राज्य बिहार ,बंगाल एवं अन्य राज्यो में लायब्रेरियन की बहाली हो रही है। इस बार राज्य के प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को एक उम्मीद जगी है। झारखंड हाइकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए लाइबेरी में तृतीय एवं चतुर्थ पद में नियुक्ति के लिए त्रुटियों को सुधार कर एक सप्ताह में अधियाचना भेजने का निर्देश जेएसएससी को दिया है।

> “सरकार को जल्द से जल्द लायब्रेरियन की बहाली करना चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं की उम्र निकल रही है। लायब्रेरियन की बहाली से ही पुस्तकालय का सफल संचालन हो पायेगा। इसको लेकर आंदोलन किया जा रहा है।
> राकेश कुमार (अध्यक्ष झारखंड लायब्रेरियन संघ)।

## महिला का शव बरामद

कुजू (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत मुरपा टाटा मोटर्स के पीछे स्थित बंगला भट्ठा के समीप से कुजू पुलिस ने एक महिला का जला शव् निर्वस्त्र हालत में बरामद किया। कुजू पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार यह मामला संदेहास्पद बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, बिरहोर टोला मुरपा निवासी 60 वर्षीय शांति देवी पति स्व. विजन भुईयां गत मंगलवार से लापता थी। परिजनों द्वारा आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की। वही, रविवार की दोपहर भट्ठा के समीप ग्रामीणों ने निर्वस्त्र और जली हालत में एक महिला का शव देखा। जिसके बाद यह खबर पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई।

### सर्द रात के अंधेरे में सड़कों पर निकले उपायुक्त

## अस्पताल का निरीक्षण कर बांटा कंबल



चतरा (आजाद सिपाही)। देर रात उपायुक्त अबु इमरान ने सदर अस्पताल चतरा पहुंच रात्रि में उपल्ब्ध विधि वियस्था समेत अन्य का लिया जायजा। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सदर अस्पताल में नियुक्त चिकित्सक, जेनरल वार्ड, दवाई की उपलब्धता साफ सफाई, कर्मियों की उपलब्धता मरीजों को मिलने वाली सुविधा का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने अस्पताल में इलाज कराने आये मरीजों के परिजन के बीच कंबल का भी वितरण किया। जिसके पश्चात पोस्टऑफिस चौक, केशरी चौक, पुराना पेट्रोल पंप, बस स्टैंड, जतराहीबाग, डीसी मोड़, दीभा मोहल्ला, चुरिहार मोहल्ला समेत अन्य स्थानों का निरीक्षण कर गरीब असहाय निर्धनों के बीच कंबल का वितरण किया।

## थाना प्रभारी के विरोध में ग्रामीणों ने किया पुतला दहन, कार्रवाई पर अड़े



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। पोचरा के ग्रामीणों ने बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार के विरोध में विरोध मार्च निकाला एवम पुतला जलाया। उपस्थित ग्रामीणों ने बताया घटना के एक सप्ताह बीत जाने के वावजूद भी थाना प्रभारी पर कोई कारवाई नहीं होता देख हमलोगों ने विरोध मार्च किया एवम पुतला दहन किया है। जिससे पुलिस अधीक्षक जल्द से जल्द ओपी प्रभारी की बर्खास्तगी हो सके। ग्रामीणों ने बताया थाना प्रभारी पर कारवाई नहीं होने पर हम ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए तैयार रहेंगे। बताते चलें कि बीते दिनों पोचरा के ग्रामीणों व बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार के बीच गाली गलौज एवं दुर्व्यवहार का मामला सामने आया था जिसके विरोध में ग्रामीण लगातार विरोध करते आ रहे हैं। पुतला दहन कार्यक्रम में फुलेश्वरी देवी, राखी देवी, बसंती देवी, लक्ष्मी देवी, परकी देवी, सुबाशो देवी, सरला देवी, पुष्पा देवी, सुरती देवी, जशो देवी, मालती देवी, पांचवी देवी, पूजा देवी, फूल कुमारी,देवंती देवी, राखी देवी, मोरनी देवी, राज किशोर मुंडा, विजय मुंडा, भरत करमाली, उमेश करमाली, छोटू करमाली, तोषित करमाली, विक्की करमाली, राज कुमार मुंडा, आकाश करमाली, प्रकाश करमाली सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पतरातू प्रखंड मुखिया संघ की बैठक संपन्न, अध्यक्ष बने अभय प्रताप



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड मुखिया संघ की चुनाव को ले रविवार को फोरलेन स्थित चिलेक्स रेस्टोरेंट में बैठक संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी मैदान में थें। इसमें सीसीएल सौंदा पंचायत के मुखिया अभय प्रताप सिंह ने बाजी मारी। अभय प्रताप को 19, किशोर कुमार महतो को 11 व संदीप उरांव को 9 मत मिला। वहीं सचिव पद पर केके पंचायत की मुखिया, कोषाध्यक्ष पद पर सयाल दक्षिणी मुखिया जगदीश साव व सेंट्रल सौंदा मुखिया तिलेश्वर साव चुने गये। जबकि सुंदरनगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय एवं भुरकुंडा के मुखिया अजय पासवान को मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक में जानंद देवे, हीरा देवी, जीता देवी, निधिसिंह, सबिता तुरी, प्रीतिशा, श्यामली मेहता, पानो देवी, आशा देवी, गुलाब देखी, रेखा देवी, सारी देवी, रिझन देवी, कमलादेवी फुलमती देवी, विकास कुमार, उपेंद्र शर्मा, सुरेश महतो, मो. मोकीम आलम, कोमिला देवी, रविन्द्र करमाली, विकाश कुमार नायक, सुमन भारती, चंद्रावती ठाकुर, सत्यवंती देवी, सोनामती देवी, भुनेश्वर बेदिया उपस्थित थे।

## कुजू के ज्योतेंद्र प्रसाद साहू बने जदयू रामगढ़ जिलाध्यक्ष



कुजू (आजाद सिपाही)। नयामोड़ कुजू स्थित जदयू जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष चयन को लेकर एकदिवसीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद खीरु महतो, मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल, पर्यवेक्षक भगवान सिंह, जिला चुनाव प्रभारी शफीक अंसारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान पार्टी का संगठन मजबूत करने समेत आगामी चुनाव में जदयू पार्टी की सफलता दिलाने का संकल्प लिया गया। वही, चुनावी प्रक्रिया के साथ सर्वसम्मति से ओरला (कुजू) निवासी ज्योतेंद्र प्रसाद साहू को रामगढ़ जिलाध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया। इधर, जिला अध्यक्ष ज्योतेंद्र प्रसाद साहू को पर्यवेक्षक एवं जिला चुनाव प्रभारी ने प्रमाणपत्र सौपा। इसी के साथ, मौजूद लोगों ने साहू का फूलमाला पहना कर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर श्री साहू ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझ पर सौपी है, उसे पूरी ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। कहा कि संगठन की मजबूती के साथ विस्तार करते हुए पार्टी का झंडा बुलंद करेंगे। मौके पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजू महतो, प्रदेश महासचिव आरके मंडल, सुरेश प्रसाद, अफरोज आलम, अनवर आलम, अल्लाउद्दीन, मेघनाथ, महेंद्र किशोर महतो, मनोज राय, बाबूलाल महतो, अकबर अंसारी, जगलाल सिंह, विजय सिंह, रामचरित्र राम, बालेश्वर तूरी, नेपाल रजवार, धर्मेंद्र सिंह, रमाकांत पटेल, राजेश महतो, मुख्तार अंसारी, विजय तांती, रामचंद्र राम आदि शामिल रहे।

## विधायक जेपी पटेल ने करोड़ों रुपये की योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास



कुजू (आजाद सिपाही)। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने रविवार को नगर परिषद एवं ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों रुपये की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम के दौरान मौजूद ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए विकास की और लंबी लकीर खींचने की बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है। जिसका आज आंखों देखा हाल नगर परिषद क्षेत्र में दिख रहा है और आने वाले भविष्य में भी इससे बेहतर नगर परिषद दिखेगा। विधायक जेपी पटेल ने बोंगाबार स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 18 लाख रुपये से बने रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पोचरा एफसीआई से केसरी यादव के घर तक करीब 22 लाख से पीसीसी पथ, अर्जुन यादव के घर से यादव के घर तक 8 लाख रुपये की लागत से पेवर्स ब्लॉक रोड, यादव मुहल्ला में 5 लाख 49 हजार रुपए की लागत से पेवर्स ब्लॉक रोड, रामदास यादव के घर से प्रसादी यादव के घर तक 2 लाख की लागत से पीसीसी, 49 लाख 49 हजार रुपए की तालाब का सुंदरीकरण, दिगवार मस्जिद रोड से मो. गुलजार के घर तक 5 लाख रुपये की लागत पीसीसी पथ, पुराना रोड से कब्रिस्तान तक 5 लाख रुपये की लागत से पीसीसी पथ, सुबोध गिरि के घर से हरिशंकर गिरि के घर तक 2 लाख 20 हजार 600 रुपये की लागत से पेवर्स ब्लॉक रोड, पारटांड में 31 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन एवं नाली निर्माण, पन्नू महतो के घर से दिगवार हाई स्कूल तक 10 लाख की लागत से पीसीसी पथ, आरोग्य सेवा केंद्र से विनोद महतो के घर तक 2 लाख 49 हजार की लागत से पेवर्स ब्लॉक रोड, कुजू पश्चिमी पंचायत अंतर्गत कुंदरियाबांध में 5 लाख की लागत से पीसीसी पथ का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मौके पर नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, नप उपाध्यक्ष मनोज महतो, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, भाजपा नप अध्यक्ष मनोज गिरी, मनोज सिन्हा, मांडू प्रखंड अध्यक्ष तोकेश सिंह, मुखिया जय कुमार ओझा, रतन प्रसाद, अखिलेश सिंह, गिरिजा शंकर, अरुण कुशवाहा, मनोज केशरी, गणेश विश्वकर्मा, आशीष मुखर्जी, अनिल अग्रवाल, राजेश पांडेय, जयकिशोर महतो, विजय गिरी, रवि यादव, रवि साहू, आशीष कुमार, सुनील सिंह, देवेंद्र गिरी, कुलदीप कुशवाहा, नीरज उर्फ पप्पू झा, नरोत्तम सिंह समेत कई भाजपाई और आजसू नेता-कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कांग्रेस मजदूर यूनियन इंटक की हुई बैठक

पतरातू (आजाद सिपाही)। पीवीयूएन मुख्य गेट के समीप इंटक कार्यालय में रविवार को कांग्रेस मजदूर यूनियन इंटक के सभी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इंटक के जिला अध्यक्ष सरफराज अहमद ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती पर बल देते हुए विस्तार से चार्चा किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सरफराज अहमद ने कहा कि झारखंड़ सरकार के द्वारा जो नियोजन निति बनायी गई है। उसके अनुसार पीवीयुएन के निर्माण में जितने भी कम्मनी कार्य कर रही हैं। उनके द्वारा नियोजन निति का पालन नही किया जा रहा है। जल्द कम्पनीयों के खिलाफ स्थानीय लोगो के हक के अधिकार के लिए आंदोलन किया जाएगाा। बेठक में दिनेश शर्मा, मनोज पंडीत, बिटु शर्मा, गोर्वधन साहा, लालदेव महतो, ललित गोप, बूधी राम, रामनरेश सिंह आदि शामिल थे।

## सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न होने पर उज्ज्वला फाउंडेशन ने की बैठक



कुजू (आजाद सिपाही)। उज्जवला फाउंडेशन के सदस्यों ने रविवार को मोतीराम कंपलेक्स बोंगावार में बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से मौजूद फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने संस्था के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके सहयोग से गत कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। आने वाले दिनों में भी इसी तरह एकजुटता के साथ हर कार्यक्रम को सफल बनायेंगे। वही, कई माह से बर्खास्त रही रिंकू देवी को पुनः संस्था में शामिल करते हुए स्वागत किया गया। मौके पर शीला कुमारी, आशा कुमारी, शांति देवी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, डिंपल प्रजापति, प्रकाश केसरी, छोटन प्रजापति मौजूद रहे।

### आम्रपाली-शिवपुर रेलवे नेक साइडिंग में वर्चस्व को लेकर दो गुट आमने-सामने

# टंडवा थाना में एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमा कराया दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

टंडवा। आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र से रेलवे द्वारा कोयले की ढुलाई के लिए मशहूर शिवपुर का हड़गड़वा रेलवे साइडिंग में पिछले दिनों रैक लोडिंग को लेकर दो गुटों में वर्चस्व की लड़ाई सामने आया है। इसको लेकर दोनों गुट का आमने-सामने आकर एक दूसरे को देख लेने की ललकार से सर्द मौसम में भी कोयलांचल में गरमाहट तैरने लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों की ओर से




टंडवा थाना में एक-दूसरे के उपर मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। सूत्रों की मानें तो भूरैयतों के सहयोग से कबरा पंचायत के पूर्व पंसस खुर्शीद मियां शिवपुर नेक लाइन में रैक लोडिंग का कार्य पिछले कई माह से किया जा रहा है। जिसपर वर्चस्व की लड़ाई पूर्व में भी कई बार सामने आ चुका है। वहीं 18 नवंबर के शाम दूसरे गुट उमेश गंझू और कबरा पंचायत के मुखिया नीलेश ज्ञान सेन उर्फ सोनू एवं पूर्व पंसस खुर्शीद अंसारी पक्ष के बीच वृंदा गांव में तीखी नोक झोंक के बीच एक दूसरे को देख लेने तथा गाली-ग्लौज किया गया। बताया जाता है कि इस घटना के बाद उमेश गंझू के ब्यान पर टंडवा थाना में कांड संख्या 282-22 दर्ज किया गया। गोड़वार निवासी उमेश गंझू ने अपने ब्यान में कहा है कि वृंदा निवासी अभिषेक सिन्हा पिता बिनय बिहारी शरण के घर जमीन संबंधी मामले को लेकर गये हुए थे जहां कबरा मुखिया नीलेश उर्फ सोनू सिन्हा द्वारा अपने समर्थकों के साथ गाली-ग्लौज कर मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। उमेश गंझू ने मुखिया के अलावे गणेश सिंह, मनोज दांगी,मंसूर मियां, खुर्शीद मियां, बिनोद ठाकुर तथा रवि सिंह को नामजद आरोपी बनाया है।

### लोडर मालिक अर्जून गंझू और उसके भाई उमेश गंझू को नामजद आरोपी बनाया

दूसरे पक्ष के साइडिंग चलाने वाले पूर्व पंसस खुर्शीद के ब्यान पर कांड संख्या 283-22 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें बताया गया है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआइए के निर्देश पर ब्लैक लिस्टेड लोडर जिसमें जेएच 13बी 6217 समेत तीन लोडरों को बाजबरन लोडिंग कार्य में लगाने और रंगदारी के रूप में 10 रुपये प्रति टन मांगने की बातें कही गई। इस मामले में लोडर मालिक अर्जून गंझू और उसके भाई उमेश गंझू को नामजद आरोपी बनाया गया। खुर्शीद अंसारी ने आरोप लगाया है कि इसके पूर्व 31 अक्तूबर को भी उक्त लोगों द्वारा हथियार के बल पर साइडिंग बंद करवाने एवं जान से मारने की धमकी देने के बावजूद मामले को दरकिनार कर दिया था। बहरहाल पुलिस मामले गंभीरता से लेकर छानबीन कर रही है।

# एक नये अंतरिक्ष युग की शुरुआत

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान इसरो देश में अंतरिक्ष कार्यक्रम को लगातार नयी ऊंचाइयों पर ले जा रहा है और अब इसने अपने अभियान में निजी कंपनियों को भी जोड़ लिया है। इसी सिलसिले में 18 नवंबर को सुबह 11.30 बजे देश का पहला निजी राकेट विक्रम-एस आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित कर-के इसरो ने भारत में एक नये अंतरिक्ष युग की शुरुआत की।भारत के महान वैज्ञानिक और इसरो के संस्थापक डॉ विक्रम साराभाई के नाम पर इस राकेट का नाम विक्रम-एस रखा गया है। देश में किसी निजी कंपनी के पास लांच पैड नहीं होने के कारण इस राकेट को इसरो के माध्यम से प्रक्षेपित किया गया और इस मिशन को इसने प्रारंभ नाम दिया है। इस राकेट को 15 नवंबर को प्रक्षेपित किया जाना था, परंतु उस दिन मौसम खराब होने के कारण इसे 18 नवंबर के लिए स्थगित कर दिया गया था। 545 किलो वजनी तथा 0.375 मीटर व्यास का 6 मीटर लंबा यह राकेट आवाज की गति से 5 गुणा अधिक तेज अर्थात हाईपरसोनिक गति से एक विदेशी और दो घरेलू कंपनियों के तीन उपग्रह अपने साथ लेकर अंतरिक्ष की ओर गये। पूरी तरह कार्बन फाइबर से निर्मित दुनिया का यह पहला आल कंपजिट राकेट है अर्थात इसमें धातु का इस्तेमाल कम किया गया है। इसकी मुड़ने की क्षमता को संभालने के लिए इसमें आम इंजनों की तुलना में अधिक विश्वसनीय थ्री डी प्रिंटेड सॉलिड थ्रस्टर्स युक्त क्रायोजेनिक इंजन लगाये गये हैं। इसमें आम ईंधन के स्थान पर किफायती और प्रदूषण मुक्त ठोस ईंधन का इस्तेमाल किया गया है। राकेट ने अपने साथ लेकर जाने वाले तीनों उपग्रहों को कक्षा में स्थापित कर दिया। यह 89.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचा तथा इसने 121.2 किलोमीटर की दूरी तय की (जैसी कि इसके निमार्ताओं स्काईरूट एयरोस्पेस ने योजना बनायी थी)। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन स्पेस) के अध्यक्ष पवन गोयनका ने स्काईरूट को राकेट प्रक्षेपण के लिए अधिकृत की जाने वाली पहली भारतीय कंपनी बनने पर बधाई देते हुए इसे भारत में अंतरिक्ष के क्षेत्र में कदम रखने जा रहे निजी क्षेत्र के लिए बड़ी छलांग तथा नयी शुरुआत बताया है, जिसके इस अभियान में इसरो ने सहायता की है। इसरो के अध्यक्ष डॉ एस सोमनाथ तथा केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह देश के पहले निजी प्रक्षेपण के साक्षी बने। अतः भविष्य में इस दिशा में भारतीय अंतरिक्ष उद्योग के नयी ऊंचाइयों पर पहुंचने की प्रबल संभावना है।


**545 किलो वजनी तथा 0.375 मीटर व्यास का 6 मीटर लंबा यह राकेट आवाज की गति से 5 गुणा अधिक तेज अर्थात हाईपरसोनिक गति से एक विदेशी और दो घरेलू कंपनियों के तीन उपग्रह अपने साथ लेकर अंतरिक्ष की ओर गये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**न्यायमूर्ति दिनेश महेश्वरी के नेतृत्व में बहुमत ने कहा कि (क) आर्थिक मानदंड आरक्षण का एकमात्र आधार हो सकता है। (ख) इडब्ल्यूएस आरक्षण निजी गैर-सहायता प्राप्त संस्थानों पर लागू किया जा सकता है (ग) कि इडब्ल्यूएस आरक्षण से सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को बाहर करना सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पुनः केशवानंद भारती ने प्रतिपादित बुनियादी संरचना सिद्धांत का उल्लंघन नहीं है।**

# योग्यता, उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की आवश्यकता

मनीष तिवारी




**निकट भविष्य के लिए मानव सभ्यता के भविष्य को अत्याधुनिक तकनीकी नवाचारों द्वारा आचार दिया जाएगा जो मानवता को एक भौतिक सभ्यता के चौराहे पर खड़ा करेगा जो शताब्दियों से विकसित हुई है और एक आभासी सभ्यता अभी भी आकार ले रही है।**

जनहित अभियान बनाम यूनियन ऑफ इंडिया में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने संविधान में 103वें संशोधन को बरकरार रखा। इस प्रकार आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (इडब्ल्यूएस) को 10 प्रतिशत आरक्षण की स्वीकृति प्राप्त हुई। इडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत तक आरक्षण प्रदान करने के लिए 103वें संविधान संशोधन ने धारा 15 (6) और 16 (6) को जोड़ कर क्रमशः अनुच्छेद 15 और 16 को संशोधित किया।

यह 10 प्रतिशत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी को बाहर करता है जिनके पास पहले से ही 49.5 प्रतिशत तक का आरक्षण है। इसलिए शीर्ष अदालत के समक्ष 3 सवाल थे :

1. क्या 103वां संशोधन आरक्षण के आधार के रूप में आर्थिक मानदंड पेश करने के लिए संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन था?
2. क्या 10 प्रतिशत आरक्षण के दायरे में निजी गैर-सहायता प्राप्त संस्थानों को शामिल करना मूल ढांचे का उल्लंघन है?
3. क्या एससी, एसटी और ओबीसी को इडब्ल्यूएस आरक्षण के दायरे से बाहर करना संवैधानिक रूप से स्वीकार्य था?

**दिलचस्प बात यह है कि न्यायमूर्ति रविंद्र भट्ट द्वारा लिखित और मुख्य न्यायाधीश ललित (सेवानिवृत्त होने के बाद से) द्वारा शामिल किया गया।**

5 में से 3 न्यायाधीशों ने इन सभी सवालों का नकारात्मक जवाब दिया तथा विवादित संशोधन को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति दिनेश महेश्वरी के नेतृत्व में बहुमत ने कहा कि (क) आर्थिक मानदंड आरक्षण का एकमात्र आधार हो सकता है।

(ख) इडब्ल्यूएस आरक्षण निजी गैर-सहायता प्राप्त संस्थानों पर लागू किया जा सकता है (ग) कि इडब्ल्यूएस आरक्षण से सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को बाहर करना सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पुनः केशवानंद भारती ने प्रतिपादित बुनियादी संरचना सिद्धांत का उल्लंघन नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि न्यायमूर्ति रविंद्र भट्ट द्वारा लिखित और मुख्य न्यायाधीश ललित (सेवानिवृत्त होने के बाद से) द्वारा शामिल किया गया। विरोध इस बात से सहमत है कि आर्थिक मानदंड आरक्षण देने का एकमात्र आधार हो सकता है।

हालांकि असहमति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को इसके दायरे से बाहर करने के लिए असंवैधानिक संशोधन को असंवैधानिक मानती है। न्यायमूर्ति भट्ट ने कहा कि इस तरह का बहिष्करण गैर-भेदभाव तथा गैर-बहिष्कार के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है जिन्हें संविधान की मूल संरचना का एक हिस्सा माना जाता है। स्पष्ट रूप से यह स्वीकार करते हुए कि गरीबी एक दुर्बल करने वाली स्थिति है और आरक्षण के उद्देश्यों के लिए उचित वर्गीकरण का आधार हो सकती है, शीर्ष अदालत ने नये न्यायशास्त्रीय आधार को तोड़ दिया है।

कुछ समय के लिए भारतीय संवैधानिक कानून में इस पर विचार किया गया था। क्या हमारा संविधान केवल जाति आधारित आरक्षण की परिकल्पना करता है? क्या और क्या संसद को पिछड़ेपन का निर्धारण करने के लिए अन्य मानदंडों जैसे कि गरीबी को कभी भी ध्यान में रखना नहीं चाहिए? एमआर बालाजी 1963 सप (1) एससीआर 439 और एनएम थॉमस (1976) (2) एससीसी 310 सहित कई निर्णयों ने कहा कि जाति को आरक्षण के लिए एकमात्र मानदंड नहीं होना चाहिए।

हालांकि इंदिरा साहनी 1992 सप (2) एससीसी 2017 में न्यायमूर्ति बीपी जीवन रेड्डी ने बहुमत की राय लिखते हुए कहा कि आय या सम्पत्ति धारण आरक्षण के लिए एकमात्र आधार के रूप में कार्य नहीं कर सकता है।

सही ढंग से जनहित अभियान में न्यायालय इन पहले की मिसालों को अलग करता है कि इंदिरा साहनी मामले में आर्थिक मानदंड को बरकरार नहीं रखा गया था क्योंकि अनुच्छेद-15 (1) और 16 (1) के तहत लैक्स लता ने ऐसी स्थिति की परिकल्पना नहीं की थी, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ऐसा कोई मानदंड संसद द्वारा कभी भी अधिनियमित नहीं किया जा सकता है।

दूसरा एक और मूलभूत प्रश्न था जिसे न्यायालय ने निपटा दिया। वह यह था कि क्या इडब्ल्यूएस आरक्षण 50 प्रतिशत की सीमा को भंग करने के लिए संविधान का उल्लंघन करता है जैसा कि माननीय शीर्ष अदालत ने निर्णयों के एक समूह में प्रतिपादित किया है। बहुमत के फैसले में कहा गया है कि 50 प्रतिशत सीमा का उल्लंघन मूल संरचना का उल्लंघन नहीं करता है, क्योंकि यह सीमा अनिवार्य रूप से केवल अनुच्छेद-15 (4) और 16 (4) के तहत लाभ प्राप्त करने वाले वर्गों पर लागू होती है।

दशकों से सकारात्मक कार्रवाई पर विभिन्न संवैधानिक संशोधनों और न्यायिक घोषणाओं ने निश्चित रूप से ऐसी स्थिति का सामना नहीं किया जहां शिक्षा और रोजगार में योग्यता की पूरी तरह से अवहेलना की जाती है। निकट भविष्य के लिए मानव सभ्यता के भविष्य को अत्याधुनिक तकनीकी नवाचारों द्वारा आचार दिया जायेगा, जो मानवता को एक भौतिक सभ्यता के चौराहे पर खड़ा करेगा, जो शताब्दियों से विकसित हुई है और एक आभासी सभ्यता अभी भी आकार ले रही है।

यदि इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टीफिशियल इंटैलीजैंस, जैव और नैनो प्रौद्योगिकी आदि में प्रगति को व्यापक सामाजिक भलाई के लिए उपयोग किया जाता है तो इसके लिए योग्यता, उत्कृष्टता और प्रथम श्रेणी की महत्वपूर्ण सोच को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता होगी।

डॉ बीआर आंबेडकर ने संविधान सभा में अनुच्छेद-10 के मसौदे पर बहस करते हुए, जोकि अनुच्छेद-16 बन गया, ध्यान दिया कि आरक्षण अस्थायी है और इसे अल्पसंख्यक सीटों तक ही सीमित रखा जाना चाहिए तभी संविधान के तहत समान अवसर का कोई अर्थ हो सकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# आदित्यपुर की सोसाइटी में हैवान पति ने अपनी पत्नी और इकलौते पुत्र की नृशंस हत्या की, खुद भी आत्महत्या की

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला के आदित्यपुर थाना अंतर्गत को- ऑपरेटिव कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर स्वर्गीय सचिंद्र किशोर वर्मा के एम 47 निवासी किरायेदार ने अपनी ही पत्नी व 10 वर्षीय पुत्र की हत्या कर खुद का आत्महत्या करने का सनसनी मामला प्रकाश में आया है। रविवार शाम लगभग 3 बजे की घटना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतकों में 51 वर्षीय इमानवेल टेलेरा, उसकी पत्नी 45 वर्षीय अनिमा एरे और 10 वर्षीय पुत्र अंकन एमोन टेलेरा शामिल हैं। उधर घटना की सूचना मिलते ही आदित्यपुर पुलिस मौके पर पहुची। जहा एक ही परिवार के तीनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक अनिमा एएसआईसी कर्मी थी। मकान मालिक के पुत्र बुंडू में डॉक्टर हैं। घटना की सूचना उन्हें दे दी गई। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से चापड़ बरामद कर लिया। फिलहाल पुलिस मकान को सील कर आगे की करवाई शुरू कर दी। उधर घटनास्थल का दृश्य बेहद ही विभत्स था। हर तरफ खून धब्बे बिखरे पड़े थे। अनुमान लगाया जा रहा है घटना दोपहर लगभग 3 बजे के आसपास की है। हैरान करने वाली बात है एक परिवार में कलह होता रहा, पड़ोसियों को इसकी सूचना तक नहीं मिली, और एक सोसाइटी में तीन-तीन हत्याएं हो जाती और किसी को भनक तक नहीं लगती। जबकि अथित्यपुर में एम टाइप रिहायशी इलाका है। जिस वक्त हत्यारा अपनी पत्नी व बच्चे की हत्या की उस वक्त शोर जरूर हुआ होगा, लेकिन रईसों की कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने अपने घरों से बाहर निकल कर यह जानना भी जरूरी नहीं समझा। घटना के बाद लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मगर तब तक सब कुछ समाप्त हो चुका था। फिलहाल पुलिस हत्या के मामले में जानकारी हासिल करने में जुट गयी है।

# जमशेदपुर से ब्राउन शुगर बरामद 300 पुड़िया के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मानगो पुलिस को रविवार की सुबह एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया है, जो मछली लदे वाहन से ब्राउन शुगर की तस्करी करता था। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये दोनों तस्करों से थाना में पूछताछ की जा रही है। इस सबंध में बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मानगो थाना क्षेत्र मछली लदे वाहन से ब्राउन शुगर की तस्करी हो रही है। इसके बाद पुलिस ने मानगो चौक में वाहन चेकिग की शुरुआत की। इस दौरान मछली से लदे वाहन को मानगो चौक के पास रोका गया। उस वाहन से तलाशी के दौरान उसके केबिन से लगभग 300 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। वहीं पुलिस ने तत्काल वाहन चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पकड़े गये लोगों से पूछताछ कर रही है, वो लोग ब्राउन शुगर को कहां लेकर जा रहे थे।

# शहर पहुंचे केकेसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारत जोड़ो यात्रा में होंगे शामिल, जोरदार स्वागत



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गाबा दो दिवसीय दौरे पर रांची एयरपोर्ट पहुंचे। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। रांची में उन्होंने गुमला के केकेसी कार्यकर्ताओं के संग बैठक की। बैठक के बाद शाम 7 बजे जमशेदपुर पहुंचे। शहर पहुचने पर शैलेश पांडेय, कार्यकारी जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह व राजा सिंह ने फूल मालाओं के साथ आतिशवाजी के साथ जोरदार स्वागत की। मौके पर जिला कार्यालय का उद्घाटन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा किया गया। संजय गाबा ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज के निर्देश पर झारखंड में केकेसी के भारत जोडों यात्रा में शामिल होने आए हैं। कांग्रेस की विचारधारा के पंक्ति अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य है। वही शैलेश पांडेय ने बताया कोल्हान में केकेसी की मजदूर सम्मेलन एवं भारत जोडों यात्रा सोमवार सुबह 10 बजे पश्चिम सिंहभूम के चाईबासा में होगी। जहाँ सांसद गीता कोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विधायक सोनाराम सिंकू, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व जिला कांग्रेस प्रभारी कुमार राजा शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे पूर्वी सिंहभूम के बिरसानगर से साकची गोलचक्कर तक पदयात्रा आयोजित की गयी है। बैठक में हरे कृष्ण लोहार को गोलमुरी एवं गौतम रविदास को बिरसानगर प्रखण्ड अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मौके पर अजितेश उज्जैन, राजा सिंह राजपूत, पवन कुमार बब्लू, लकी शर्मा, हरे कृष्णा लोहार, यूके शर्मा, आशुतोष सिंह, गौतम रविदास, अजय मासी, राहुल कुमार, अभिषेक चटर्जी, बलदेव सिंह मनीष चंद्रवंशी, सुल्तान अहमद, अंजन राय, कौशल कुमार शामिल रहे।

# भाजपा जमशेदपुर महानगर करेगी 25 को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन

**क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर। राज्य सरकार के उदासीनता, वादाखिलाफी और विफलता पर भाजपा हमलावर हो गयी है। प्रखंड कार्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन के बाद भाजपा सरकार को जिला स्तर पर घेरने की तैयारी की है। आगामी 25 नवंबर को उपायुक्त कार्यालय पर होने वाले जनाक्रोश प्रदर्शन को लेकर रविवार को बिस्टुपुर स्थित चैम्बर ऑफ कॉमर्स के भालोटिया सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बिहार-झारखंड के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री सह जिला के प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार समेत प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिप अध्यक्ष, जिप उपाध्यक्ष एवं जिप सदस्य, जिला पदाधिकारी, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण के अलावे विभिन्न मोर्चा के जिला अध्यक्ष शामिल हुए। उपायुक्त कार्यालय पर होने वाले जनाक्रोश प्रदर्शन की सफलता और हेमंत सरकार को घेरने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, नंदजी प्रसाद, राजकुमार श्रीवास्तव, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मु, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिप सदस्य कुसुम पूर्ति, प्रदीप बेसरा शामिल रहे।

# आदिवासी एकता मंच ने मनायी पद्मश्री प्रो दिगंबर हांसदा की पुण्यतिथि, मूर्ति स्थापित करने का संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के आदिवासी एकता मंच ने नेशनल हाइवे 33 नारगा के बाढ़ारडीह चौक में पद्मश्री प्रोफेशर दिगंबर हांसदा के द्वितीय पुण्यतिथि मनाया। इस अवसर पर पत्थलगड़ी स्थल में उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान संकल्प सभा का भी आयोजन किया गया। आदिवासी एकता मंच के अध्यक्ष दिनोबन्धु सरदार ने कहा प्रो. साहब का शैक्षणिक क्षेत्र में अहम योगदान रहा। उन्हें पद्मश्री अवार्ड से नवाजा गया था। इसको देखते हुए आदिवासी एकता मंच ने संकल्प लिया 9 अगस्त को आदिवासी दिवस 2023 से पूर्व बाढ़ारडीह में प्रो. दिगंबर हांसदा का आदमकद मूर्ति का स्थापना की जायेगी। एकता मंच के प्रतिनिधियों ने सभी के सहयोग व समर्थन देने की अपील की। वही पद्मश्री प्रोफेशर दिगंबर हांसदा के पुण्यतिथि के अवसर पर उनके नाम से किये गए पत्थलगड़ी पर माल्यर्पण किया गया। इसके बाद उनके आत्मा के शांति के लिए दो मिनट मौन रखा गया। मौके पर सुंदर सोरेन, बिराम टुडू, सोनातन मार्डि , पिताम मुर्मू, रामराई मुर्मू, प्रभात कुमार किस्कु, अमित टोप्पो, राकेश मुर्मू, बेंगल सोरन, जैकब किस्कु, राजा राम मुर्मू, दीपक रंजीत, दीनबंधु भूमिज, बादल धोरा, मंगल टुडू, सागर पाल सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

# वीर युवा सेना ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** वीर युवा सेना संगठन के संयोजक वीर सिंह देवगम के नेतृत में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम पत्र लिखकर वीर शहीदों का सम्मान के लिए कार्य करने की बात कही। पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कोल्हान के तीनो जिलों में कई वीर शहीदों की प्रतिमा स्थापित किया गया है। उन सभी के समय-समय पर साफ-सफाई कर वीर शहीदों का मान प्रतिष्ठा को बचाए रखने के लिए छोटा सा प्रयास किया जायेगा। इस कार्य को पूर्ण रूप से पुरे प्रदेश स्तर पर करने कि इच्छा संगठन रखती है। संगठन उन तमाम मुद्दों पर भी काम करना चाहती है, जिसमें झारखंड प्रदेश के कोष का दुरुपयोग किया जा रहा है। संयोजक वीर सिंह देवगम,भरत सिंह एवं सभी कार्यकर्ता ने कार्य को श्रद्धा पूर्वक करने की सूचना राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से प्रेषित की।

**प्रेस कांफ्रेंस : अपने वादों को भूलता नहीं, पूरा करता हूं : मिथिलेश ठाकुर**

# गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 16 करोड़ की लागत से पांच पुलों का होगा निर्माण

**ग्रामीण विकास विभाग से मिली प्रशासनिक स्वीकृति**

**शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

गढ़वा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न नदी व नालों पर पांच उच्चस्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा। करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इन पांच पुलों की ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा सदर प्रखंड, मेराल व रंका प्रखंड में एक-एक तथा रमकंडा में दो पुलों का निर्माण किया जायेगा।

इसके तहत रमकंडा प्रखंड के हरहे एवं चटकमान के बीच हातु नदी पर तीन करोड़, 21 लाख, 51 हजार रुपये की लागत से, बलीगढ़ ग्राम पंचायत के ग्राम कुसमार में सड़काही नदी पर दो करोड़, 74 लाख, 94 हजार पांच सौ रुपए, गढ़वा सदर प्रखंड के नवाडीह के उरांव टोला में बंडा नदी (अन्नराज) पर तीन करोड़, सात लाख, 20 हजार 600 रुपये, मेराल प्रखंड के पढ़ुआ एवं रकियाढेरी बीच लोकल नाला पर तीन करोड़, 11 लाख, पांच हजार 300 रुपये एवं रंका प्रखंड के चुतरू पंचायत में बंदू से अनहर रोड में सोरतघटी नदी पर तीन करोड़, आठ लाख, 99 हजार, 400 रुपये की लागत से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे जो वादा करते हैं उसे भूल नहीं जाते हैं बल्कि पूरी तत्परता के साथ पूरा करते हैं। उनके कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व एवं चुनाव के बाद भी क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों की दुर्दशा देखी है और उसी समय उन सभी समस्याओं को दूर करने का संकल्प लिया है। जो अब एक एक कर पूरा किया जा रहा है। उक्त गावों में पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को बरसात के समय में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। परंतु अब आगामी बरसात से पूर्व ही ग्रामीणों की समस्या दूर हो जाएगी। पिछले कई दशकों से ग्रामीण इन पुलों के निर्माण की मांग कर रहे थे। पिछले चुनाव में क्षेत्र भ्रमण के दौरान मैंने ग्रामीण जनता से यह वादा किया था कि यदि मैं प्रतिनिधि बनता हूं तो अपने कार्यकाल में इनका निर्माण जरूर कराऊंगा। आज अपना वादा पूरा करते हुए असीम प्रसन्नता हो रही है।

## कांडी के युवक की चेन्नई में मौत, शव पहुंचते ही गांव में छाया मातम

**कांडी (आजाद सिपाही)।** पलायन की बलि वेदी पर प्रखंड के एक और युवक की मौत हो गयी। रविवार की सुबह आठ बजे जैसे ही मृतक का शव लेकर एम्बुलेंस घर पर कोरगाई पहुंची घर व गांव में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र अंतर्गत खरौंधा पंचायत के कोरगाईं गांव निवासी रामावतार मेहता का 36 वर्षीय पुत्र हरिद्वार मेहता की मौत 18 नवम्बर को इलाज के दौरान चेन्नई के नेल्लौर स्थित एक हॉस्पिटल में हो गई थी। मृतक हरिद्वार नेल्लौर स्थित टाटा कंपनी में मेकैनिक के पद पर काम करता था। वह पिछले आठ वर्षों से उस कंपनी में काम करता था। हरिद्वार घर से 11 नवम्बर को नेल्लौर गया था। घर से जाने के बाद वह चार दिन काम किया था। 17 नवम्बर की रात 11 बजे उसने घर पर लोगों से बात की थी। 17 नवम्बर की रात्रि में उसकी तवियत खराब हुई इलाज के लिए किम्स नामक अस्पताल में भर्ती किया गया जहां हार्ट अटैक के कारण उसकी मौत हो गयी। मृतक का शव पैतृक आवास पहुंचते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। मृतक अपने पीछे पत्नी कंचन देवी, एक पुत्र चंदन कुमार (12), दो पुत्री चांदनी कुमारी (10), नंदनी कुमारी (08) को छोड़ गया है।

# भूमि पर दखल कब्जा दिलाने पहुंची प्रशासनिक टीम को झेलना पड़ा लोगों का भारी विरोध

**विरोध के बावजूद दंडाधिकारी ने ढोल बजवाकर भूस्वामी को दखल कब्जा दिलाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** गढ़वा कोर्ट के आदेश के अलोक में रविवार को दो डिसमिल भूमि पर भूस्वामी को दखल कब्जा दिलाने पहुंची कार्यपालक दंडाधिकारी निशात अंजुम एवं पुलिस प्रशासन को लोगों का विरोध झेलना पड़ा। विरोध के बावजूद दंडाधिकारी तथा पुलिस ने ढोल बजवाकर भू स्वामी बैजनाथ प्रसाद को दखल कब्जा दिलाते हुए खूंटा गड़ी कराया। इस दौरान कोर्ट के नाजिर और कर्मचारी भी मौजद थे। जानते चलें कि वन विभाग के चेकनाका के समीप एक वृद्ध विधवा महिला शिवकली कुंवर करीब 50 वर्षों से झोपड़ीनुमा मकान बना कर रह रही है। वहीं बैजनाथ प्रसाद का भी उसी जगह 10 डिसमिल जमीन है। उक्त जमीन को लेकर सिविल कोर्ट में बैजनाथ प्रसाद एवं शिवकली कुंवर के बीच 10 वर्षों तक चली केस में कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर बैजनाथ प्रसाद के पक्ष में फैसला सुनाया तथा दंडाधिकारी नियुक्त कर भूस्वामी को दखल कब्जा दिलाने का निर्देश दिया।



**ग्रामीणों ने कहा- इस असहाय विधवा वृद्धा के साथ खड़े हैं, फैसले के खिलाफ हम सभी कोर्ट में याचिका दायर करेंगे**

कोर्ट के निर्देश पर दखल कब्जा दिलाने पहुंचे कार्यपालक दंडाधिकारी तथा पुलिस को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा। ग्रामीणों ने दंडाधिकारी से कहा कि एक गरीब वृद्ध विधवा महिला के घर को उजाड़ने नहीं देंगे। कहा कि एक गरीब विधवा जिसका समय के साथ सबकुछ छीन गया, वह अपने एकमात्र नाबालिग पोते के साथ पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से अपना पूरा जीवनकाल यहीं पर गुजार चुकी है। कोर्ट ने एकपक्षीय फैसला देकर उसे दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर कर दिया है। कहा कि बिना सीमांकन कराये ही उसे घर से बेदखल करने का कार्य किया गया है, जो न्याय प्रणाली के खिलाफ है। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कहा कि भवनाथपुर वासी इस वृद्ध असहाय विधवा महिला के साथ खड़े हैं, कोर्ट के फैसले के खिलाफ हम सभी कोर्ट में याचिका दायर करेंगे।

**बार बार बेहोश हो जा रही थी, वृद्ध महिला :** रविवार की सुबह कोर्ट के आदेश पर जमीन खाली कराने पहुंची दंडाधिकारी और पुलिस प्रशासन को देख वृद्ध महिला शिवकली कुंवर हक्का बक्का रह गयी। वह दंडाधिकारी के पैरों पर गिरकर गिड़गिड़ाते हुए बोली कि हाकिम हम पिछले 50 साल से अधिक समय से इस भूमि पर अपना आशियाना बनाकर रह रहे हैं, जो मुझे वन विभाग ने दिया था। यह कहते कहते वह बेहोश हो जा रही थी। कहा कि मुझे यहां से भगाने के लिए दूसरे पक्ष के दबंग प्रवृत्ति के लोग कई तरह के प्रलोभन दिये, जब मैं नहीं मानी तो ये लोग अपने रुतबा और पैसे की बदौलत केस करते हुए अपने पक्ष में फैसला लिया और मुझे उजाड़ने में लगे हुए हैं। वृद्ध महिला के करूण क्रन्दन सुनकर अधिकारी भी हतप्रभ दिखे।

# सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचे प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेराल।** मेराल के प्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी डॉ अनिल साह शनिवार की देर शाम में सड़क हादसे में बाल-बाल बचे गए। एनएच 75 पर मेराल में एआईडी के समीप चरमुहान के पास एक साइकिल सवार वृद्ध व्यक्ति को बचाने में कार एक्सीडेंट हो गया। जानकारी के अनुसार डॉ अनिल साह अपनी कार से मेराल से गढ़वा की ओर जा रहे थे, कि चरमूहन के पास अचानक साइकल सवार पुरवारा टोला निवासी अलमुद्दीन शेख सड़क पार करने के लिए मुड़ गये। अचानक कार के सामने साइकिल सवार को देख चालक ने कार को तेजी से बायीं ओर काट दिया जिससे हाई वोल्टेज लोहे के पोल को छूते हुए लोहे के स्टेक में आगे जाकर फंस कर दूसरी तरफ के स्टेक में जाकर टंग गयी, नहीं तो कर 7-8 फिट गढ्ढे में कार गिर जाती। गनीमत यह रही कि न तो कार पोल से टकरायी और न ही स्टेक में जोरदार टक्कर के बाद भी विद्युत प्रवाहित तार टूटा। नहीं तो बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इस घटना में साइकिल सवार को मामूली चोट आयी है, जिन्हें अस्पताल में इलाज के बाद घर भेज दिया गया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में उनके समर्थक तथा आम लोग पहुंच गए। घटनास्थल पर कार की स्थिति को देख सभी ने कहा कि डॉ अनिल साह के अच्छे कर्मों की वजह से कुछ नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर थाना पुलिस पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा हाइड्रा को बुलाकर कार को वहां से सुरक्षित निकाला गया।

घटनास्थल पर पहुंचे व्यवसायी संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार जायसवाल, मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोरखनाथ साह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ दीपक कुमार सिन्हा, डॉ लाल बहादुर साह, मुखिया रामसागर महतो, डॉ दीपक कुमार यादव, डॉ लाल मोहन, पंकज जयसवाल, झामुमो नेता ज्ञान रंजन मिश्रा, संजय प्रसाद, रामाकांत प्रसाद सहित बड़ी संख्या में पहुंचे समर्थक एवं आम लोगों ने कहा कि लोगों की सेवा से मिली दुआ की बदौलत बड़ी दुर्घटना के बाद भी डॉ अनिल साह को खरोंच तक नहीं आयी।

## पशु तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुरूआ में वरीय पदाधिकारी की सूचना के आलोक में पशु तस्करों के विरुद्ध संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें घुरूआ में पशु तस्कर द्वारा तीन गोवंशीय पशु हांककर ले जाया जा रहे थे। जहां स्थानीय पुलिस ने तीन मवेशियों को जब्त कर पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पशु तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पशु तस्कर शौकत अली (60) पिता स्व. मुरसलिम खान, ग्राम बभनी थाना बरडीहा का निवासी है। छापेमारी अभियान मेंपुलिस निरीक्षक राजीव कुमार, थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो, विकास कुमार वहीं थाना के सशस्त्र बल भी शामिल थे।

# उपायुक्त ने मुसहर परिवारों की समस्याएं सुनी

**उपायुक्त ने धर्मडीहा ग्राम के मुसहर परिवारों के सात दिनों के अंदर आधार कार्ड एवं राशन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने गढ़वा प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत अंतर्गत धर्मडीहा ग्राम के मुसहर परिवारों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। समस्याओं से अवगत होने के उपरांत सभी मुसहर परिवारों के आधार कार्ड एवं राशन कार्ड निर्माण तथा बच्चों को स्कूल भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। सात दिनों के अंदर आधार कार्ड एवं राशन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जमीन व घर की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। सभी से अपने अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की बात कही। जिला शिक्षा अधीक्षक गढ़वा से बात करके कैंप लगाकर सभी बच्चों का नामांकन कराते हुए उनके लिए यूनिफार्म, टिफिन बॉक्स, कॉपी, कलम, किताबें, पोशाक आदि अन्य शिक्षण संबंधी आवश्यक सामग्री मुहैय्या कराने का निर्देश दिया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने आधार कार्ड नहीं होने के कारण किसी भी वृद्ध व्यक्ति अथवा दिव्यांगों को पेंशन का लाभ नहीं मिलने की बात कही।

मौके पर उपस्थित डीपीओ यूयूआईडी गिरीश्वर सिंह को उपायुक्त श्री घोलप द्वारा निर्देश दिया गया कि कल ही (दिनांक 20 नवंबर 2022) को आधार कैंप लगाकर सभी का शत-प्रतिशत आधार कार्ड बनायें। उपायुक्त ने सभी मुसहर परिवारों के लिए सभी संभव सहायता यथाशीघ्र करने की बात कही। 17 परिवारों के लगभग 77 व्यक्तियों के लिए घर दिलाने हेतु अंचल अधिकारी, गढ़वा कुमार मयंक भूषण को भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया। मुसहर परिवारों से पशुपालन के संबंध में जानकारी ली गई। किसी ने भी अपने पास पशु नहीं रहने के कारण किसी भी प्रकार के पशु पालने की बात नहीं कही। उपायुक्त श्री घोलप ने मुसहर परिवारों को पशुपालन योजना से आच्छादित करने की बात कही, जिसके तहत सुकर एवं बकरी पालन करने की सलाह दी। आधार कार्ड बनने के उपरांत सभी को राशन कार्ड एवं पेंशन योजना से आच्छादित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित किया गया। उपायुक्त श्री घोलप ने सभी मुसहर परिवारों से उन्हें अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक रहने को कहा। उन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें ताकि पढ़ लिख कर तरक्की करें। मौके पर सभी मुसहर परिवारों के बीच उपायुक्त द्वारा कंबल वितरण किया गया एवं उन्हें योजनाओं से आच्छादित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को कैंप लगाते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अंचल अधिकारी कुमार मयंक भूषण, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा संजीव कुमार सिंह, जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडे, प्रखंड प्रमुख विमला देवी, मुखिया अशोक कुमार, पंचायत सेवक रंजन दुबे सहित समाहरणालय एवं प्रखंड के अन्य कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भंडरिया थाना प्रभारी ने फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

भंडारिया। भंडरिया थाना एसपी अंजनी कुमार झा के आदेश पर भण्डरिया थाना प्रभारी शह इंस्पेक्टर संजय कुमार खाखा ने टीम गठित कर के कांड सं. 26 /16 एवं 28 /16 में फरार चल रहे अभियुक्त प्रदीप उर्फ प्रदीप सिंह खरवार पिता उपेंद्र सिंह खरवार, ग्राम बरियातू थाना लातेहार जिला लातेहार निवासी के यहां ढोल नगाड़े के साथ इश्तेहार एवं तमिला चिपकाया।

बताया गया कि यह अभियुक्त माओवादी उग्रवादी से संलिप्त है एवं लातेहार जिला के हेरहंज थाना के सिद्दीक गांव के रहने वाले छोटू जी उर्फ छोटू सिंह खरवार पिता नानकू सिंह खरवार के यहां भी इसी कांड संख्या में दोनों आदमी को अलग-अलग तमिला किया गया। भंडरिया थाना के एसआई आरके महतो के द्वारा इश्तेहार एवं तमिला चिपकाया गया। यह दोनों अभियुक्त बहुत दिनों से फरार चल रहे हैं। घरवालों को भंडरिया थाना के एसआई आरके महतो के द्वारा जल्द से जल्द भंडरिया थाना में आकर सरेंडर करने की बातें कही गयीं, नही तो कुड़की जब्ती कर ली जाएगी

## भाजपा नेता की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के ग्राम कंचनपुर निवासी भाजपा नेता ललित राम की पत्नी प्रमिला देवी 55 वर्ष की मृत्यु रविवार को सुबह में हृदय गति रुकने से हो गई। वहीं दूसरी ओर दर्जी मोहल्ला निवासी मकसूद खलिफा (40) पिता स्व. जफरूद्दीन खलीफा की मृत्यु गत रात्रि को हृदय गति रुकने से हो गई है। भाजपा नेता की पत्नी के निधन पर भाजपा नेता डॉ दीनानाथ प्रसाद, विहिप अध्यक्ष सुलपानी सिंह, सुनील माली, बसंत प्रसाद, झामुमो नेता संतोष कुमार रवि, बसपा जिलाध्यक्ष भाई संजय कुमार गौतम, भाजपा नेता विनोद राम, अजय रविदास ने घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

## मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुमंडल मुख्यालय के मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नामधारी कॉलेज गढ़वा के हिंदी विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर घनश्याम पांडेय उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रोफेसर घनश्याम पांडेय ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में इस तरह के प्रतियोगिता कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों में निखार आती है तथा बच्चों में प्रतियोगिता की भावनाओं का विकास होता है। इस अवसर पर कोचिंग सेंटर के व्यवस्थापक धीरज कुमार सिंह, संगीत शिक्षक पवन कुमार पांडेय, नंदन, सोनाली, रिया गुप्ता, अंगद, मनीष, अनु शुभम, गुंजाइश गुप्ता, तनु प्रिया पांडेय, इकबाल, शिवम, पवन पांडेय, अर्पणा सिंह, सुशील कुमार, रिया कुमारी दुबे सहित गणमान्य व्यक्ति काफी संख्या में उपस्थित थे।

**बैठक : जिला स्तर पर आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजयुमो कार्यकर्ताओं को सौंपी गयी जिम्मेवारी**

# आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में युवाओं की अहम भूमिका होगी : ओम प्रकाश केशरी



**आक्रोश प्रदर्शन में पांच हजार भाजयुमो कार्यकर्ता होंगे शामिल : रितेश चौबे**

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में भाजयुमो की अहम भूमिका में रहेगी। जिस तरह से हेमंत सरकार ने विधानसभा चुनाव पूर्व 2019 में झारखंड के युवाओं से वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद पांच लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा अन्यथा बेरोजगारी भत्ता देंगे और अगर नहीं दे सके तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे लेकिन झामुमो सरकार जब सत्ता में आयी तो हेमंत सोरेन सत्ता भोगी बनकर राज्य की जनता को लूटने में मस्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, विधायक और उनके बनाये गये प्रतिनिधि खुलकर झारखंड को लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो युवा हेमंत सरकार को सत्ता में बैठाये हैं वही झारखंड के युवा सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हो चुके हैं। हेमंत सरकार में लाखों पद खाली पड़े हुए हैं लेकिन झारखंड के पढ़े-लिखे युवा दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के खिलाफ गढ़वा जिला सहित पूरे झारखंड के युवाओं में काफी आक्रोश है। आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम को लेकर सभी मंडल में बैठकें की जा रही हैं। भाजयुमो कार्यकर्ता पंचायत स्तर से निकल कर आक्रोश प्रदर्शन में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा आयोजित आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में पांच हजार भाजयुमो कार्यकर्ता शामिल होंगे।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजयुमो जिला कार्यालय गढ़वा में आगामी आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रीतेश चौबे ने किया। जिला स्तर पर आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो को कार्यकर्ताओं को सफल बनाने को लेकर जिम्मेवारी सौंपी गयी। झंडा बैनर तख्ती सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य कार्य की जिम्मेवारी दी गयी।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम में युवाओं की अहम भूमिका होगी। झामुमो सरकार में आम जनता सुरक्षित नहीं है जनता त्राहि त्राहि कर रही है हर जगह लूट मची हुई है। व्यवसायी, युवा, किसान, महिला सभी लोग त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में अपराधियों का मनोबल काफी ऊंचा हो चुका है। लूट, हत्या, बलात्कार की घटनाएं आम हो चुकी हैं। घूसखोरी चरम पर पहुंच गयी है। भाजपा जिला महामंत्री सह भाजयुमो जिला प्रभारी संतोष दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में जनता सुरक्षित थी लेकिन हेमंत सरकार में लुट की पुरी छूट है। वर्तमान में सत्ता परिवर्तन लाकर ही झारखंड को बचाया जा सकता है। यहां पर लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में गढ़वा जिले में अपराधियों का खुलेआम गुंडाराज चल रहा है। अवैध कारोबार सरकार का गहना बना हुआ है। सत्ता में बैठे लोग हर तरीके से गरीबों का खून चूस रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों को ठीक से राशन भी नहीं मिल रहा है। गढ़वा जिला के अनेकों स्थानों पर जनता के अधिकारों का हनन हो रहा है। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता अब बर्दाश्त नहीं करेंगे। जनता के हित में जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नितीश पटेल को भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दूबे, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, अविनाश पासवान, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, सोशल मीडिया प्रभारी अनिमेष दुबे, जिला कार्यसमिति सदस्य डॉ लालमोहन, अजीत तिवारी, रंजीत चौरसिया, संतोष चंद्रवंशी, राजकुमार विश्वकर्मा, महेंद्र यादव, बलराम यादव, रुपेश दुबे, अनीत तिवारी, रविन्द्र कुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## सूर्य नारायण मंदिर में आम आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम नरेश यादव ने टेका माथा



**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार प्रखंड के सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर में आम आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम नरेश यादव एवं उनके सहयोगी ने आकर माथा टेका। उन्होंने केतार प्रखंड वासियों की खुशहाल जीवन के लिए भगवान सूर्य से आशीष मांगा। उन्होंने बताया कि केतार प्रखंड में विकास की गति बहुत धीमी है, आजादी के बाद भी कुछ टोले में जाने के लिए सड़क नहीं है। वैसे अभी वृद्ध व्यक्ति को पेंशन नहीं मिल रही है, जिनकी उम्र 80 वर्ष के पार है। परंतु अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है। रामनरेश यादव ने विकास से अछूते लोगों से आग्रह किया है कि अब जमीनी पार्टी आपके हर सुख दुख में साथ रहेगी एवं आपके अधिकार के लिए हमेशा आपका साथ देगी। साथ ही बताया कि आम आवाम मोर्चा पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी देगी। इसके लिए केतार प्रखंड के सभी गांव में दिसंबर के अंत तक कमेटी गठन करने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर शिवशंकर यादव, रवि हुसैन, अशोक राम, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 21 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
08

## उप प्रमुख ने जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे

**चंदवा।** चंदवा के उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने अलोदिया पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि के साथ मिलकर जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटने का काम किया वही श्री मिश्रा ने बताया कि हम रात्रि में सोए हुए गरीबों के बीच जाकर जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटने का काम किया लगभग डेढ़ सौ से 200 लोगों के बीच जाकर यह कार्य किया है वही कंबल बांटने का काम ठंडी के दिनों में लगातार रात्रि में किया जाएगा क्योंकि अमीर लोग के पास तो बहुत सारी व्यवस्था रहती है परंतु गरीबों के पास ठंडी के दिनों में रजाई या अन्य चीज नहीं हो पाती और ठंडे में किसी तरह रात्रि को सो पाते हैं किसी को देखते हुए हम लोगों ने निर्णय लिया कि सोए हुए व्यक्ति को जाकर हम लोग कंबल देने का काम करें जो यह पुणे का कार्य होगा।

# मानिका विधायक ने 16 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता


योजनाओं का शिलान्यास करते विधायक।


कार्यक्रम उपस्थित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जनता।

**मानिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में दिन रविवार को मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने मनिका प्रखंड क्षेत्र के 16 करोड़ की योजनाओं का किये शिलान्यास। जिसमें 31 लाख रुपया की योजना विधायक विधायक कोटे की थी योजना में पीसीसी पथ कालीकरण रोड पुल इत्यादि शामिल है। मौके पर स्थानीय लोगों ने विधायक को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक ने स्थानीय लोगों का समस्या को सुना । लोगों ने विधायक को सड़क नाले संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने शीघ्र ही समस्या का निदान हेतु सार्थक पहल करने का भरोसा दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, कांग्रेस लातेहार जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, वरिष्ठ नेता कामेश्वर प्रसाद यादव, सुरेंद्र भारती, ठेकेदार मुमताज खान, तस्लीम अंसारी, अंजू यादव, संबोधी यादव, गुलाम हुसैन, साबिर अंसारी, सरवर अंसारी, सरवर अंसारी, ओम प्रकाश कुमार यादव, समेत सैकड़ों की संख्या में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के कार्यकर्ता उपस्थित देखे गए।

## नाई समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

कुतुबुद्दीन



**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय के सरकारी जोत स्थित खेल मैदान में शनिवार को नाई ठाकुर समाज की प्रखंड स्तरीय कमेटी विस्तार को लेकर लक्षमण ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए दशरथ ठाकुर ने कहा कि हर समाज अपने अपने कमेटी बना कर समाज का उत्थान कर रहा है हमारी भी कमेटी है पर समाज में एक जुटता नहीं है जिस कारण हमारे समाज में अनेक प्रकार की बुराईयां पायी जा रही है जिससे हमारा समाज खोखला होता चला जा रहा है। जिसका मुल कारण शिक्षा, अंधविश्वास, दहेज जैसे अनेको कारण है। उन्होंने आगे कहा कि इस बैठक में संकल्प लेने की आवश्यकता है कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा, शराब मुक्त समाज बनायेंगे। इसके पश्चात कमेटी विस्तार पर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से साल्वे पंचायत के जबरा निवासी सर्वण ठाकुर को दोबारा अध्यक्ष चुना, गोनिया के गडगोमा निवासी अशोक ठाकुर और बारियातु निवासी रघुनंदन ठाकुर को उपाध्यक्ष, साल्वे निवासी रामचंद्र ठाकुर को सचिव, बारियातु निवासी कमल ठाकुर और फुलसु निवासी सतीश ठाकुर को उपसचिव, बारियातु निवासी पप्पू ठाकुर को कोषाध्यक्ष, शिबला के राजगुरु निवासी विजय ठाकुर को उपकोषाध्यक्ष, बारिखाप निवासी मनोज ठाकुर और गाड़ी निवासी अनिल ठाकुर को मिडिया प्रभारी चुना गया। जबकि छह सलाहकार समिति और पच्चीस लोगों को सक्रिय सदस्य के रूप में चुना गया। सभी चुने गये पदाधिकारीयों को माला पहना कर स्वागत किया गया। मौके पर बालुमाथ समाज के अध्यक्ष जैन ठाकुर, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष अशोक ठाकुर, युगेशवर ठाकुर, रूपेश ठाकुर, कपीलदेव ठाकुर, रमेश ठाकुर, गोविन्द ठाकुर, फनिक ठाकुर, विकास कुमार ठाकुर, सहादेव ठाकुर, हिरा ठाकुर, आशिस ठाकुर, संदीप ठाकुर, नितीश ठाकुर सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

## महिला का शव नदी से किया गया बरामद

**बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



### क्या कहते हैं मृतिका के पति और पुत्र

मृतिका के पति परमेश्वर सिंह ने बताया कि हमारी पत्नी अहले सुबह शौच के लिए घर से बाहर निकली हुई थी। उसकी मानसिक स्थिति खराब है। 2 से 3 घंटे के बाद हम लोगों को सूचना मिली कि हमारी पत्नी नदी में डूब गयी है। जब तक हम लोग पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र में लुहुर नदी से पुलिस ने एक अधेड़ महिला का शव बरामद किया है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस महिला की हत्या या आत्महत्या समेत अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। मृत महिला की पहचान पैरा निवासी रमपतिया देवी, 55 से 60 वर्ष के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बरवाडीह थाना क्षेत्र के लुहुर स्थित नदी में एक महिला का शव देखकर गांव में यह बात आग की तरह फैल गयी। जिसके बाद इस बात की सूचना बरवाडीह थाना को दी गयी। सूचना के बाद बरवाडीह थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव को नदी से निकलवाया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इस मामले में थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के लुहुर स्थित नदी से एक महिला का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान वहा मौजूद ग्रामीणों और परिवार वालो के द्वारा कर ली गयी है। अब महिला की मौत हत्या है या आत्महत्या कह पाना मुश्किल है। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**कैरो।** बढ़ते ठंड को देखते हुए अंचल सह प्रखंड कार्यालय उपलब्ध कराये गये कंबलों का वितरण नरौली पंचायत समिति सदस्य सुखमनी देवी के प्रतिनिधि सह जेएमएम के पंचायत सचिव प्रवीण साहू के द्वारा नगजुआ और अंबवा के 35 असहाय वृद्ध वृद्धा के बीच किया गया। मौके पर प्रवीण साहू ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री के द्वारा गरीब असहाय लोगों के लिए अनेको जनकल्यानकारी योजनाएं संचालित किया जा रहा है उसी के तहत गरीबों को ठंड से बचने के लिए कंबलों का वितरण किया जा रहा है। ताकि कोई भी असहाय गरीब को ठंड न झेलना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी जरूरतमंदों को कम्बल मुहैया कराया जायेगा। जरूरत पड़ने पर अपने निजी स्तर से भी कुछ लोगों को वितरण किया जायेगा।

## जदयू जिलाध्यक्ष का चुनाव संपन्न



**लातेहार।** जिला मुख्यालय के बाजारटांड़ स्थित जनता दल यूनाइटेड के कार्यालय में जिला अध्यक्ष का चुनाव जिला निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद मोईन की देख-रेख में संपन्न हुआ। चुनाव में मौजूद सभी लोगो द्वारा सर्वसम्मति से पूर्व जिला अध्यक्ष निजामुद्दीन कुरैसी को ही तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया। कार्यालय में उपस्थित जिला चुनाव पर्यवेक्षक अशोक निगम ने निजामुद्दीन कुरैसी को जिला अध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित होने की घोषणा कर उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी। अध्यक्ष पद पर तीसरी बार चुने जाने के बाद निजामुद्दीन कुरैसी ने कहा कि बिहार सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता के लिए वे तत्पर रहेंगे तथा पार्टी और संगठन की विचाराधारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए हरसंभव कोशिश करेंगे। आगे कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री पद के प्रबल दावेदार है। आगामी लोकसभा चुनाव में उनको प्रधानमंत्री बनाने का कार्य किया जायेगा। वही उनके इस मनोनयन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी व्याप्त है। मौके पर राम लगन सिंह, अर्जुन प्रजापति, नवाज, मनोज ठाकुर, संतोष जायसवाल, संतोष कुमार, विनोद राम, गंगाराम, उमेश नायक, महेंद्र सिंह, वहाब अंसारी, राजकुमार बैठा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लातेहार में उग्रवादियों ने जुआरियों के साथ मारपीट कर दस लाख रुपये लूटे

**लातेहार।** जेजेएमपी उग्रवादियों ने शुक्रवार की शाम सदर थाना क्षेत्र के गोवा गांव में जुआरियों के साथ जमकर मारपीट कर उनके पास से लगभग दस लाख रुपये लूट लिए। हालांकि इस दौरान कई जुआरी भागने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार गोवा गांव के समीप प्रति दिन की तरह बड़े पैमाने पर जुआ का खेल चल रहा था। इसकी भनक जेजेएमपी उग्रवादियों को लगी और उन्होंने मौके का फायदा उठाकर सभी जुआरियों को घेरने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ जुआरी पकड़े गये और उसके पास से मारपीट कर गहना, बाइक समेत नगद रुपये लूटपाट की गयी। वहीं कई जुआरी मौके के फायदा उठाते हुए फरार हो गये। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि पुलिस को मामले की सूचना मिलते ही गांव पहुंचकर मामले की जांच की गयी है। इस गांव में जुआरियों के साथ लूटपाट की घटना हुई है। मौके पर पुलिस भेजी गयी थी। पुलिस के पहुंचने तक तक सभी फरार हो गये थे। अभी किसी के द्वारा मामला दर्ज नहीं कराया गया है। जानकारी के अनुसार जेजेएमपी का हथियारबंद दस्ता सुप्रीमो पप्पू लोहरा के साथ सवारी गाड़ी से गोवा महिला कालेज के समीप पहुंचा और वहां से पैदल जुआरियों के अड्डे पर पहुंचकर उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। फिर मारपीट कर गहना, रुपये और बाइक लूट कर फरार हो गये।

## जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े का वितरण



**मानिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड के राकीं कला पंचायत के ग्राम नकटा भुईयां टोला में आज दिन रविवार को नारायण सेवा समिति सतबरवा के द्वारा जरूरतमंदों को साड़ी धोती गर्म वस्त्र वितरण किया गया। नारायण सेवा समिति को जो कपड़ा उपलब्ध कराया गया था मेदनीनगर बेलवा टिकर निवासी वार्ड पार्षद अंजना देवी पति श्री मान महेश के द्वारा कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों के तन को गर्म रखने के लिए लोग सेवा भाव से मदत को आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में नारायण सेवा समिति सतबरवा के द्वारा बढ़ते ठंड को देखते हुए प्रखंड के चौक-चौराहे पर घूम घूम कर जरूरतमंदों व अत्यंत गरीब निर्धन के बीच कंबल और गर्म कपड़े का वितरण किया गया। अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने बताया कि ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लगातार कंबल व गर्म कपड़े का वितरण किया जा रहा है। यह कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा। मौके पर निर्दोष कुमार बिहारी प्रसाद शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कुआं से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के गुड़गांव निवासी स्वर्गीय कलेश्वर उरांव की पत्नी 60 वर्षीय रधवा उरांव पिछले 2 दिनों से लापता थी जिसकी शिकायत लोहरदगा सदर थाना में किया गया था। जिनका शनिवार को गांव के ही फुल देव उरांव के कुए से पुलिस ने शव को बरामद किया है आपको बता दें की पिछले 2 दिनों से राधवा उरांव गुमशुदा होने पर घरवालों ने लोहरदगा सदर थाना में गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराया था जिसके बाद छानबीन पर आज शनिवार को फुलदेव उरांव के कुआं से शव को बरामद किया गया वहीं शव को कुएं से निकाल लिया गया है। और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया कुएं से महिला के शव को बरामद करने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

## नाबालिग बच्ची के लापता होने का सनहा दर्ज, जांच में अपहरण का मामला आया सामने

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा के झालजमीरा से नाबालिक बच्ची के लापता की सूचना पर हुआ सनहा दर्ज में पुलिस कारवाई के दौरान मामला अपहरण का सामने आया, एक नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के झालजमीरा से कस्तूरबा गांधी बालिका आवसीय विद्यालय सेन्हा के लिए घर विगत 19 दिन पहले निकली थी। जो विद्यालय नही पहुंची इसकी जानकारी 13 नवंबर को पिता को हुआ जब वह अपने पुत्री निर्मला कुमारी वर्ग 10वीं के छात्रा से मिलने आवासीय विद्यालय सेन्हा पहुंचा। तभी विद्यालय प्रबंधक द्वारा बताया गया कि वह विद्यालय नहीं आई है। जिसपर निर्मला कुमारी के पिता बिफई उरांव एवं परिजनों ने छानबीन के उपरांत थाना को घटना की जानकारी देते हुए सनहा दर्ज कराया था। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि नाबालिक बच्ची के गुमशुदा का मामला दर्ज कर पुलिस कारवाई जारी था। इसी दरमियान नाबालिक बच्ची के पिता ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि मुझे संदेह है कि मेरी पुत्री को लोहरदगा थाना क्षेत्र के हेसल निवासी स्व. रामदेव उरांव का 23 वर्षीय पुत्र मुकेश उरांव बहला फुसला कर कहीं लेकर चला गया है। जिसके आलोक में नाबालिक बच्ची के अपहरण मामला में कांड संख्या 117/22 धारा यूएस 363 366 ए के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई आरंभ कर दिया गया है।

## मच्छर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए फॉगिंग मशीन से होगा दवा का छिड़काव

लातेहार। शहर में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नगर पंचायत विभाग द्वारा फॉगिंग मशीन से दवा का छिड़काव किया जायेगा। इसके लिए नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शेखर कुमार ने पत्र निकालकर वार्ड में छिड़काव को लेकर तिथि जारी किया है। जारी सूची में बताया गया है कि 22 नवंबर को वार्ड नंबर एक करकट, 23 नवंबर को वार्ड नंबर दो बानपुर, 24 नवंबर को वार्ड नंबर तीन राजहार, 25 नवंबर को वार्ड नंबर चार डुडवा, 26 नवंबर को वार्ड नंबर पांच डुडवा, 27 नवंबर को को वार्ड नंबर छह डुडवा, 28 नवंबर को वार्ड नंबर 11 में मंडल कारा लातेहार, 29 नवंबर को वार्ड नंबर सात लातेहार, 30 नवंबर को वार्ड नंबर आठ लातेहार, 1 दिसंबर को वार्ड नंबर 9 लातेहार, 2 दिसंबर को वार्ड नंबर दस तापाखास व गिजनियताड़, तीन दिसंबर को तापाखास व चन्दनडीह, चार दिसंबर को वार्ड नंबर 12 अमवाटिकर, पांच दिसंबर को वार्ड नंबर 13 अमवाटिकर पहाडपुरी, छह दिसंबर को वार्ड नंबर 14 चंदनडीह, सात दिसंबर को वार्ड नंबर 15 धर्मपूर, आठ दिसंबर को सभी पदाधिकारियों के आवासीय कार्यालय में दवा का छिड़काव किया जायेगा। उन्होंने कहा कि दवा छिड़काव करने पहुंचे कर्मियों को मदद करें और अपने घरों की खिड़कियां दरवाजे को खुला रखें। इस दौरान खाने-पीने की वस्तुएं को ढाक कर रखे ताकि उन पर दवा का असर नहीं हो सकें।

## कोडरमा में ईसाई समुदाय ने शोभा यात्रा निकाला

**कोडरमा।** ख्रीस्त हमारा राजा है, प्रभु ईश्वर उन्हें उसके पिता दाऊद का सिंहासन प्रदान करेगा, वह चाकूला के घराने पर सदा सर्वदा राज्य करेंगे और उसके राज्य का कभी अंत नहीं होगा। कोडरमा ईसाई समुदाय के द्वारा खीरल राजा परका मनाया गया। इस अवसर पर हर्षोल्लास के साथ हॉली फैमली हॉस्पीटल परिसर से जीवन ज्योति कथोलिक चर्च तक शोभा यात्रा निकाला गया जिसमें सभी कमोलिक रक्षीस्तीय समुदाय के लोगों ने माग लिया। इस अवसर पर फ. सहायक पल्ली पुरोहित पल्ली पुरोहित फा0 पैट्रीक जिंज एवं पर. पौलुस बराला के बलिदान की अगुवाई किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सि. लुई मेरी, सि पुष्पम सि जया सिं. द्वारा मिस्सा सि. रंजना ने और अन्य लोगों सिस्टरों ने भाग लिया। साथ ही मि. बृजमोहन प्रसाद, 500 बिमल प्रसाद, जि. देवानिस सल्ला, मि तरखिनु सकुजूर सुमा सि. मि. बेंजामिन एका मि जोणाकिम टोपनो मिठ कमल हेम्ब्रोज मिल रही बड़ा, सचिव अनिल हंसदा के द्वारा इस समारोह को सफल बनाया गया।

## लोहरदगा नगर पालिका : निर्वाची पदाधिकारी के नामों की सूची जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 541 (3) एवं (4) तथा झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली 2012 के नियम 25 एवं 26 के अध्यधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड लोहरदगा जिला अंतर्गत नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2022-23 के निमित्त अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के निर्वाचन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा नामित किये गये पदाधिकारियों को निवार्ची पदाधिकारी एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी के रूप में पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट करते हुए अधिसूचित करता है। लोहरदगा नगर परिषद (वर्ग ख) पद का नाम-अध्यक्ष के लिए पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट निवार्ची पदाधिकारी गरिमा सिंह, अपर समाहर्ता, लोहरदगा कि पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट सहायक निवार्ची पदाधिकारी में पवन कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी व विभाकर कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, लोहरदगा को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वही वार्ड सदस्य पद के लिए वार्ड संख्या 1-5 तक के लिए प्रतिभा कुजूर, अंचल अधिकारी को पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट निवार्ची पदाधिकारी व पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट सहायक निवार्ची पदाधिकारी में संतोष उरांव, सहायक अभियंता, विशेष प्रमंडल, लोहरदगा और बुद्धेश्वर उरांव, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, लोहरदगा को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वार्ड 6-10 तक के लिए प्रवीण कुमार सिंह, अंचल अधिकारी, कुडू को पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट निवार्ची पदाधिकारी और पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट सहायक निवार्ची पदाधिकारी में अमर भूषण क्रांति, जिला सहकारिता पदाधिकारी, व गौरीश गौरव, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वार्ड संख्या 11-15 तक के लिए विजय कुमार, अंचल अधिकारी, सेन्हा को पदाभिहित एवं नाम निर्दिष्ट निवार्ची पदाधिकारी और सहायक निवार्ची पदाधिकारी में धर्मेंद्र किशोर सिंह, सहायक अभियंता, आरईओ, और सत्यकाम श्रीवास्तव, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सेन्हा को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## लोहरदगा के हिरही गांव से 2017 से गायब है पूर्व मुखिया

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के मन्हो नवटोली निवासी मन्हो पंचायत मुखिया 53 वर्षीय माइकल उराव के अपहृत होकर गायब होने के मामले पर उसकी पत्नी सुशीला उरांव ने पुलिस से खोजबीन कर बरामद करने की गुहार लगायी है। इस संदर्भ में सदर थाना कांड संख्या 177/20 17 सदर थाना में दर्ज किया गया है। सदर थाना की पुलिस अपहृत पूर्व मुखिया को सकुशल बरामद करने के लिए लगातार अनुसंधान कर रही है। पूर्व मुखिया माइकल उरांव के अपहृत और गायब होने के 5 साल बाद भी उसका सुराग नहीं मिल सका है। पुनः उसकी पत्नी सुशीला उरांव ने पुलिस को अपने पति को ढूंढने के लिए सदर थाना में आवेदन दिया है। इस मामले पर अपहृत माइकल उरांव की पत्नी सुशीला उरांव ने कहा कि 10 जुलाई 1917 को माइकल उड़ान रात करीब 8:00 बजे अपने घर से पंचायत कार्यालय जाने के लिए से निकला था। उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका। मामले पर असामाजिक तत्वों द्वारा अपहृत कर गायब करने की आशंका व्यक्त की गयी।

## एसडीओ ने किया बूथों का निरीक्षण



**हेरहंज-(लातेहार)।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित विशेष कैंप का निरीक्षण दूसरे दिन रविवार को जिले के एसडीओ ने प्रखंड क्षेत्र के सभी बूथों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें सभी बूथों में बीएलओ उपस्थित पाये गये। साथ हीं सभी बीएलओ को सुचारू रूप से काम करने का भी निर्देश दिया गया। इन बूथों का निरीक्षण किया बूथ संख्या 03 ,04 केडू, 12 बिदिर,13 घुरे, 14, इनातू 15 हुम्बू, 16 नवादा, 19-20 सलैया, 21 कसमार, 22 बिजरा, 23 सेरका व 24 व 25 चिरु। मौके पर-बीडीओ, पंचायत सेवक अवतार सिंह, रोजगार सेवक परमजीत सिंह मौजूद थे।

## जेल अदालत और विधिक जागरूकता का आयोजन




**लातेहार।** झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार जेल अदालत सह विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि मो. अब्दुल नसीर, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सह प्रभारी डालसा सचिव उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में मो. अब्दुल नसीर, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सह प्रभारी डालसा सचिव ने कैदियों को संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। कैदियों को बंदी के रूप में प्राप्त अधिकारों साथ ही उन्हें कानूनी रूप से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किय तथा विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जानी वाली सहायता के बारे में विस्तार से बताया तथा इसका लाभ उठाने की अपील की। अपने मुकदमें की जानकारी, वाद संख्या की जानकारी एवं अपने उपर लगे आरोप की जानकारी रखने के लिए जागरूक किया तथा कैदियों को यहॉ से निकलने के बाद समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का आग्रह किया। मौके पर जेल अधीक्षक मेनसन बरवा, मंडल कारा, लातेहार के प्रभारी जेलर प्रदीप मुंडा, जेल कर्मी धर्मेन्द्र कुमार एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## किस्को क्षेत्र के डीलरों को खाद्यान्न वितरण बना चुनौती

# डीलरों को पहाड़ की तराई में नेटवर्क मिलान का लेना पड़ता है सहारा

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड क्षेत्र में आये दिन जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के बीच तरह-तरह की समस्या खाद्यान्न वितरण करने में चुनौती बनता जा रहा है। इधर किस्को प्रखंड क्षेत्र में लगभग तीन दर्जन जन वितरण प्रणाली की दुकान संचालित है जिन्हें कभी कम आवंटन की बड़ी चुनौती से गुजरना पड़ता है तो कभी कार्डधारियों की ओर से हठधर्मी रवैया से मानसिक रूप से ग्रसित होना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पठारी क्षेत्रों में संचालित जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को सही समय पर विभागीय आदेशानुसार राशन वितरण करने हेतु नेटवर्क मिलान के लिए पहाड़ की तराई का सहारा लेना मजबूरी बन गया है। बता दें कि प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाखर अंतर्गत दुरहूल में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार ज्ञान प्रसाद दर्जनों कार्डधारियों को लेकर जंगल पहाड़ की तराई के नीचे एक मैदान पर नेटवर्क मिलान कर कार्डधारियों के बीच शत प्रतिशत खाद्यान्न वितरण करने का प्रयास करते दिखाई दिये। इस संदर्भ में डीलर ने बताया कि सरकार की ओर से यदि कार्डधारियों और डीलरों की परेशानियों को देखते हुए यथाशीघ्र नेटवर्क व्यवस्था को दुरूस्त कर देते तो तय समय पर खाद्यान्न वितरण करने में सहूलियत होती। उन्होंने बताया कि नेटवर्क की समस्या हम डीलरों के लिए बड़ी चुनौतियों का सबब बन गया है। बात जो भी हो लेकिन किस्को प्रखंड क्षेत्र के डीलरों और कार्डधारकों के बीच नेटवर्क समस्या और कम आवंटन विगत कई माह से आपसी मनमुटाव के बीच लाकर खड़ा कर दिया है। आलम यह है कि डीलरों के द्वारा सरकारी आदेशों और विभाग की से प्राप्त खाद्यान्न के बारे में पूरी जानकारी देने के बाद भी कार्डधारक अक्सर डीलरों से उलझ जाया करते हैं।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के इचरी टेंगरिया से अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को अंचलाधिकारी विजय कुमार ने किया जब्त ट्रैक्टर को सेन्हा पुलिस को सुपुर्द कर अग्रतर कारवाई में जुट गये। बताया जाता है कि अंचलाधिकारी अंचल क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे। इसी दरमियान एक अवैध बालू लोडडे ट्रैक्टर परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर वाहन में अंकित नही है। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने जानकारी देते हुए कहा कि अंचलाधिकारी के आदेशनुसार खनन अधिनियम के तहत वाहन इंजिन नम्बर एवं चेचिस नंबर के आधार पर चालक एवं वाहन मालिक के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बता दें कि जिला प्रशासन के निर्देश पर अगले आदेश तक अवैध बालू उठाव को लेकर सघन छापेमारी अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत जो भी दोषी पाया जायेगा उसपर खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जायरेगा। अवैध बालू उठाव एवं परिवहन को लेकर पुलिस प्रशासन तथा प्रखंड प्रशासन की कारवाई जारी है।

## प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक में शामिल हुए मंत्री रामेश्वर उरांव



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोनबीर में कांग्रेस प्रखंड कमेटी की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में विशेष तौर पर राज्य के वित्त मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री रामेश्वर उरांव शामिल हुए। इस बैठक में भारत जोड़ो यात्रा की रूपरेखा तैयार की गयी। मंत्री रामेश्वर उरांव द्वारा सभी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्हें यात्रा के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका कुशलक्षेम भी पूछा। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू ने बताया कि 26 नवम्बर को भारत जोड़ो यात्रा बसिया प्रखंड के तुरबुंगा पंचायत के किनिरकेला से शुरू होकर पतुरा, मोरेंग, लौंगा, कलिगा, कोनबीर-नवाटोली, कोनबीर होते हुए प्रखंड में समाप्त होगा। उक्त बैठक में अभय चौधरी, सुशील कुमार होता, घुरन साहू, प्रकाश सुरीन, अरविंद साहू, मुंतजीर खान, राजेश कुल्लू, सचदेवा राम, रतिया इंदवार, तरुण गोप, निरोज टेटे, किशोर टोप्पो, ज्ञान प्रकाश चैतु उरांव समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अर्द्ध विक्षिप्त मजदूर का नहीं हो रहा है इलाज, गोवा से वापस लाने का हो रहा प्रयास



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड अंतर्गत कुलाबीरा पंचायत के पतिया जामटोली के मजदूर 30 वर्षीय भगवान खड़िया गोवा में इलाज के लिए तरस रहा है। बताया जा रहा है कि वह एक साल पूर्व गोवा काम करने गया था। सबकुछ ठीक-ठाक चल रहा था लेकिन एक सप्ताह पूर्व इस मजदूर युवक की दिमागी हालत खराब हो गई। उसे गोवा के सिटी अस्पताल में ले जाकर इलाज कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिस कंपनी में मजदूर काम कर रहा है वहां से उसे कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है। मजदूर युवक के परिजन पिता व बहन भगवान खड़िया को गुमला जिला अंतर्गत पतिया जामटोली लाने की गुहार लगा रहे हैं। परेशान होकर मजदूर के पिता व बहन मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान से मुलाकात की। आवेदन देकर मजदूर की सकुशल वापसी की गुहार लगायी। जुमन खान ने तत्काल पहल करते हुए गोवा में अपनी टीम को अवगत कराया। मजदूर को उसके परिवार वालों तक सुरक्षित पहुंचाने की पहल की जा रही है।

## मुखिया योगेंद्र भगत ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा मुखिया योगेंद्र भगत के द्वारा रविवार को अपने आवास के समक्ष जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान थानेदार अमित कुमार चौधरी उपमुखिया सुनीता देवी के अलावे वार्ड सदस्यों ने भी जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान मुखिया ने बताया कि प्रखंड कार्यालय से कंबल वितरण करने के लिए मिला था जिससे लगभग डेढ़ सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बाकी बच्चे लोगों की भी सूची बनायी जा रही है। जिसके आधार पर ब्लॉक से कंबल लाकर वितरण किया जाएगा। मौके पर थानेदार अमित कुमार चौधरी, मुखिया योगेंद्र भगत, उप मुखिया सुनीता देवी, सलवंती देवी, बसंती देवी, बेला कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भरनो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मसिया गांव निवासी डुगु मुंडा की 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री निशा कुमारी ने बीती शाम अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतक की मां खेत पर काम करने के लिए गई थी, निशा घर में अकेले ही थी, निशा ने घर के अंदर साड़ी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की मां जब खेत से देर शाम को घर लौटी और अपनी पुत्री की खोजबीन करने लगी। तब जाकर देखा तो उसकी पुत्री निशा अपने कमरे में साड़ी के सहारे झूल रही थी। परिजनों ने उसे फंदे से नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना भरनो पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया। मृतकी तुरिअम्बा हाई स्कूल से मैट्रिक की छात्रा थी।

## छारदा पंचायत में पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन

**सिसई (आजाद सिपाही)।** छारदा पंचायत के स्कूल मैदान में रविवार को बालक व बालिका वर्ग के पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। बालक वर्ग में छारदा गांव बनाम लट्ठदाग गांव के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें लट्ठदाग की टीम एक गोल से विजयी रही। वहीं बालिका वर्ग में भी छारदा और लट्ठदाग गांव के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। लट्ठदाग की टीम एक गोल से विजयी रही। मुखिया पार्वती देवी ने विजयी टीम को जर्सी देकर सम्मानित किया और कहा कि विजयी टीम प्रखंड स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेगी। मौके पर पंसस मीरा उरांव, उपमुखिया नंदकिशोर अधिकारी, वार्ड सदस्य पिंकी कुमारी, विंदेश्वर उरांव, समाजसेवी किशोर महली, भारत गोप, रेखा देवी, प्रदीप उरांव, दिलीप महली, सुखनाथ उरांव, रघुनंदन साहू सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## आस्था : खीस्त राजा जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

# गगन भेदी स्वर में लगते रहे खीस्त राजा के जयकारे

**खीस्त हमारे मुक्ति दाता हैं : फादर मनोहर खोया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** खीस्त राजा पर्व के अवसर पर रविवार को खीस्तीय विश्वासियों ने भव्य शोभायात्रा निकाली। यह शोभायात्रा संत पात्रिक मैदान से निकली। शोभायात्रा संत पात्रिक मैदान से निकल कर सिसई रोड होते हुए टावर चौक, थाना रोड, लोहरदगा रोड, मेन रोड होते हुए संत पात्रिक मैदान में जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान खीस्त राजा अमर रहे, खीस्त राजाओं के राजा हैं जैसे गगन भेदी नारे लोग लगते रहे।

शोभायात्रा में सजे वाहन में पवित्र संक्रामेंट के साथ फादर मनोहर खोया चल रहे थे। संक्रामेंट वाले वाहन के आगे बच्चियां फुलों की वर्षा कर रही थीं। शोभायात्रा में शामिल धर्म विश्वासी प्रभु खीस्त का गुणगान करते हुए अपनी आस्था व भक्ति प्रकट की और कतार बद्ध तरीके से शोभायात्रा में प्रभु की महिमा पर गीत गाते चल रहे थे। तेरा वचन मेरे लिये प्रभु खीस्त राजा आओ आदि गीत विश्वासी गा रहे थे। खीस्त राजा की शोभायात्रा में लोग कई आकर्षक झाकियां लेकर शामिल हुए।




खीस्त राजा की जयंती के अवसर पर मसीही विश्वासियों द्वारा अपने घरों के सामने आकर्षक झाकियां बनायी गयीं। जिसमें बच्चे-बच्चियां पीछे नहीं रहें और कई आकर्षक झांकी की चरिचित्रण किया। शोभायात्रा में दाउद नगर, रश्मि नगर, बेहराटोली, सरना टोली, पुगु, डुमरटोली, करमडीपा, चंपा नगर, संत इग्नासियुस, उर्सु लाईन कान्वेंट, संत अन्ना छात्रावास, लीवंस छात्रावास, संत पात्रिक स्कूल, सोसो आदि स्थानों से छात्र-छात्राएं व धर्म विश्वासी शामिल हुए।

संत पात्रिक स्थित मैदान में फादर मनोहर खोया के द्वारा पवित्र खीस्तागी मिस्सा पूजा बलिदान चढ़ाया गया। मिस्सा पूजा में शामिल धर्म विश्वासियों को संबोधित करते हुए बिशप ने कहा कि खीस्त राजा मुक्ति दाता थे। खीस्त राजाओं के राजा हैं। उन्होंने कहा कि खीस्त मसीही विश्वासियों को जीवन जीने की राह दिखलाता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की महिमा के बदौलत खीस्त राजा ने हाजारों शोषितों को मुक्ति का मार्ग दिखाया। धर्म विश्वासी खीस्त राजा को अपना आदर्श मानते हुए उनके बताये मार्ग पर चले। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में खीस्त राजा को याद कर मसीही विश्वासी उन्हें नमन कर रहे हैं।

मौके पर वीजी फादर सिप्रियन्न कुल्लू, फादर जेरोम एक्का, फादर अगस्तुस, सेत कुमार एक्का, विजय केरकेट्टा, सहित हजारों की संख्या में खीस्तीय मौजूद थे।

## जन आक्रोश रैली में शामिल होंगे जिले के हजारों कार्यकर्ता : अनूपचंद्र अधिकारी

**22 नवंबर को जनाक्रोश रैली के समापन कार्यक्रम में भाग लेंगे अर्जुन मुंडा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जनाक्रोश रैली की सफलता सुनिश्चित करने के लिए उत्कल धर्मशाला में रविवार को भाजपा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूपचन्द्र अधिकारी ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने कहा आगामी 22 नवंबर को जन आक्रोश रैली में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का आगमन हो रहा है। जहां उनका कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा, तत्पश्चात कार्यकर्ताओं के साथ जनविरोधी सरकार के विरुद्ध जन आक्रोश रैली में शामिल होंगे। जिला प्रशासन को




महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर सरकार की काली करतूतों की जानकारी देंगे। इस रैली में पूरे जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा नेता डॉ अरूण उरांव ने कहा हेमन्त सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। सरकार 1932 का खतियान, सरना कोड लागू ना कर नौवीं अनुसूची में भेजकर सिर्फ राज्यवासियों के साथ भावनात्मक खिलवाड़ कर रही है। आदिवासी मूलवासी को बेवकूफ बनाने का काम कर रही है। विकास का काम, ला एंड आर्डर बिल्कुल फेल है, आदिवासी समाज धीरे-धीरे सरकार की नौटंकी को समझ रहा है, राज्य की जनता भाजपा का शासन देख चुकी है। पूरे प्रदेश में जनता हाहाकार कर रही है राष्ट्र विरोधी कार्य ज्यादा सक्रिय हो गए हैं। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मिशीर कुजूर, धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल-मिसिर कुजूर, जिला उपाध्यक्ष सुजीत नंदा, प्रदीप प्रसाद, दामोदर कसेरा, निरंजन सिंह, शमीम खान, निसार खान, चितरंजन मिश्रा, आफताब आलम लाडले, गोपाल गोप, शकुंतला उरांव, भोला चौधरी, नीलम गुप्ता, किरण कुमारी, ज्योति कुमारी, केदार साहू, सुमन साहू, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, आजाद खान, बबलू वर्मा, सुबा एल्बम तिग्गा, सौरभ पांडे, मंगल सिंह भोक्ता, अरविंद मिश्रा, संतोष सिंह, कंचन सिंह, संजय साहू, सनोज वर्मा, अजीत त्रिपाठी, हरि सिंह, शिव केश्वर सिंह, गोपाल प्रसाद केसरी, राधेश्याम कुशवाहा, राजेश सिंह, दिनेश सिंह, निर्मल गोयल, पारसनाथ दास, पायल तिवारी, गीता मिश्रा, बालकेश्वर सिंह, विजय शंकर दास, रविन्द्र राम उपस्थित थे।

## गांव की समस्या के निदान की पहल गांव वाले ही करें : मिशन बदलाव

**संसाधन के अभाव के बावजूद भी विद्यालय का परिणाम काफी संतोष जनक है, जो यहां के शिक्षकों की देन है : अरुण उरांव**

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत मिशन बदलाव के संयोजक जितेश मिंज, लखन गोप, विनय गोप एवं दुर्जय पासवान ने भरनो प्रखंड के बटकुरी आताकोरा में बैठक की। मिशन बदलाव के सदस्यों ने पहले गांव का दौरा कर गांव वालों की समस्या जानी एवं गांव वाले पहल करें इसके लिये रणनीति भी बनायी गयी। मिशन



बदलाव ने एक अलग अंदाज में समस्या से रूबरू होने की पहल की। पहले तो गांव वाले को बैठाकर छह टीम में विभाजन किया। कुछ टीम को गांव की समस्या के बारे लिखने को बोला गया। कुछ टीम को गांव में की समस्या के निदान के बारे में लिखने को बोला गया। इसके बाद कुछ टीम को गांव को आदर्श ग्राम के रूप में क्या क्या होना चाहिए, इसके बारे रेखांकित करने के लिए कहा गया। सभी ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी अगर चाह लें तो सभी कोई मिलकर गांव की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। सभी ग्रामीणों ने आम सहमति बनायी कि आदर्श गांव बनाने के लिये सभी लगातार बैठक कर प्लांनिग करेंगे।

## बुलेट मोटरसाइकिल की चोरी का मामला दर्ज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डाड़हा गांव से घर के बाहर रखे जेएच 01सी 5363 बुलेट मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस बावत मोटरसाइकिल मालिक उदय कुमार भगत ने रविवार को अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का केस दर्ज कराया है। दर्ज केस में कहा गया है कि शनिवार की शाम को अपने घर की पोर्टिको में बुलेट के साथ एक अपाची, एक स्कूटी व एक मोपेड खड़ी थीं। सभी लॉक थीं। सुबह उठकर देखा तो बुलेट मोटरसाइकिल गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी मोटरसाइकिल का पता नहीं चला।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मोरेंग पंचायत के रायकेरा पुरनाडीह गांव में जिप सदस्य ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मोरेंग पंचायत अंतर्गत रायकेरा पुरनाडीह गांव में ट्रांसफॉर्मर का जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग एवं गांव के बुजुर्ग बिगना भगत द्वारा फीता काटकर और विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। मालूम हो कि रायकेरा पुरनाडीह में विगत 15 दिनों से ट्रांसफॉर्मर खराब था। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी जानकारी रायकेरा निवासी संजय कुजूर ने जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग को दी। तत्पश्चात जिप सदस्य की पहलपर विद्युत विभाग द्वारा नया ट्रांसफॉर्मर लगवाया गया। जिप सदस्य गांव का भ्रमण कर स्थानीय ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुई। मौके पर संजय कुजूर, नेलशन कुजूर, अरुण कुजूर, किरण बाड़ा, असीमा कुजूर, ललित कुमार भगत, जॉन तिर्की, धुमा डुंगडुंग, बिमल डुंगडुंग समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### घाघरा थानेदार ने प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित इलाके का किया दौरा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थानेदार अमित कुमार चौधरी ने प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित इलाके का रविवार को दौरा किया। इस दौरान बीमरला पिकेट के अलावे कई गांवों का दौरा कर नक्सली गतिविधियों की जानकारी ली। यहां बता दें कि कोलेबिरा में घटित घटना के बाद सभी थाना के थानेदार पुलिस के जवान सतर्कता से कार्रवाई कर रहे हैं। इस संबंध में थानेदार अमित कुमार चौधरी से पूछने पर उन्होंने कहा वरीय पुलिस पदाधिकारी के द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है कि माओवादियों के द्वारा चलाये जा रहे माओवादी सप्ताह के दौरान पूरे क्षेत्र में सतर्कता बरतते हुए कार्रवाई करनी है। जिसके निमित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर मुआयना किया जा रहा है। इस दौरान बिमरला माइंस क्षेत्र में चलने वाले बॉक्साइट ट्रक, कर्मी व मजदूरों को निर्देश दिया गया है कि शाम होते ही सभी पिकेट के समक्ष वाहन लगा देंगे और अपने अपने सुरक्षित स्थान पर रहेंगे। इस मौके पर एसआई राहुल कुमार सिंह के अलावे कई पुलिस के जवान मौजूद थे।

### बनारी एवं गुरदरी चर्च में धूमधाम से मनाया गया खीस्त राजा का पर्व



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनारी एवं गुरदरी चर्च में रविवार को धूमधाम से खीस्त राजा का पर्व मनाया गया। इस नवडीहा एवं विमरला चर्च के क्रिसमिस वासियों ने विशाल जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में हर उम्र के मसीही समुदाय के लोग शामिल थे। ईसाई समुदाय के लोग येसु राजा की जय जयकार करते हुए चर्च पहुंचे और यह जुलूस मिस्सा बलिदान में परिवर्तित हो गया। इस अवसर पर गुमला से पहुंचे फादर कुलदीप ने कहा कि इस पर्व की स्थापना इसाइयों के पूर्व धर्मगुरु पोप पियुस ग्यारहवें ने सन् 1925 में की थी। इसकी पृष्ठभूमि प्रथम विश्व युद्ध की त्रासदी पर रखी गई थी। उन्होंने कहा कि इंसान ईश्वर की शक्ति और प्रभुत्व को नकार कर खुद धन दौलत विध्वंसक हथियार जमा करने लगा है। पोप पियुस ग्यारहवें ने इस पर्व की स्थापना कर दुनिया और मानवता को यह संदेश दिया कि समस्त ब्रह्मांड पर ईश्वर का राज है। यदि हम ईश्वर की प्रभुता को अपने व्यक्तिगत सामाजिक जीवन से दरकिनार करते हैं तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। मौके पर आयोजित मिस्सा पूजा में पल्ली पुरोहित फादर जस्टिन, फादर संदीप, फादर पास्कल, सिस्टर उषा, सिस्टर अनिता, बालेश्वर खाखा, अनुज तिग्गा, सुषमा कुजूर, रोजलिन तिर्की सहित सैकड़ों धर्मलम्बी शामिल हुए। जिसमें डमर पाठ, नवडीहा, बिमरला, बनारी पारिस के लोग काफी संख्या में शामिल हुए।

### रौतिया समाज विकास परिषद केंद्रीय समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की गयी चर्चा

**बसिया (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद केंद्रीय समिति की बैठक विवाह मंडप कोनबीर में लाल देव सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें रौतिया समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने, सामाजिक जनगणना, संगठन की मजबूती एवं समाज की राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर केंद्रीय प्रवक्ता गोपाल सिंह, उपाध्यक्ष नवींन पाल सिंह, लालमोहन सिंह, रामधनी सिंह, लोकनाथ सिंह, रोहित सिंह, शालिग्राम सिंह, हेमंत सिंह, जगरनारायण सिंह, दुवराज सिंह, रविन्द्र सिंह रवि, शैलेश सिंह, जयकुमार सिंह समेत समाज के अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## कार्यक्रम : विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर में गुरु शिष्य मिलन समारोह का आयोजन

# पूर्ववर्ती छात्रों ने शिक्षकों एवं को प्रबंधन समिति के सदस्यों को किया सम्मानित

**संसाधन के अभाव के बावजूद भी विद्यालय का परिणाम काफी संतोष जनक है, जो यहां के शिक्षकों की देन है : अरुण उरांव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया में रविवार को गुरु शिष्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य अरुण उरांव उपस्थित थे।

मौके पर उन्होंने कहा कि आज का दिन काफी सुखद दिन है। जब विद्यालय परिसर में पूर्ववर्ती छात्र और सेवानिवृत्त शिक्षक का मिलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने छात्र-छात्राएं



जो जहां भी हैं इस विद्यालय की देन हैं। इस विद्यालय में संस्कारयुक्त शिक्षा दी जाती है। उन्होंने कहा कि बसिया प्रखंड नक्सलवाद से प्रभावित था, जिस कारण बसिया काफी पिछड़ा प्रखंड है। संसाधन के अभाव के बावजूद भी विद्यालय का परिणाम काफी संतोष जनक है, जो यहां के शिक्षकों की देन है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों को भी मेहनत करने की जरूरत है, ताकि अधिक से अधिक संख्या में यहां के छात्र आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर और इंजीनियर बन सकें। उन्होंने कहा कि मैं अपने प्रयास से 106 रात्रि पाठशाला चला रहा हूं। जिसमें करीब 5.5 हजार छात्र अध्ययन कर रहे हैं। जिसमें करीब 350 शिक्षक निःशुल्क शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने पुरातन छात्रों से अपील करते हुए कहा कि जिस शिक्षा के मंदिर से आप अपनी मंजिल को प्राप्त किये हैं, उस मंदिर के दिये को बुझने न दें। उन्होंने अपने कोष से विद्यालय को एक कमरा देने की बात कही।

सचिव सुनील कुमार ने विद्यालय की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस विद्यालय की स्थापना 1979 में अद्वेतानन्दपुरी स्व. गुलाब चौधरी, गंगा प्रसाद बुधिया, हरिबंश लाल के प्रयास से स्व. गुलाब चौधरी के बसिया स्थित मुर्गी फार्म से हुई। आज ग्रामीणों, सांसद व विधायकों के प्रयास से विद्यालय काफी आगे बढ़ रहा है। इस विद्यालय के लिए स्व. भोला साहू एवं सुधीर प्रसाद साहू द्वारा भूमि दान की गई। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज विद्यलय का सौभाग्य है कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा पूर्व एवं वर्तमान शिक्षकों, प्रबंधन समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय द्वारा पूर्ववर्ती छात्रों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

मौके पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के उप कुलपति अमित गुप्ता, विद्यालय सचिव सुनील कुमार, प्रो. सिरधर पांडेय, कुमुद झा, किस्टो प्रसाद गुप्ता, बिनोद भगत, प्रो. नरेश कुमार, पुष्पा देवी, शंकर साहू के अलावे पूर्व शिक्षक एवं पूर्व छात्र उपस्थित थे।

## सुरहू पंचायत के नवाटोली गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र भवन की स्थिति हो गयी है जर्जर

**वक्त रहते मरम्मत नहीं करायी गयी तो कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

**छत की प्लास्टर उखड़ती रहती है व दीवारों में आ गयी हैं दरारें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के सुरहू पंचायत के अंतर्गत गांव नवाटोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के जर्जर भवन मे नौनिहालों को प्रारंभिक शिक्षा व पोषाहार दी जाती है। उक्त भवन की जर्जर स्थिति का आलम यह है कि वह कभी भी गिर सकता है तथा कभी भी बड़ी अनहोनी की घटना होने से इंकार भी नहीं किया जा सकता है।

इस बात का खुलासा शनिवार को सुरहू पंचायत के पंसस दिलीप





आईंद के द्वारा निरीक्षण किये जाने के बाद हुआ है। वहीं उक्त जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति को देखते हुए श्री आईंद ने आंगनबाड़ी केंद्र सेविका मेदनावती देवी से पूछताछ की तो उसने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में फिलहाल कुल 26 छोटे-छोटे बच्चे नामांकित हैं। जिन्हें नियमित रूप से पोषाहार व प्रारंभिक शिक्षा दी जाती है। लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र काफी जर्जर हो गया है। भवन के अंदर छत के प्लास्टर उखड़ती रहती है। वहीं दीवारों में दरारें आ गयी हैं। इसकी जानकारी लगभग चार वर्ष पूर्व ही विभाग के अधिकारियों व तत्कालीन सीडीपीओ को भी दी गई थी। इसके बावजूद अब मरम्मत व नये आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण के लिये कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। यदि वक्त रहते मरम्मत नहीं कराया गया तो कभी भी अनहोनी हादसा हो सकता है। वहीं पंसस श्री आईंद ने उक्त मामले से शीघ्र ही विभाग के वरीय अधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया है।

## झूठ की बुनियाद पर खड़ा संगठन राज्य चला रहा है : बबलू गुप्ता



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। झूठ की बुनियाद पर खड़ा संगठन झामुमो आज राज्य सरकार चला रही है। झारखंड आंदोलन को बेचनेवाले अब झारखंड की जनता को बांटने की साजिश कर रहे हैं। उक्त बाते आजसू के केंद्रीय सचिव बबलू गुप्ता ने आजसू के केंद्रीय समिति सदस्यों की राज्यस्तरीय बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहीं। बबलू गुप्ता ने कहा कि झामुमो की सरकार स्थानीय नीति और खतियान के नाम पर राज्य की जनता को बांटने की साजिश कर रही है ।यह राज्य के विकास को तो रोकेगा ही,साथ ही झारखंड की आपसी सौहार्द्र की भावना में भी जहर घोलेगा। केंद्रीय कार्यसमिति सदस्यों की बैठक अखिल झारखंड श्रमिक संघ और अखिल झारखंड महिला संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। मार्च में केंद्रीय महाधिवेशन के आयोजन का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, चंद्र प्रकाश चौधरी, रामचंद्र साहिस, लंबोदर महतो, देवशरण भगत, हसन अंसारी, शिवपूजन मेहता, माधव चंद्र महतो सहित कई नेता उपस्थित थे।

## सफलता के लिए शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं : कमलेश



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। सफलता के लिये शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं है।शिक्षा जीवन मे सफलता के कई द्वार खोलती है। शिक्षा ही मात्र ऐसा माध्यम है जिसकी बदौलत सफल होकर कोई व्यक्ति अपने समाज और जरूरतमंदों के विकास में सहयोगी बन सकता है। उक्त बातें सदर थाना से स्थानांतरित थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने पोखराहा खुर्द में आयोजित विदाई समारोह के दौरान कहीं। कमलेश कुमार ने कहा कि सरकारी नौकरी में पदभार ग्रहण करने के साथ ही स्थानांतरण के लिये तैयार रहना पड़ता है। लेकिन पुलिस पदाधिकारी की जिम्मेवारी बड़ी जिम्मेवारी होती है। अपने कार्यकाल को स्वसंतुष्टि के साथ पूरा करना बड़ा कठिन होता है। कमलेश कुमार ने कहा कि मुझे खुशी है कि मेरे कार्यकाल को आम लोगों ने सराहा है। इस अवसर पर मेयर प्रत्यासी प्रयाग राज चंद्रवंशी ने कहा कि प्रभारी सर हर जनता के सुख दुख के साथी बने।थाना क्षेत्र में कोई भी भय और अपराध का माहौल नहीं बनने दिया गया। प्रयाग ने कमलेश जी के स्थानांतरण पर दुख व्यक्त करते हुए सफल भविष्य की शुभकामनायें दी।इस अवसर पर वार्ड 5 की पार्षद नीरा देवी ने कहा कि प्रभारी कमलेश सर ने अपने कार्यकाल में चौबीस घंटे जनता को समर्पित किया। इनका यह स्वभाव इनके आगामी कार्यकाल को सफलता दिलाता रहेगा। इस कार्यक्रम में सदर थाना के शमाल खान को भी विदाई दी गयी। कार्यक्रम में राहुल चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, श्यामदेव मेहता, मुखिया लालमुनि सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पलामू पुलिस के लिए रविवार कामयाबी वाला दिन रहा, दो-दो घटनाओं का किया उद्भेदन

# अपहृत युवकों को पुलिस ने सासाराम से किया बरामद





आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पुलिस ने शाहपुर चौक से अपहृत विमलेश कुमार दुबे एवं विवेक कुमार दुबे को सासाराम के बुद्धा होटल से बरामद कर लिया। साथ ही इस कांड में शामिल 32 वर्षीय अमित कुमार, 24 वर्षीय राकेश कुमार, 22 वर्षीय दीपक कुमार, 20 वर्षीय संदीप कुमार, 25 वर्षिय गगन कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि दोनों अपहृत व्यक्ति लोगों को नौकरी के नाम पर पैसा ठगी कर पैसा ले लिए थे। पैसा देने वाले व्यक्तियों को जब इस संबंध में पता चला कि हम लोग ठगी के शिकार हो गये हैं। तो उन लोगों ने पैसा मांगना शुरू किया। जिसके बाद अपहृत दोनों व्यक्ति को शाहपुर में बुलाया गया। शाहपुर से ही इन पांचों व्यक्तियों के द्वारा विमलेश एवं विवेक कुमार दुबे को अपहरण कर लिया गया। अपहरण करने के बाद विमलेश दुबे के मोबाइल से ही उसके घर वालों को फोन कर 25 लाख छोड़ने के नाम पर मांग की जा रही थी। एसपी ने बताया कि विमलेश व विवेक सभी से नौकरी के नाम पर प्रत्येक व्यक्ति से तीन- तीन लाख रुपये वसूली कर लिया था। जिसके लिए अपहरणकर्ता पैसा देने का दबाव बना रहे थे। जब इन लोगों के द्वारा पैसा नहीं दिया जाने लगा। तो इन लोगों ने इन दोनों व्यक्ति का अपहरण कर लिया। विमलेश व विवेक दोनों सगे भाई हैं। अपहरण के बाद विमलेश कुमार दुबे के ससुर बृजेश कुमार दुबे ने चैनपुर थाना में आवेदन देकर इसकी सूचना चैनपुर थाना को दी। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस ने दोनों अपहृत व्यक्ति को सासाराम के बुद्धा होटल से बरामद कर लिया। साथ ही पांचों अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि अपहृत विमलेश एवं विवेक पर भी गढ़वा थाना में केस किया जायेगा. दोनों गढ़वा के रंका में फर्जी ट्रेनिंग कैंप चलाते थे। अपहृत का कहना है कि हम लोग पटना में रहने वाले गुड्डू जी के लिए काम करते थे। जबकि विमलेश कुमार दुबे 2019 में पलामू के वन विभाग में सर्वेयर का काम करता था। वहां से नौकरी छोड़ने के बाद यह पटना के गुड्डू जी के साथ जुड़कर फर्जी बहाली के नाम पर लोगों से पैसा लेने लगा। अपहरणकताओं से विभिन्न कंपनी का 8 मोबाइल व सीम बरामद किया गया है। छापामारी दल में छतरपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार, चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक अमन कुमार, बिट्टू कुमार साहा, सहायक अवर निरीक्षक सुधीर कुमार, राजीव कुमार, आरक्षी सूरज कुमार सिंह, नंददेव राम, कर्म सिंह मुंडा, सुधीर कुमार पांडे सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### गढ़वा से मुक्त हुआ पांडू से अपहृत क्रसर संचालक, 20 लाख फिरौती के लिए घटना को दिया गया था अंजाम

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू जिला के पांडू थाना क्षेत्र के मुसीखाप से अपहृत क्रसर संचालक अनिल साव को रविवार के तड़के गढ़वा जिले के सोन नदी के किनारे केतार थाना क्षेत्र से सकुशल मुक्त करा लिया गया है। इस घटना को चार से पांच अपराधियों ने फिरौती के लिए अंजाम दिया था। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार की शाम एक प्रेस वार्ता में दी है। बताया कि अपहरण के बाद अनिल साव के मामा रामवृक्ष गुप्ता के मोबाइल पर 20 लाख रुपए फिरौती की मांग की गई थी। इधर अपहरण की सूचना के बाद एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर मोबाइल लोकेशन के आधार पर अनुसंधान शुरू कर दिया गया। इस बीच पलामू सहित गढ़वा पुलिस ने पूरे क्षेत्र की नाकेबंदी कर अभियान को आरंभ कर दिया। इसमें बिहार के रोहतास जिला की पुलिस भी सहयोग कर रही थी। एसपी ने बताया कि अपराधियों को चारों तरफ से घिर जाने का एहसास हो गया था। इससे घबरा कर रविवार के तड़के चार बजे सभी अपराधी अनिल साव को जंगलों में छोड़ कर भाग खड़े हुए।

## राज्यस्तरीय कला उत्सव-2022 के लिए केजीबीवी हुसैनाबाद की छात्रा का चयन



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा मेदिनीनगर में आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव-2022 में हुसैनाबाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा ने दृश्य कला त्रियामी में प्रथम स्थान लाकर बिद्यालय का नाम रौशन किया है। विदित हो कि जिला स्तरीय कला उत्सव में नौ से 12वीं तक के 220 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला स्तर पर संगीत, नृत्य, चित्रांकन,एकल नाट्य, अभिनय आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 10 छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। जो 22-23 नवम्बर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला में आयोजित प्रतियोगिता में हुसैनाबाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की सरस्वती कुमारी ने द्दश्य कला त्रियामी में प्रथम स्थान लाकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी ।उनकी इस सफलता पर विद्यालय की वार्डेन राकी मुक्ता, शिक्षिका रागनी कुमारी, दीपमाला कुमारी, शारदा भारती, सुमन कुमारी, आरजू खान, नीलम मेहता,नीलम अंसारी, सबिता कुमारी, मीना देवी, प्रियंका कुमारी, गार्ड सुनील कुमार आदि ने उनकी उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनायें और बधाई दी है।

## नगर निगम में पेयजल समस्या का समाधान जरूरी है : मनोज सिंह



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। शहर में पेयजल समस्या की भयावहता को देखते हुए प्रत्येक मुहल्ले व निगम के सभी धार्मिक स्थलों में और सभी चौक-चौराहे पर वाटर कूलर की व्यवस्था नगरनिगम की जिम्मेवारी बनती है। उक्त बातें भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही।श्री सिंह रविवार को वार्ड नंबर 34 में घर घर यात्रा के तहत बोल रहे थे। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि पूरे नगर निगम क्षेत्र में पेयजल समस्या देखी जा रही है।पेयजल समस्या का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सिर्फ नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों का पेयजल बिक्री हो रहा है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपयोग हेतु आज घर घर में पेयजल जार खरीदा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज लगभग घरों में एक हजार रुपये सिर्फ पेयजल उपलब्ध कराने पर खर्च किया जा रहा है। उनहोंने कहा कि अगर उन्हें जनता का आशीर्वाद मिलता है तो पहली प्राथमिकता होगी नगर निगम वासियों को पेयजल समस्या से दूर करने की। आज की परिस्थितियों में प्रत्येक मुहल्ला में वाटर कुलर की आवश्यकता है और इस पर विशेष बजट बनाकर काम करने की आवश्यकता है। श्री सिंह ने कहा कि घर घर यात्रा में वो लोगों की समस्याओं का गहराई से आकलन कर रहे हैं और आने वाले दौर में इन समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्षरत रहेंगे और नगर निगम को बेहतर बनाने के लिए संकल्प लेते हैं। इस दौरान वार्ड नंबर 34 के काशी प्रसाद,लाडले खान,धीरज कमलापुरी, पिंटू कमलापुरी,तबरेज खान,भूषण कुमार, सत्य प्रकाश,तनवीर आलम, आजद, नीलेश ठाकुर, मुन्ना खान,सौरभ कुमार और डबलू खान सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# नगर निगम की समस्याओं को सीएम तक पहुंचाऊंगा : मंत्री

### चौधराना जब तीन रुपया ही मांग रही, तो सरकार को आपत्ति क्यों : महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता





मेदिनीनगर। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की विशेष बैठक आनंद शंकर की अध्यक्षता में होटल ज्योति लोक के सभागार में रखी हुई।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव डॉ अभिषेक रामदीन, उपाध्यक्ष अमित शर्मा, पीआरओ ज्योति कुमारी तथा कुमार शैलेश अग्रवाल उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत सभी अतिथियों का बुके और शॉल देकर सम्मानित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नगर निगम की प्रथम महिला महापौर अरुणा शंकर ने सभी अतिथियों को प्रधानमंत्री पर छपी किताब उपहार के रूप में दिया। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने राज्य के कई मकान जो वर्षों से अनाधिकृत माने जा रहे थे उसका किशोर मंत्री द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर चंद राशि में अधिकृत करने का प्रस्ताव पारित कराने के लिए सभी लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए सम्मानित किया। बैठक में उपस्थित प्रभात अग्रवाल, विनोद उदयपुरिया, नवल तुलस्यान, सरस जैन, जय शर्मा और विशेषकर सभा में उपस्थित महापौर अरुणा शंकर ने किशोर मंत्री से अनुरोध किया की खास महल भूमि का लीज नवीकरण नहीं बल्कि पूर्व सर्किल रेट का मात्र 2 प्रतिशत लेकर बिना सलामी बिना पेनाल्टी के फ्री होल्ड कराने के लिये सरकार से बात करने का प्रस्ताव दिया। साथ ही जिन लोगों ने एग्रीमेंट पर जमीन खरीदा है उनसे मात्र एकमुश्त 5000 तक फाइल लेकर उनके भी लीज भूमि को फ्री होल्ड कराने का प्रस्ताव रखा। महापौर ने किशोर मंत्री से कहा हमारे चौधरना बाजार के व्यवसायियों को निगम ने मात्र सैकड़ों वर्ष पूर्व भूखंड दिया था जिसका किराया पूर्व अध्यक्ष पूनम सिंह द्वारा एक रुपया से अचानक 6 रुपया कर दिया गया। जिसे मैं आते के साथ अपने प्रथम बोर्ड से तीन रुपया पारित कर प्रस्ताव सरकार को भेजी हूं जिसका निष्पादन आज तक नहीं हो सका। कृपया सरकार से बात करें जब किराया लेने वाले को ही 3 रुपया चाहिये तो नगर विकास इस मामले को क्यों अटका रखा है। मुख्यमंत्री हमारे नगर विकास मंत्री है, किराया घटाने की हमें अनुमति दें। महापौर अरुणा शंकर ने किशोर मंत्री से पूरे राज्य में होल्डिंग टैक्स दर को घटाने का प्रस्ताव रखा और कहा सरकार इसे भी सहानुभूति पूर्वक विचार करें। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला इकाई की अध्यक्षा शर्मिला वर्मा ने सुदना इंडस्ट्रियल स्टेट में बने कमर्शियल कंपलेक्स को कम दर पर महिलाओं के लिए आवंटित करने का प्रस्ताव रखा। बैठक में टिंबर एसोसिएशन और चेंबर के सदस्यों ने नया इंडस्ट्रियल पार्क बनाने हेतु भूमि की उपलब्धता सरकार को कराने की बात रखी जिसे झारखंड चेंबर के पदाधिकारियों ने जल्द प्रशासनिक चिट्ठी भिजवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर चेंबर के वरिष्ठ सदस्यों के अलावा नए सदस्य राखी सोनी, संध्या अग्रवाल, फरहा खान, कंचन गुप्ता, जितेंद्र कुमार,अमरेश जायसवाल, राकेश दुबे, पंकज कुमार पांडे, ब्रजेश कुमार पांडे, राजेश कुमार राय, सुजीत कुमार पाठक, अमित श्रीवास्तव, विक्रम सिंघानिया, शंभू प्रसाद,रितेश कुमार, संजय अग्रवाल ,राहुल चंद्रा, अभय कुमार,नागेंद्र कुमार शुक्ला, संजय कुमार,किशन अग्रवाल, आलोक कुमार पांडे, राघवेंद्र सिंह,पंकज कुमार तिवारी, विशाल कुमार,प्रिंस कुमार सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। सभा का संचालन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया और सभी अतिथियों को रीजनल वाइस प्रेसिडेंट संजय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### 27 से 20 दिसंबर तक हुसैनाबाद के गुलबाग स्टेडियम में होगा मिनी आइपीएल

# 140 खिलाड़ियों की लगी बोली, सबसे महंगे बिके एसएम रजा



आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। आइपीएल के तर्ज पर आयोजित होने वाले एचपीएल प्रतियोगिता को लेकर हुसैनाबाद के क्रिकेट प्रेमियों में काफी उत्साह है। इस क्रिकेट महाकुंभ का आयोजन 27 नवंबर से 20 दिसंबर तक गुलबाग स्टेडियम में होना निश्चित किया गया है। वार्ड 13 के सामुदायिक भवन में ऑक्शन के जरिये आइकॉन खिलाड़ियों को टीम ऑनर द्वारा खरीदा गया। कुल 8 टीमो के ऑनर इस ऑक्शन प्रक्रिया में शामिल हुए। निबंधित 549 खिलाड़यों में से 140 खिलाड़ियों पर बोली लगी, जिमसें सवार्धिक रुपये में एस एम रजा टीम ऑनर के द्वारा खरीदा गया। आइपीएल के तर्ज पर सारे मैच रखे गये है। मौके पर टीम ऑनर आकाशदीप कुमार, समाजसेवी मुन्ना कुमार देव, साइन कंप्यूटर इंस्च्यूट के निदेशक संजीत कुमार, अनिल, शाने अली, स्व. अंशु अग्रवाल के नाम पर हैदर नगर ब्लास्टर के मालिक वार्ड पार्षद नजीर अहमद, अनुराग बसु उर्फ राहुल जी के अथिति के रूप में आलोक रंजन, केदार सिंह, मोहम्मद आरिफ, मो कैफ सिद्दीकी, इंतियाज आलम, गोपाल प्रसाद, अफजल हुसैन उर्फ गुरु, रामजी पासवान आदि मौजूद थे। टीम 60000 हजार में खरीद सकेगी 18 खिलाड़ी को। एचपीएल टी 20 प्रतियोगिता में जपला जवान, हुसैनाबाद रॉयल, पिपरा पिस्टन, छतरपुर चैंपियन , डालटनगंज दबंग, हरिहरगंज फाइटर, मोहम्मदगंज मॉन्स्टर, हैदरनगर ब्लास्टर हिस्सा ले रही है। प्रत्येक टीम को साठ हजार तक मे अपनी टीम के 18 खिलाड़ी तैयार करने का नियम है। इसके तहत ऑनरो ने तय कीमत के तहत टीम तैयार की है।

### ये खिलाड़ी बिके सबसे महंगे

एस एम रजा-हुसैनाबाद रॉयल: 7500
अक्षय कुमार-जपला जवान: 7000
देवरथ झा-जपला जवान: 7000
यमुना झा-जपला जवान: 7000
अहमद अली-हरिहरगंज फाइटर: 6000

### मैच 20-20 ओवर का, टीमों के अलग- अलग ड्रेस

इस दौरान असगर खान ने बताया कि सभी टीम के अलग अलग ड्रेस कोड होंगे मैच 20-20 ओवर का होगा। हुसैनाबाद में आईपीएल के तर्ज पर इस प्रकार के मैच की शुरूआत पूर्व में ही कि गई थी। जिसका क्रेज क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों में देखने को मिलेगा।

### सदर थाना में विदाई और अभिनंदन समारोह संपन्न

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। सदर थाना प्रभारी कमलेश कुमार यादव, शमाल अंसारी और बासुदेव महतो के स्थानांतरण के अवसर पर सदर थाना में विदाई और नये थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने कहा कि सदैव सतर्क रहने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्र हिने के कारण कई तरह की घटनायें और अफवाह भी होते हैं। गौतमजी भी संवेदनशील अधिकारी है। कर्मठ हैं। सेवा में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है। नवनियुक्त सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह ने कहा कि अपराध और अपराधियों पर कोई रहम नहीं बरती जायेगी। जो लोग कानून व्यवस्था बिगड़ने के काम करेंगे उनकी खैर नहीं है।

# स्पोर्ट्स



पैरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के तत्वधान में एवं एमपीएल के सौजन्य से आई एसएम ग्राउंड धनबाद में 22वां झारखंड स्टेट पारा एथलेटिक्स चैंपियनशिप संपन्न हुई।

### 22वां झारखंड स्टेट पारा एथलेटिक्स चैंपियनशिप हुई संपन्न

# पूरे प्रदेश में इस खेल को क्रियाशील करना है, झारखंड सरकार सहयोग करें: शशि रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता





रांची। पैरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के तत्वधान में एवं एमपीएल के सौजन्य से आई एसएम ग्राउंड धनबाद में 22वां झारखंड स्टेट पारा एथलेटिक्स चैंपियनशिप संपन्न हुई। इस इस चैंपियनशिप में झारखंड के विभिन्न जिलों से लगभग 100 दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया। चैंपियनशिप में एथलेटिक्स से जुड़े इवेंट दौड़ लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो एवं अन्य विविध खेलों का आयोजन किया गया तथा सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन एवं उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए सभी का मन मोह लिया। खेलों में शॉटपुट में मो. आजाद, डिसकस में आकाश कुमार सिंह, लांगजंप में अनीश शेख, जबकि 1000, 200 एवं 400 मीटर दौड में क्रमशः साहेब अंसारी, रोहित कुमार मिश्रा एवं आनंद महतो विजेता रहे। सभी खिलाड़ियों को आगंतुक अतिथियों ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तथा खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सिंह ने करते हुए पैरालिंपिक खेल का एक अलग ही महत्त्व एवं पहचान है पूरे प्रदेश में इस खेल को क्रियाशील करना है। जिसमें सरकार के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों का सहयोग अपेक्षित है। कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्ता ने कहा की झारखंड में हर जिले मे इस तरह की प्रतियोगितायें आयोजित कराने की योजना है। उन्होंने झारखंड सरकार से आग्रह किया कि दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए समुचित प्रशिक्षण के साथ-साथ आर्थिक एवं सभी सुविधाएं दी जाये। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। बस हम सबको मिलकर उन्हें बुलंदियों तक ले जाने की जरूरत है। एमपीएल के सीइओ विजयंत रंजन एवं एमपीएल के अधिकारी अजय कुमार ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इसमें एकजुट होने की अंतर्निहित शक्ति है। खेल लोगों को एक दूसरे से जोड़ता है तथा टीम की भावना विकसित होती है। विशेषकर बच्चे जीवन के हर क्षेत्र में अच्छा कर रहे हैं, बस उनके साथ अपनों की भावना विकसित करने और प्रोत्साहित करते रहने की जरूरत है। आइआइटी आइएसएम के उपनिदेशक धीरज कुमार, पीके राय कालेज के सहायक प्रध्यापक दृष्टिहिन गिरिश शांडिल्य, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कार्यक्रम में पहुंचकर खिलाड़ियों की हौसला अफजायी की। प्रदेश कमेटी के उप सचिव कुमार गौरव ने भी सहयोग के लिए एमपीएल के प्रति आभार प्रकट किया।

### बच्चों के ठहरने की व्यवस्था स्कूल प्रांगण में करायी

कमेटी के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने बताया कि इस चैंपियनशिप में पहला कदम स्कूल की संचालिका अनीता अग्रवाल के नेतृत्व में बच्चों ने भी भाग लिया तथा बाहर से आये बच्चों के ठहरने की व्यवस्था स्कूल प्रांगण में कराई गई। कार्यक्रम में कमेटी के सीइओ सुनील कुमार विश्वास, खेल निर्देशक सुगंध नारायण प्रसाद, स्टेट को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल, वित्त प्रबंधक विवेक राज, संदीप कुमार, रश्मि लकडा, के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 21 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
11

## बकाया भुगतान को लेकर ऊर्जा मित्रों ने दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी



**झरिया (आजाद सिपाही)।** 11 महीने के बकाया वेतन भुगतान को लेकर झरिया विद्युत प्रमंडल के ऊर्जा मित्र, ऑपरेटर और सुपरवाइजरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। कार्यपालक विद्युत अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए ऊर्जा मित्रों ने बताया कि पूर्व में विद्युत विभाग का बिलिंग कार्य देख रही सार टेक्नोलॉजी कंपनी ने छह माह का वेतन और पीएफ का पैसा बकाया रखा है। वहीं वर्तमान में कार्यरत इएमडी सॉल्यूशन कंपनी ने भी पिछले पांच माह से वेतन का भुगतान नहीं किया है जिससे सभी की स्थिति दयनीय हो गई है। ऐसी परिस्थिति में कार्य करना संभव नहीं। विभाग को भी हस्तक्षेप करते हुए कंपनी से बकाया भुगतान दिलाने के लिए पहल करनी चाहिए। चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही दिए गए ज्ञापन पर निर्णय नहीं लिया गया तो एक दिसंबर से झरिया विद्युत प्रमंडल अंतर्गत कार्यरत सभी ऊर्जा मित्र, ऑपरेटर और सुपरवाइजर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। इस मौके पर आकाश कुमार, अमित झा, अरुण कुमार, शैलेश कुमार, गाजी अनवर, राजू कुमार रविदास, मो शमीर अंसारी, अरशद इकबाल, दीपक कुमार गुप्ता, विवेक रंजन, मो मुस्ताक अंसारी आदि उपस्थित थे।

## महाधिवेशन को लेकर भाकपा माले की निरसा क्षेत्रीय कमेटी की बैठक संपन्न



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले के मैथन रोड स्थित कार्यालय में रविवार को निरसा एरिया कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें केंद्रीय कमेटी सदस्य व धनबाद जिला प्रभारी कॉमरेड जनार्दन प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान फरवरी 2023 में बिहार के पटना में आयोजित होने वाले महाधिवेशन की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि पार्टी के जनसंगठनों के सदस्यता व सम्मेलनों के दूसरे-तीसरे दौर के बाकी कार्य को करना है। 20 नवंबर से 18 दिसंबर तक पार्टी सदस्यता नवीकरण व नए सदस्यों की भर्ती के काम को संपन्न कर लेना है। दिसंबर माह में ही सांगठनिक कामों को संपन्न कर लेना होगा। जनवरी से 10 फरवरी तक आमलोगों से आर्थिक गोलबंदी व प्रचार-प्रसार के कामों को संपन्न करना है। महाधिवेशन के अवसर पर पार्टी विस्तारिकरण कार्य करके ही केंद्र सरकार के फासीवादी व्यवस्था का मुकाबला किया जा सकता है। इस मौके पर एरिया सचिव नागेन्द्र कुमार, कृष्णा सिंह, मनोरंजन मलिक, हरेंद्र सिंह, जगदीश शर्मा, सुनील गिरि, असीम घोष, बीके सिंह, मुख्तार अंसारी, सत्येन्द्र चौहान, पंचानंद माजी, नोरेन राखा और रघुनाथ यादव आदि उपस्थित थे।

## हिंसा मुक्त समाज निर्माण के लिए 16 दिवसीय अभियान पर किशोरियों के बीच की गई चर्चा



**महुदा (आजाद सिपाही)।** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की ओर से तेतूलिया-2 पंचायत के बेलाखोंदा एवं पाथरगड़िया पंचायत के कंचनपुर में बाल विवाह के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान की तैयारी को लेकर एकता किशोरी मंच के साथ बैठक हुई। जिसमें ट्रस्ट की सचिव हलिमा एजाज ने किशोरियों के बीच चर्चा करते हुए कहा कि इस वर्ष ट्रस्ट द्वारा हिंसा के खिलाफ हम सब की आवाज पर 16 दिवसीय अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत 25 नवंबर से होगा, जिसका समापन 10 दिसंबर तक चलेगा। जिसमें किशोरियों के बीच फुटबॉल, निबंध लेखन एवं चित्रांकन, नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत एवं नृत्य कला प्रतियोगिता का आयोजन होना है। इसमें उत्तम प्रदर्शन करने वाले किशोरियों को संस्था की ओर से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, हलिमा एजाज ने कहा कि किशोरियां अभियान में भाग लेने के लिए काफी उत्साहित हैं। वहीं संस्था के जनक व बाल कल्याण समिति बोकारो के चेयरपर्सन शंकर रवानी ने कहा कि हिंसा मुक्त समाज का निर्माण से आदर्श समाज का निर्माण किया जा सकता है, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट विगत 10 वर्षो से लिंग भेदभाव एवं हिंसा को समाप्त करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने अभियान को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर सोनी कुमारी, रूपाली कुमारी, ज्योति, शोभा, रेणु, अंजली, गुड्डी, मोनिका, सुजाता, लखी, अंजू, रानी, ज्योति, अनीशा, प्रवीण, पायल, माही, जिया, मेनका, प्रमिला, गंगा यमुना, खुशी आदि ने निबंध एवं लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के विनोद महतो, नईमुद्दीन अंसारी, पूजा कुमारी एवं माला देवी उपस्थित थीं।

## चिरकुंडा नगर परिषद में भ्रष्टाचार को लेकर राजद का धरना



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जन-जागरण अभियान यात्रा के तहत चिरकुंडा नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर रविवार को राजद की ओर से चिरकुंडा शहीद चौक के समीप धरना प्रदर्शन किया गया। अपने संबोधन में राजद समर्थित नगर अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी सुनिता सिंह ने कहा कि नगर परिषद में भ्रष्टाचार चरम पर है। क्षेत्र के तीन चौक चौराहे शहीद चौक, नेहरू रोड चौक व अंबेडकर चौक में एक करोड़ रुपये की लागत से सौदर्यीकरण किया गया, केवल नाम मात्र का है। शहीद चौक में सुंदरीकरण के नाम पर शहीदों के सर से छत तक छीन लिया गया। जरूरतमंद लाभुकों को सही रूप से प्रधानमंत्री आवास तक नहीं मिला। होल्डिंग टैक्स तो बढ़ा दी गई है पर जन सुविधा नदारद है मुख्य सड़क वार्डों में नाला की निकासी नहीं होने से सड़क पर गंदा पानी बहता है। स्टेडियम के नाम पर सरकारी भूमि का सौदा किया गया। 10 सालों में विकास कार्यों में केवल करोड़ों का घोटाला हुआ है जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। मौके पर सुनीता सिंह, बिट्टू मिश्रा, हरेराम यादव, उपेंद्र यादव, मक्केश्वर यादव, भीम साहब, संतोष यादव, नौशाद खान, मोहन यादव, बादशाह खान, सोनू खान और फरहान साहब आदि थे।

### आरोप : कोयला चोरी में बीसीसीएल प्रबंधन और सीआइएसएफ के जवान ही शामिल

# गोली चलाने वाले सीआइएसएफ जवानों पर दर्ज होगा हत्या का मामला: बन्ना गुप्ता

**बाघमारा की घटना को बताया दुखद, नफरती सोच रखने वाली पार्टियों को भारत जोड़ो यात्रा ने दिया है करारा जवाब**

आजाद सिपाही संवाददाता



पत्रकारों के सवालों का जवाब देते राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता।

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के शालीमार फुटबॉल मैदान स्थित कांग्रेस प्रदेश कमेटी के सदस्य शमशेर आलम कि बेटी बरखा आलम व दामाद मो अजरुद्दीन को आशीर्वाद देने रविवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी पहुंचे थे। उन्होंने बाघमारा की घटना को लेकर कहा कि सीआइएसएफ और बीसीसीएल प्रबंधन कोयला की चोरी सुनियोजित तरीके से करवा रहे हैं। वहीं, गरीब परिवार के चार युवकों को बाघमारा में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। कुछ घायलों का इलाजरत कराया जा रहा है। जवानों पर हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा। प्रदेश की पुलिस विधि व्यवस्था बनाने में लगी हुई है। वहीं कोयला चोरी रोकने का काम सीआइएसएफ का है जो पूरी तरह से विफल हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने केंद सरकार पर हमला करते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियां बालू, गिट्टी का मामला बता रही है। जिसमें एक हजार करोड़ वसूली की बात कर रही हैं। दूसरी ओर राष्ट्रीय संपति कोयला करोड़ो रुपए की चोरी हो रही है, उस पर ध्यान नहीं है। नफरती सोच रखने वाले पार्टियो को जवाब देने के लिए राहुल गांधी पूरे देश में भारत जोड़ो यात्रा निकाल कर करारा जवाब दिया है। कहा कि जेलगोड़ा के रहने वाले अमर गोप हत्या कांड में पुलिस जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजे। इस मौके पर इम्तियाज अली, मिस्टर आलम, रुस्तम आलम, बीरेंद्र गुप्ता, मो जाहिर अंसारी, आसिफ रजा, राजू नोनिया, गणेश साव, एकराम कुरैशी आदि।

## जलापूर्ति सामान्य होने में लगेगा दो-तीन दिनों का समय

**धनबाद (आजाद सिपाही)। झरिया को लोगों को अभी भी कुछ दिनों तक आंशिक जलापूर्ति का सामना करना पड़ेगा। जामाडोवा स्थित झमाडा के नौ एमडीजी के क्लियर फाड़ टंकी का सफाई कार्य पूरा नहीं हो पाया है। कर्मियों के अनुसार काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। अगले दो-तीन दिनों में काम पूरा और जलापूर्ति सामान्य हो जाएगा। अभी झरिया ही नहीं पूरे क्षेत्र में आंशिक जलापूर्ति पर ही लोगों को गुजर बसर करना होगा। बतातें चलें कि करीब छह लाख की आबादी झमाडा की जलापूर्ति पर निर्भर है। पुटकी, कतरास और झरिया में जामाडोवा से जल की आपूर्ति की जाती है।**

## फाइलेरिया ग्रसित दो दर्जन लोगों को किया चिन्हित, दवा लेने की सलाह

**जयरामपुर कोलियरी पहुंची विश्व स्वास्थ्य संगठन की तीन सदस्यीय टीम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) जिनेवा की ओर से झारखंड समेत पांच राज्यों में फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों को चिन्हित किया जा रहा है। इसके लिए डब्ल्यूएचओ से फाइलेरिया रोकथाम अभियान के प्रमुख जॉनाथन किंग को पूरे अभियान का जिम्मा सौपा गया है। इसी अभियान के तहत तीन सदस्यीय टीम ने रविवार को झरिया के जयरामपुर कोलियरी क्षेत्र का दौरा कर दो दर्जन लोगों को चिन्हित किया। लोगों से जनसंपर्क कर जॉनाथन किंग ने आग्रह किया कि इस बीमारी को छिपाने का प्रयास ना करे। इसके लिए सरकारी अस्पताल में डॉक्टर से सलाह लेकर दवा लें। इस अभियान में भारत के स्वास्थ्य संगठन से जुड़े सदस्य भी शामिल थे वहीं दौरे के दौरान धनबाद के सिविल सर्जन डॉक आलोक विश्वकर्मा, डॉ अवधेश, डॉ पंकज शरण के अलावा बीसीसीएल के स्थानीय डॉक्टर एसके मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## टीटीपीएस के विस्तारीकरण के लिए मुख्यमंत्री गंभीर : योगेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**ललपनिया।** झारखंड राज्य समन्वय समिति सह मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो रविवार को ललपनिया स्थित तेनुघाट विद्युत मजदूर यूनियन कार्यालय पहुंचे। सरकार में मंत्री का दर्जा मिलने पर यूनियन की ओर से आयोजित स्वागत व अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। पदाधिकारियों, सदस्यों और ग्रामीणों ने मंत्री योगेंद्र महतो का गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। वहीं, बालिकाओं के दल ने स्वागत में पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। यूनियन के महामंत्री बबूली सोरेन, पार्टी प्रखंड सह 20 सूत्री अध्यक्ष लुदु मांझी, सचिव बुधन सोरेन, मुखिया बबलू हेंब्रम, हरीश नारायण तिवारी और महिला समिति ने बुके भेंटकर मंत्री योगेंद्र महतो का स्वागत और अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो सम्मान और पद मुझे दिया है, उसका श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं और गोमिया की जनता को जाता है। जिस अपेक्षा और विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है उसपर खरा उतरने का पूरा प्रयास रहेगा। हमसभी को सामंजस्य के साथ काम करते हुए आगे बढ़ना है। टीटीपीएस के विस्तारीकरण के लिए मुख्यमंत्री जी गंभीर हैं। वहीं, मंत्री ने बाबा तिलका मांझी की प्रतिमापर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर जिला संगठन सचिव मितोन सोरेन, श्यामदेव सोरेन, मंझला मांझी, सतिशचंद्र मुर्मू, बालचंद बास्के, एतोराम किस्कू, सुखराम बेसरा, उपमुखिया याकूब अंसारी, राम प्रसाद सोरेन, सुशील मांझी, अंजन हेंब्रम, आशा मुर्मू, दिनेश मुर्मू, अनिल हांसदा, मेघराय मुर्मू, प्रभात कुमार, दीपक मरांडी, राजेश मुर्मू, कबीर अंसारी, वाहिद अंसारी, सुभानी अंसारी, जियाउल हक, जलालुद्दीन, रफीक, सुरेश कुमार टुडू, अनिल, कामेश्वर, तुलसी महतो आदि उपस्थित थे।

## जिला परिषद बोर्ड की बैठक आज

**धनबाद (आजाद सिपाही)। जिला परिषद बोड की बैठक सोमवार को होगी। जिला सभागार में आयोजित होने वाली बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिन्हा करेंगीं। बैठक के लिए एजेंडा तैयार कर सभी सदस्यों को उपलब्ध भी करा दिया गया है। प्रस्तावित बैठक में जिला परिषद से सदस्यों को डीजल की सुविधा देने, जिला परिसद की आय बढ़ाने के उपाय पर भी विचार किया जाएगा। साथ ही काम में कोताही बरतने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई करने, जिला परिषद से संबंधित योजनाओं की शिलापट्ट पर सदस्यों के नाम भी अंकित करने, जिला परिषद की परिसंपत्तियों का ब्योरा भी सभी सदस्यों को उपलब्ध कराने, गोविंदपुर प्रखंड में स्थित रेजली बांध का सौंदर्यीकरण करने सहित कुल 18 प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी।**

### तेनुघाट जेल में कैदियों के लिए लगा जेल अदालत व जागरूकता शिविर

# जेल से अच्छा इंसान बनकर बाहर निकलें : एसीजेएम

**सजा पूरी होने पर एक कैदी को दी गई रिहाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



बंदियों के बीच आयोजित जेल अदालत व जागरूकता शिविर में मौजूद एसीजेएम व अन्य।

**तेनुघाट।** सुप्रीम कोर्ट, झारखंड हाई कोर्ट और बोकारो जिला के प्रधान जज रंजना अस्थाना के निर्देश पर तेनुघाट जेल में रविवार को जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम विशाल गौरव ने की। इसमें एक बंदी अर्जुन साव उर्फ टार्जन साव के बंदी आवेदन पर सुनवाई करते हुए उसके सजा की अवधि पूरी हो जाने के बाद जेल से रिहा किया गया। बताते चलें कि टार्जन साव के विरुद्ध आइएल थाना में वर्ष 2013 में चोरी का मामला दर्ज कराया गया था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया और पिछले छह महीने 20 दिन तक वह जेल में रहा। उस आधार पर एसीजेएम विशाल गौरव की अदालत से जेल की अवधि पूरा हो जाने के बाद टार्जन साव को रिहा किया। वहीं जेल में बंदियों को जागरूकता शिविर में ऐसीजेएम विशाल गौरव द्वारा कानूनी की जानकारियां दी गई। बताया गया कि आप जेल में जो अपराध करके आए हैं वह या तो आवेश में हो गया है या फिर आपने गलतफहमी से यह काम किया है। इसलिए आप जेल में रहकर खुद उस पर विचार करते हुए सुधार कर अपने आप को जेल से बाहर निकाले। ताकि आपके घर एवं परिवार भी आपसे खुश रहे। अधिवक्ता रितेश जयसवाल ने भी बंदियों को कानून की जानकारियां दी। अधिवक्ता सुभाष कटारिया ने स्वागत भाषण एव मंच संचालन और जेलर नीरज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर भागीरथ कुमार और विजय कुमार आदि मौजूद थे।

## शिक्षा, बिजली व पानी की व्यवस्था करना होगी पहली प्राथमिकता : गौरी रानी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** नगर निगम चुनाव की घोषणा अभी बाकी है। लेकिन तमाम प्रत्याशी अभी से ही चुनाव की तैयारियों में जुट गए है। रांची में पहले पत्रकार रह चुकी गौरी रानी रविवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर मेयर प्रत्याशी उम्मीदवार के रूप में चुनाव में खड़े होने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनके लिए चास नया नहीं है। भले वह राजनीति में नई है, लेकिन वह आने भाई भोलू पासवान के अधूरे कार्यो को पूरा करेंगी।

उन्होंने कहा कि जन हित के मुद्दों को बतौर पत्रकार उठाती रहीं है, लेकिन अब चुनाव मैदान में है तो उन सब काम को पूरा करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि अगर जनता उन्हें आशीर्वाद देती है तो वह चास में शिक्षा व्यवस्था के साथ साथ बिजली और पानी की समस्याओं को दूर करेंगी।

वहीं, भोलू पासवान ने कहा कि मेयर रहते पांच वर्षों में मैंने जो कार्य किए वह किसी से छिपा नहीं है। स्वच्छता सर्वेक्षण में चास पहले स्थान पर आया। जनता से किए वादे पूरे किए। मेरी बहन चुनाव जीतती है तो चास में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। वहीं, जिला प्रशासन भी चुनाव को लेकर सक्रिय है। इस बार चुनाव आयोग ने चास नगर निगम को महिला आरक्षित सीट घोषित किया है। इस वजह से महिला उम्मीदवारों में उत्साह देखा जा रहा।

## विधायक डॉ लंबोदर महतो ने चाहरदीवारी मरम्मती योजना का किया भूमिपूजन



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के स्वांग उतरी पंचायत में रविवार को झारखंड सरकार एनआरईपी बोकारो ईकाई की ओर से जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से 13 लाख 79 हजार 636 रुपए की स्वीकृत राशि से होने वाली मध्य विद्यालय स्वांग पुराना माइनर्स के चाहरदीवारी की मरम्मती योजना का भूमि पूजन रविवार को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने किया। इस मौके पर स्वांग उतरी के मुखिया विनोद कुमार, पंसस धनेश्वरी देवी, आजसू नेता राजेश विश्वकर्मा एवं बबलू तिवारी उपस्थित थे।

## कसमार प्रखंड भाजपा 23 नवंबर को जिला मुख्यालय पर करेगा धरना-प्रदर्शन



**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** भाजपा कसमार प्रखंड कार्यालय में रविवार को भाजपाइयों की बैठक हुई। जिसमें बोकारो जिला उपाध्यक्ष सह कसमार प्रभारी अनिल स्वर्णकार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता कसमार प्रखंड भाजपा उपाध्यक्ष भवानी प्रसाद मुखर्जी और संचालन प्रखंड महामंत्री परमेश्वर नायक ने किया। बैठक में 23 नवंबर को जिले में धरना प्रदर्शन में कसमार प्रखंड से अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता को लेकर चर्चा की गई। साथ ही लोगों से बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भाजपा कसमार प्रखंड से बाइक जुलूस के साथ विभिन्न गाड़ियों में करीब 200 लोग बोकारो पहुंचेंगे। इस मौके पर अनीश जयसवाल, राजेश्वर महतो, महामंत्री परमेश्वर नायक, आनंद महतो, कोषाध्यक्ष रामलाल ठाकुर, युवा प्रखंड मोर्चा के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, महामंत्री मदन महतो, उपाध्यक्ष विश्वजीत मिश्रा, एससी मोर्चा अध्यक्ष सुरेश कालिंदी, भाजपा के वरिष्ठ शैलेंद्र भूषण शर्मा, प्रताप सिंह, रफीक अंसारी, जागेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## केंदुआ में सामूहिक विवाह में 21 निर्धन जोड़ों का हुआ निकास



**स्वास्थ्य मंत्री और जामताड़ा विधायक ने नव विवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एक ओर समाज में जिस प्रकार दहेज जैसी कृतियों को शान समझा जाता है। वहीं आज भी ऐसे समाजसेवी और संस्था है जो इन सब से ऊपर उठकर गरीब और निर्धन परिवार के लोगों के बेटे-बेटियां की सामूहिक शादी कराकर पुण्य के भागी बन रहे हैं। रविवार को एक ऐसा ही सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन की ओर से केंदुआ 4 नंबर ईदगाह मैदान में किया गया। यहां निर्धन मुस्लिम परिवार के 21 जोड़ों की सामूहिक रूप से शादी कराई गई। सामूहिक बारात भी निकली और ढोल नगाड़े भी बजे। शहनाईयों की गूंज के बीच 21 जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी भी पहुंचे थे। अपने संबोधन में मंत्री ने आयोजकों को बधाई और भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों को लेकर शुभकामनाएं दी। कहा कि ऐसे पुण्य के काम हर जिले और हर प्रखंड में आयोजित होने चाहिए। वहीं स्थानीय लोगों ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से भी मंत्री को अवगत कराया जिस पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने उन समस्याओं के निदान के लिए आश्वस्त किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष हाजी गुलाम ख्वाजा के अनुसार सामूहिक विवाह में नव दंपत्ति जोड़ों को दिनचर्या में इस्तेमाल की जाने वाले प्रमुख सामान सौगात के रुप में भेंट किये गए ताकि नव दंपत्तियों को नए वैवाहिक जीवन शुरू करने में कोई परेशानी न हो। इस कार्य में केंदुआ नंबर 4 के सदर मो कलाम, फाउंडेशन के सदस्य मो जमीर, मंजर अंसारी, जावेद आलम, समाजसेवी मुनव्वर हुसैन, डॉ रिजवान, गुलाम अहमद रजा उर्फ राजन, मुमताज आलम, कलामुद्दीन, मो निजाम, मिस्टर, शमशाद, बदरुद्दीन, सनाउल, वकार आदि सक्रिय रहे।

# दलबदलू पदाधिकारियों का भी कटेगा टिकट

## केंद्र सरकार दल-बदल कानून में बदलाव की तैयारी में

### कई राजनीतिक दलों ने सहमति जतायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार दल-बदल कानून में जल्द नया प्रावधान जोड़ने जा रही है। अब इस कानून के दायरे में रजिस्टर्ड पार्टियों पदाधिकारियों को शामिल किया जायेगा, भले ही वे निर्वाचित प्रतिनिधि न हों। अगर पार्टी पदाधिकारी चुनाव के वक्त दल बदलते हैं तो वे अगले पांच साल चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। सूत्रों के मुताबिक कानून मंत्रालय आगामी बजट सत्र के दौरान यह संशोधन लाने की तैयारी में है। दल-बदल कानून में संशोधन का मकसद चुनाव के वक्त पार्टी बदल कर टिकट पाने की परिपाटी पर अंकुश लगाना है। कानून मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार मान्यता प्राप्त नेशनल और रीजनल पार्टी चुनाव के वक्त दल-बदल को लेकर चिंता जताते रहे हैं। पार्टियों का कहना है कि यह खरीद-फरोख्त के साथ ही स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के खिलाफ है। भय या लालच की वजह से पार्टी बदलने की परंपरा कुछ सालों में बढ़ी है।

**छह महीने से कम समय बचने पर पार्टी नहीं बदल सकेंगे पदाधिकारी :** अब कानून मंत्रालय ऐसा प्रावधान करने जा रहा है जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी विधानसभा या लोकसभा का कार्यकाल समाप्त होने में छह महीने से कम समय बचने पर पार्टी नहीं बदल सकेंगे। कानून में संशोधन होने के बाद यदि कोई पदाधिकारी ऐसा करता है तो 5 साल किसी दूसरी पार्टी के सिंबल पर चुनाव नहीं लड़ सकेगा। हालांकि, निर्दलीय चुनाव लड़ने की छूट रहेगी। गौरतलब है कि राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की सूची निर्वाचन आयोग के पास रहती है। किसी का पद बदला जाता है तो उसकी सूचना आयोग को दी जाती है। यदि कोई चुनाव के समय पार्टी बदलेगा तो पार्टी की सूचना पर आयोग उसके चुनाव लड़ने पर रोक लगा देगा।

**बगावत से सभी दल परेशान :** सभी दलों को चुनाव के दौरान बागी उम्मीदवारों से परेशानी होती है। कई बार टिकट न मिलने पर पदाधिकारी और निर्वाचित प्रतिनिधि दूसरे दल में चले जाते हैं। ऐसे में कई पार्टियों ने दल-बदल कानून में बदलाव की मांग की है।

**दल-बदल कानून क्या है?**
1967 में हरियाणा के विधायक गया लाल ने एक दिन में तीन बार पार्टी बदली। उसके बाद से राजनीति में आया राम गया राम की कहावत मशहूर हो गई। पद और पैसे के लालच में होने वाले दल-बदल को रोकने के लिए राजीव गांधी सरकार 1985 में दल-बदल कानून लेकर आई। इसमें कहा गया कि अगर कोई विधायक या सांसद अपनी मर्जी से पार्टी की सदस्यता छोड़कर दूसरी पार्टी ज्वॉइन कर लेता है तो वो दल-बदल कानून के तहत सदन से उसकी सदस्यता जा सकती है। अगर कोई सदस्य सदन में किसी मुद्दे पर मतदान के समय अपनी पार्टी के व्हिप का पालन नहीं करता है, तब भी उसकी सदस्यता जा सकती है।

# एनटीपीसी स्वयंसिद्ध महिला क्लब ने बाल आश्रय गृह को आवश्यक खाद्य सामग्री दी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर/रांची।** स्वस्थ जीवन के लिए अच्छा पोषण महत्वपूर्ण है। इस नेक सोच के साथ, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने सीएसआर पहल के तहत तुपुदाना, रांची में आशा बाल आश्रय गृह के जरूरतमंद बच्चों को आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित की।

इस अवसर पर महुआ मजूमदार, अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने आश्रय गृह के बच्चों और पदाधिकारियों के साथ बातचीत करते हुए स्वस्थ रहने के लिए अपने दैनिक आहार में पोषक तत्वों को शामिल करने पर जोर दिया और विशेष रूप से बच्चों के विकास के लिए यह आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लेडीज क्लब अपनी विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से नियमित रूप से जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

इस अवसर पर उपस्थित श्रीनिवास के मूर्ति, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय समाज के जरूरतमंद समुदाय को हर संभव मदद करने का इच्छुक है। महिला क्लब और उसके सदस्यों ने वितरण के माध्यम से उचित पोषण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए खाद्य सामग्री जैसे चावल, दाल, वनस्पति तेल, दालें, स्वास्थ्य पेय, अंडे, फल आदि वितरित किये।

क्लब के प्रत्येक सदस्य की उदारता और स्वैच्छिक योगदान ने इस कार्यक्रम को विशेष बना दिया। महिला क्लब की पहल की लाभार्थियों ने सराहना की। इस अवसर पर लेडीज क्लब की वरिष्ठ कमेटी सदस्य लक्ष्मी मूर्ति, किरण दुबे, कबिता सामल, स्निग्धा मांझी, मनसा वर्मा और अपूर्वा द्विवेदी उपस्थित थीं।

# पेरतोल बनी 17वीं चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट की चैंपियन





चैंपियन टीम को पुरस्कार देते केके सोन और गोल्डेन बूट के रूप में तौहिद को दी गयी स्मार्ट टीवी। जशपरिया बीएड कॉलेज के संस्थापक जैलेंद्र कुमार ने रनर ट्रॉफी और चेक सौंपा।

### गोल्डेन बूट रहे पेरतोल के तौहिद को मिली स्मार्ट टीवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** राजेंद्र यूनाइटेड गेतलसूद द्वारा आयोजित 17वीं चैंपियंस ट्रॉफी फूटबॉल टूर्नामेंट को केपीएल पेरतोल की टीम ने जीत लिया। रविवार को गेतलसूद फुटबाल मैदान में खेले गये रोमांचक फाइनल मैच में पेरतोल ने हेहल को 3-1 से हराया। पेरतोल की ओर से तौहिद आलम ने दो गोल व सचिन ने एक गोल किया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के भू-राजस्व सचिव व आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक केके सोन ने किया। इस मौके पर केके सोन ने कहा कि फुटबाल के सिद्धांत को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। हमें हमेशा खिलाड़ी की तरह जीवन जीने एवं सोचने की जरूरत है।

इससे पूर्व फाइनल मैच का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन एवं जशपरिया बीएड कॉलेज के संस्थापक जैलेंद्र कुमार ने की। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा एवं संचालन सचिव अनिल कुमार चौधरी ने की। इस मौके पर राजेंद्र यूनाइटेड के महाप्रबंधक सागर साहू, कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, प्रबंधक संतोष कुमार सिन्हा, पारसनाथ भोगता, ग्रामप्रधान रंथा महली, रामानंद बेदिया, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुण्डा, पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी, मास के संस्थापक विजय भरत, समाजसेवी अजय साहू, डॉ बिरसा उरांव, भाजपा नेता राजेंद्र मुण्डा, संजय नायक, शिवदास गोस्वामी, शंकर बैठा, सौरव कुमार, राजेश लोहरा, वीरेन्द्र सिंह भोगता उपस्थित थे।

### डेढ़ लाख नकद और ट्रैकशूट दिया गया

विजेता टीम पेरतोल को चैंपियन ट्रॉफी के अलावा डेढ़ लाख रुपया नकद, ट्रैकशूट, उपविजेता टीम हेहल को ट्रॉफी, एक लाख नकद, ट्रेकशूट व सेमीफाइनल में पहुंची इंडियन वारियर व गाड़ीहोटवार की टीम को 25-25 हजार नकद पुरस्कार दिया गया। समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सालहन निवासी डॉ रिझू नायक को महेंद्र महतो पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिषेक वस्त्रालय गोंदलीपोखर की ओर से तौहिद आलम को गोल्डेन बूट के रूप में स्मार्ट टीवी दी गयी। प्लेयर आफ मैच का पुरस्कार गोलकीपर साजिद को दिया गया।

# श्रीमंदिर के गर्भगृह की फोटो वायरल, थाना में एफआइआर



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पुरी श्रीमंदिर के गर्भगृह का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल को लेकर थाने में एफआइआर किया गया है। श्रीमंदिर प्रशासन की ओर से इसकी जानकारी सिंहद्वारा थाने में दी गयी। श्री मंदिर सुरक्षा प्रशासक वी चंद्रशेखर राव ने एफआइआर दिया है। आकाश चौधरी किस परिस्थिति में फेसबुक पर फटो वीडियो वायरल किया। इस एफआइआर में जांच और कार्रवाई की मांग की गयी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक आकाश चौधरी नाम के शख्स ने अपने फेसबुक अकाउंट पर श्रीमंदिर के गर्भगृह की तस्वीर को वायरल कर दिया। इसके बाद विवाद हो गया। विभिन्न महल से कार्रवाई की मांग की गयी थी। इसी कड़ी में रविवार को श्रीमंदिर के प्रशासक वी चंद्रशेखर राव ने सिंहद्वार थाने में एफआइआर दिया।

# राज्यपाल ने भुवनेश्वर में एकाम्र बाटिका' का उद्घाटन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** हर बच्चा अनोखा होता है। उसे खुद होने दो। वे किसी की नकल न करें। राज्यपाल प्रो गणेशी लाल ने बच्चों में अनंत क्षमता और सामर्थ के प्रकट होने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की सलाह दी। राज्यपाल प्रोफेसर लाल ने रविवार को खारबेलनगर में एक शैक्षणिक संस्थान 'एकाम्र बाटिका' को उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रकृति से दूर जीवन कई समस्याओं का कारण है। इसलिए राज्यपाल ने कहा कि बच्चों को प्रकृति से जोड़े रखना शिक्षा व्यवस्था का मुख्य दृष्टिकोण होना चाहिए। प्रख्यात शिक्षाविद् शशांक वीरा ने प्राथमिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर बल दिया। एकाम्र बटिका की चेयरपर्सन मेघना सिंहदेव ने शिक्षण संस्थान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अनंग उदय सिंहदेव सहित कई बुद्धिजीवी और शिक्षाविद मौजूद थे।




### किट डीयू के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 100 से अधिक कुलपति शामिल

# एनइपी को एक बच्चे को एक अच्छे इंसान के रूप में आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए : प्रो गणेशी लाल

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** देश भर के 300 सिद्धांतों के साथ आइआइटी, आइआइएम और एनआइटी के 100 से अधिक कुलपति और निदेशक राष्ट्रीय शिक्षा पर चर्चा करने के लिए अपने रोप्य जयंती समारोह के साथ किट डीयू द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन नीति (एनइपी) 2020 और इसका कार्यान्वयन के लिए रविवार को एकत्रित हुए। 'सद्भाव और शांति के साथ मानवता के निर्माण के लिए शिक्षा' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन ओड़िशा के राज्यपाल प्रो गणेशी लाल ने किया। उन्होंने कहा कि एनइपी को एक बच्चे को एक अच्छे इंसान के रूप में आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए, जो समाज में उच्च नैतिक मूल्यों को कायम रखता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों के अच्छे गुणों के लिए उनकी प्रशंसा करें और उन्हें बच्चों को दूसरों की नकल करने के लिए कहने के बजाय उन गुणों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करें। उत्कल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सबिता आचार्य ने कहा कि मानव विकास के लिए एनईपी महत्वपूर्ण है। नयी एनइपी वास्तव में दूरंदेशी नीति है, जो नयी पीढ़ी और राष्ट्र की सामूहिक आकांक्षाओं को संबोधित करती है। यह पहुंच, इक्विटी, जवाबदेही और गुणवत्ता पर केंद्रित है। इसके अलावा यह सकल नामांकन अनुपात को बढ़ाने और पाठ्यक्रम और सह-पाठयक्रम गतिविधियों के बीच की सीमा को दूर करने का प्रयास करता है।

किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने दो कमरे के किराए के आवास से देश के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों में से एक में विश्वविद्यालय के उल्कापिंड के उदय के बारे में एक भावनात्मक भाषण दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षाविदों से उनकी मुलाकात 25 वर्षों की छोटी सी अवधि में किट की अभूतपूर्व सफलता मिली है।

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर की कुलपति पूनम सक्सेना ने सभी के लिए शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। शिक्षा का मूल्य समाज के सभी वर्गों द्वारा महसूस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विविध देश में शिक्षा ही एकमात्र ऐसी चीज है, जहां हर 100-200 किलोमीटर पर भाषा, कपड़ा और खाने की आदतें बदल जाती हैं।

आइआइएम नागपुर के निदेशक प्रो भीमारया मेत्री ने पिछले 25 वर्षों के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए किट की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पहले ही एनइपी में उल्लिखित कई आदेशों को पूरा कर चुका है, जैसे कि ट्रांस-डिसिप्लिनरी शिक्षा की पेशकश और किस के माध्यम से शिक्षा को सर्व-समावेशी बनाना जो गरीब आदिवासी छात्रों को मुफ्त में शिक्षण प्रदान करता है।

किट की कुलपति प्रो सस्मिता सामंत ने किट को देश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय और दुनिया में सीखने के प्रमुख केंद्रों में से एक में बदलने की ओर इशारा किया। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश के केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो टीवी कट्टिमणि ने राज्यपाल को उनके द्वारा लिखित एनइपी पर एक पुस्तक भेंट की।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| * Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | * Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| * Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | * Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| * Mathematics Practical | ₹ 60 | * Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| * Science Practical | ₹ 60 | * English Grammar– I | ₹ 60 |
| * S. Science Practical | ₹ 60 | * Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |
| * Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | | |
| * English Grammar– I | ₹ 60 | | |
| * Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer



Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar,
Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School,
Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र



पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY



Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**